CMYK

अधिकतम :38°C
न्यूनतम: 21°C
तापमान

सेंसेक्स 73,137.90
निफ्टी 22,161.60

सोना 91,360
चांदी 94,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 8 अप्रैल 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 86 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 9 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**सऊदी अरब ने हज से पहले लगाई बड़ी पाबंदी**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**इशांत शर्मा पर आईपीएल आचार संहिता उल्लंघन में लगा जुर्माना**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# देश में अगले 11 दिन पड़ेगी भीषण गर्मी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राजस्थान में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। 14 जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। रविवार को बाड़मेर -जैसलमेर में पारा 45 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। पिछले 26 साल में बाड़मेर में अप्रैल के पहले हफ्ते में यह सबसे ज्यादा तापमान रहा। अगले कुछ दिन गर्मी से राहत मिलने की संभावना नहीं है।

मध्य प्रदेश में भी भीषण गर्मी ने समय से पहले ही दस्तक दे दी है। रविवार को भोपाल का तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। इस सीजन में यह सबसे ज्यादा है। प्रदेश के 13 जिलों में तापमान 40 से 42.2 डिग्री के बीच रहा। मौसम विभाग ने 11 दिन तक देश के अधिकतर राज्यों में लू चलने और अधिकतम तापमान 40 डिग्री के आसपास रहने अनुमान लगाया है। 10 अप्रैल तक राजस्थान, गुजरात के कुछ जिलों में अधिकतम तापमान 42 डिग्री से ऊपर जा सकता है। उत्तर प्रदेश में इस साल अप्रैल से जून तक तापमान सामान्य से ज्यादा रहने और हीटवेव चलने की आशंका है। दिन का तापमान लगातार 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहने का अनुमान है। रात का तापमान भी सामान्य से ज्यादा रह सकता है।

**बाड़मेर में 26 साल का रिकॉर्ड टूटा, मप्र में हीटवेव**

### दिल्ली में तापमान सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा

बीते दिन दिल्ली का अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 3.1 डिग्री ज्यादा है, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.5 डिग्री कम 18.5 डिग्री सेल्सियस रहा। शहर में सोमवार को हीटवेव चलने और अधिकतम तापमान 41 डिग्री के आसपास रह सकता है। केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, असम, मेघालय और अंडमान-निकोबार में सोमवार को गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। आंध्र और पूर्वोत्तर राज्यों (असम, मेघालय, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, नगालैंड, मणिपुर) के कुछ हिस्सों में ओले भी गिर सकते हैं।

# कुणाल कामरा को बॉम्बे हाईकोर्ट से राहत

मुंबई वार्ता

**महाराष्ट्र के** डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर पैरोडी सॉन्ग मामले में कॉमेडियन कुणाल कामरा को बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को बड़ी राहत दी। कोर्ट ने मुंबई पुलिस की एफआईआर में कामरा को दी गई अंतरिम सुरक्षा को 17 अप्रैल तक बढ़ा दिया है, जो सोमवार को समाप्त होने वाली थी।

इसके अलावा कामरा ने अपने खिलाफ दर्ज मामले को रद्द करने की मांग करते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की है। उन्होंने अपनी याचिका पर सोमवार को तत्काल सुनवाई की मांग की थी। हालांकि, कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई करने से इन्कार कर दिया और मंगलवार, 8 अप्रैल को इस मामले में सुनवाई को मंजूरी दी है। बता दें, कामरा ने 5 अप्रैल को हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसमें दावा किया गया है कि उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर संविधान से उन्हें मिले मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। वहीं, टिकट बुकिंग प्लेटफॉर्म ने शनिवार को कॉमेडियन कुणाल कामरा का नाम अपनी वेबसाइट की आर्टिस्ट्स लिस्ट से हटा दिया था। साथ ही कामरा से जुड़ा सारा कंटेंट भी वेबसाइट से रिमूव कर दिया है। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को कामरा ने अपने शो में गद्दार कहा था।

**17 अप्रैल तक बढ़ाई अंतरिम सुरक्षा, एफआईआर रद्द करने पर आज होगी सुनवाई**

### भारत-नेपाल के सुप्रीम कोर्ट के बीच समझौता

**नई दिल्ली।** भारत और नेपाल के न्यायपालिकाओं के बीच आपसी सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर सोमवार को हस्ताक्षर किए गए। शीर्ष अदालत की ओर से एक बयान जारी कर यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि भारत के उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को दोनों देशों के बीच न्यायिक सहयोग को विकसित करने, बढ़ावा देने और मजबूत करने के लिए नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। बयान के मुताबिक, नेपाल के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रकाश मान सिंह राउत और भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

### दुबई के शहजादे आज भारत यात्रा पर आएंगे

**नई दिल्ली।** दुबई के शहजादे और रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद अल मकतूम मंगलवार से भारत की दो दिन की यात्रा पर आएंगे। दुबई के शहजादे के रूप में शेख हमदान की यह पहली आधिकारिक भारत यात्रा होगी। उनके साथ कई मंत्री, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और एक उच्च स्तरीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल भी होगा। यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर हो रही है। एक बयान में कहा गया है कि मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शहजादे के सम्मान में भोज का आयोजन करेंगे। शहजादे मकतूम विदेश मंत्री एस. जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ भी बैठक करेंगे।

### 12 महिला अधिकारी 'समुद्र प्रदक्षिणा' अभियान पर रवाना

**नई दिल्ली।** सेना, वायुसेना और नौसेना की 12 महिला अधिकारियों का एक दल सोमवार को 55 दिन की मुंबई से सेशेल्स और वापसी यात्रा अभियान समुद्र प्रदक्षिणा पर रवाना हुआ। मुंबई स्थित कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग (सीएमई) के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल एके रमेश ने इस दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान दल आईएएसवी त्रिवेणी पर सवार होकर 4,000 समुद्री मील की चुनौतीपूर्ण यात्रा पूरी करेगा। नारी शक्ति की अदम्य भावना को उजागर करने वाली इस यात्रा का उद्देश्य समुद्री अभियानों में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है।

# चुनावी चंदे से मालामाल हुई भाजपा कांग्रेस की कमाई में 252%की वृद्धि

## 'आप' को लगा जोर का झटका, एडीआर रिपोर्ट में दावा

नई दिल्ली, वार्ता

**केंद्र और देश के** कई राज्यों में सत्तारुढ़ भाजपा की चंदे को लेकर लोकप्रियता बनी हुई है। उसे इस साल 2243 करोड़ रुपये से अधिक का चंदा मिला। फरवरी में दिल्ली चुनाव में शिकस्त का सामना करने वाली आम आदमी पार्टी (आप) को खासा घाटा हुआ है और उसे पिछले साल की तुलना में इस बार 70 फीसदी तक चंदा मिला।

2024 के लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने वाली कांग्रेस को चंदे के मामले में 252 फीसदी की वृद्धि हुई है। चुनाव से संबंधित संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि भारतीय जनता पार्टी को वित्त वर्ष 2023-24 में सबसे अधिक 2,243 करोड़ रुपये से अधिक का चंदा मिला है जो राष्ट्रीय राजनीतक दलों में सबसे अधिक है। एडीआर ने यह रिपोर्ट चुनाव आयोग को सौंपे गए आंकड़ों पर तैयार की है। इन आंकड़ों में राजनीतिक दलों की ओर से 20 हजार रुपये से अधिक के राजनीतिक चंदे की जानकारी दी गई है। एडीआर के अनुसार, राष्ट्रीय दलों को 2,544.



**इस साल भाजपा को 2243 करोड़ रुपये से अधिक का चंदा मिला**

**एडीआर ने यह रिपोर्ट चुनाव आयोग को सौंपे गए आंकड़ों पर तैयार की**

28 करोड़ रुपये की राशि कुल घोषित चंदे के रूप में मिले। ये चंदा कुल 12,547 लोगों की ओर से दिया गया। खास बात यह है कि ये आंकड़ा पिछले साल की तुलना में 199 फीसदी अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय दलों के कुल दान में 1693.84 करोड़ रुपये की वृद्धि देखी गई, जो पिछले वित्त वर्ष 2022-23 से 199. 17 फीसदी अधिक आंकी गई। राष्ट्रीय दलों की ओर से घोषित किए गए चंदे में भाजपा को अकेले दान का कुल हिस्से का 88 फीसदी हिस्सा मिला। कांग्रेस को 1,994 लोगों ने दान दिया और उसे 281.48 करोड़ रुपये चंदे के रूप में मिले। कांग्रेस इस लिस्ट में भाजपा के बाद दूसरे नंबर पर है, लेकिन चंदे के मामले में भगवा पार्टी से काफी नीचे है। अन्य राष्ट्रीय दलों आम आदमी पार्टी (आप), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएम) और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीईपी) ने कम राशि की जानकारी दी, जबकि बसपा की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक एक बार फिर उसे 20,000 रुपये की सीमा से ऊपर कोई दान नहीं मिला। यह पिछले 18 सालों से इसके दाखिल किए गए आंकड़ों के अनुरूप है। इस तरह से बीएसपी को पिछले 18 सालों से 20000 रुपये से ज्यादा के चंदे नहीं मिले। भाजपा को चंदे के रूप में मिलने वाली राशि में लगातार वृद्धि होती जा रही है। उसे वित्त वर्ष 2022-23 में 719.85 करोड़ रुपये मिले जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 2,243.94 करोड़ रुपये हो गया। इस तरह से भाजपा को चंदे के रूप में मिलने वाली राशि में 211.72 फीसदी की वृद्धि हुई। एडीआर की रिपोर्ट में कहा गया है कि इसी तरह, कांग्रेस को मिलने वाला दान वित्त वर्ष 2022-23 में 79.92 करोड़ रुपये था जबकि यह वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 281.48 करोड़ रुपये हो गया। इस तरह से कांग्रेस को मिलने वाले चंदे में 252.18 फीसदी की वृद्धि दिख रही है। हालांकि 'आप' को चंदे के मामले में खासा नुकसान हुआ है। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में आप की ओर से घोषित दान में 70.18फीसदी यानी 26.038 करोड़ रुपये की कमी आई है।

# वक्फ कानून की 'किस्मत' का फैसला करेगा सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह 'वक्फ (संशोधन) अधिनियम-2025' की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर समय रहते विचार करेगा।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना तथा न्यायाधीश संजय कुमार और के वी विश्वनाथन की पीठ ने कुछ याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और एएम सिंघवी के शीघ्र सुनवाई के लिए 'तत्काल उल्लेख' किए जाने के बाद समय रहते याचिका पर विचार करने पर सहमति व्यक्त की। संसद के दोनों सदनों में संबंधित विधेयक पास होने के बाद पांच अप्रैल को नए कानून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिल गई। वक्फ (संशोधन) विधेयक (संसद के दोनों सदनों में पारित हो गया था, लेकिन तब राष्ट्रपति की मंजूरी नहीं मिली थी) की वैधता को चुनौती देने वाली कई याचिकाएं पहले ही दायर की जा चुकी हैं। याचिकाएं दायर करने वालों में कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन प्रमुख एवं सांसद असदुद्दीन ओवैसी और दिल्ली में

-शेष पृष्ठ दो पर



## यूपी में जो हो रहा, वह गलत, सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सिविल मामलों को आपराधिक मामलों में बदलने पर सोमवार को उत्तर प्रदेश पुलिस की कड़ी आलोचना की और कहा कि इससे पता चलता है कि राज्य में कानून का शासन पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार और केवी विश्वनाथन की पीठ ने एक मामले में आरोपी देबू सिंह और दीपक सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि दीवानी (सिविल) मामले को आपराधिक मामले में बदलना स्वीकार्य नहीं है। सिविल मामलों में पुलिस द्वारा दर्ज मुकदमे को देखते हुए पीठ ने पूछा कि सिर्फ इसलिए कि सिविल मामलों में लंबा समय लगता है, आप मुकदमा दर्ज कर आपराधिक कानून लागू कर देंगे। पीठ ने अधिकारियों के आचरण की आलोचना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में जो हो रहा है वह गलत है। हर रोज सिविल मुकदमों को आपराधिक मामलों में बदला जा रहा है। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह बेतुका है और स्पष्ट किया कि सिर्फ पैसे न देने को अपराध नहीं बनाया जा सकता। पीठ ने राज्य सरकार को चेतावनी दी कि अगर भविष्य में इसी तरह की याचिकाएं दायर की जाती हैं, तो वह हर्जाना लगाएगी। पीठ ने कहा कि वह जांच अधिकारी को गवाह के कठघरे में आने का निर्देश जारी करेगी और अधिकारी गवाह के कठघरे में खड़े होकर -शेष पृष्ठ दो पर

**उप्र में सिविल मामले को आपराधिक मामले में बदलने पर सुप्रीम कोर्ट ने की खिंचाई**

# रसोई गैस सिलेंडर 50 रुपये हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** सरकारी क्षेत्र की तेल वितरण कंपनियों ने रसोई गैस (एलपीजी) के मूल्य में प्रति सिलेंडर 50 रुपये की बढ़ोतरी की है। यह घोषणा केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में की।

श्री पुरी ने कहा कि उज्ज्वला और सामान्य श्रेणी के दोनों ग्राहकों के लिए गैस की कीमत में भी वृद्धि की गई है। कंपनियों के निर्णय के अनुसार सामान्य उपयोगकर्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर का भाव 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगा। उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किग्रा सिलेंडर की कीमत 503 रुपये से बढ़कर 553 रुपये हो जाएगी। श्री पुरी ने कहा कि इन कीमतों की हर 15 दिन पर समीक्षा की जाएगी। सरकार ने सोमवार को पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 2-2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी, लेकिन आम उपभोक्ता पर इस वृद्धि का असर नहीं पड़ेगा।



### आसाराम को 30 जून तक मिली अंतरिम जमानत

**जोधपुर।** नाबालिग से यौन शोषण के मामले में जोधपुर सेंट्रल जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उनकी अंतरिम जमानत को 30 जून तक के लिए बढ़ा दिया है। सोमवार को राजस्थान हाईकोर्ट की डबल बेंच ने इस मामले में सुनवाई की। जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनीत कुमार माथुर की बेंच में आसाराम के अधिवक्ता और सरकारी पक्ष की दलीलें सुनी गईं। आसाराम के वकील निशांत बोडा ने इलाज पूरा करने के लिए जमानत बढ़ाने की अपील की और यह भी कहा कि आसाराम ने किसी शर्त का उल्लंघन नहीं किया है।

### मध्य प्रदेश में ओबीसी को बड़ी राहत 27 प्रतिशत आरक्षण का रास्ता साफ

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश में ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण मिलने का रास्ता साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने यूथ फॉर इक्वलिटी की ओर से दायर याचिका का निपटारा कर दिया है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। कोर्ट ने अपने आदेश में साफ कर दिया है कि ओबीसी आरक्षण को लेकर कोई बाधा नहीं है। ऐसे में प्रदेश में ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण का रास्ता साफ हो गया है। याचिका में अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण देने के राज्य के फैसले को चुनौती दी गई थी। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद सभी 75 याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर किया गया था।

### इंडिगो फ्लाइट में महिला की मौत

**मुंबई।** मुंबई से वाराणसी जा रही इंडिगो एयरलाइंस की एक फ्लाइट में 89 साल की महिला की मौत हो गई। इसके बाद विमान की महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि महिला उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर की रहने वाली थी। उनका नाम सुशीला देवी था। वे मुंबई से फ्लाइट में सवार हुई थीं। उड़ान के दौरान उनकी तबीयत खराब हुई। मेडिकल इमरजेंसी की वजह से 6 अप्रैल रात करीब 10 बजे विमान को चिकलथाना एयरपोर्ट पर उतारा गया। एयरपोर्ट पर मेडिकल टीम ने उनकी जांच की, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। अधिकारी ने बताया कि एमआईडीसी सिडको पुलिस थाने ने जरूरी कार्रवाई पूरी की।




# लैंड फॉर जॉब घोटाले में ईडी को झटका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को लैंड फॉर जॉब कथित घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। अपने फैसले में जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने कहा कि वह दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश में कोई हस्तक्षेप नहीं करना चाहती।

दिल्ली हाईकोर्ट ने पिछले साल अमित कत्याल को जमानत दे दी थी। कोर्ट ने रेलवे में लैंड फॉर जॉब कथित घोटाले से जुड़े मामले में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के करीबी सहयोगी और बिजनेसमैन अमित कत्याल को दी गई जमानत के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। बेंच ने अपने फैसले में कहा कि कोई भी आदमी बड़ा नहीं है। मामले से जुड़े मुख्य लोग गिरफ्तार नहीं किए गए हैं, तो छोटी मछलियों के पीछे ही क्यों पड़ना? क्या आपको उन पर कार्रवाई करने से डर लगता है। साथ ही कोर्ट ने यह सवाल भी किया कि आपने 11 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार क्यों नहीं किया। सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश कानून के अनुसार अनुचित है और इसे खारिज करना चाहिए। हाईकोर्ट ने पिछले साल 17 सितम्बर को अमित कत्याल को जमानत दे दी थी और जांच एजेंसी ईडी की नीति को चुनिंदा तरीके से लोगों पर निशाना साधने वाला बताते हुए उसकी निंदा की थी। ईडी ने कत्याल को 10 नवम्बर, 2023 को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के अलग-अलग प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया था।

**सुप्रीम कोर्ट ने ठुकराई याचिका कहा: दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश में कोई हस्तक्षेप नहीं करना चाहते**



## संक्षिप्त समाचार

### बसपा ने दो पूर्व जिलाध्यक्षों को किया बाहर

**लखनऊ।** यूपी में बसपा ने दो जिलाध्यक्षों को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पार्टी से बाहर किए जाने के पीछे की वजह पार्टी विरोधी गति. विधियों को बताया है। सोमवार को बहुजन समाज पार्टी ने कानपुर शहर के अपने दो पूर्व जिलाध्यक्षों पर कार्रवाई की है। इसमें से एक को कुछ दिन पहले ही जिलाध्यक्ष बनाया गया था और फिर तुरंत बाद ही हटा भी दिया गया था। बसपा के पुराने नेता एक-एक करके पार्टी को छोड़कर दूसरी पार्टियों में जा रहे हैं। कानपुर में मात्र डेढ़ साल के अंदर 8 जिलाध्यक्ष बदले जा चुके हैं। अब पार्टी प्रमुख ने कड़ा कदम उठाते हुए दो पूर्व जिलाध्यक्षों संजय गौतम और आनंद कुरील को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। संजय गौतम को कुछ दिन पहले ही जिलाध्यक्ष बनाया गया था। आनंद कुरील पहले पार्टी में जिलाध्यक्ष का पद संभाल चुके हैं। बहुजन समाज पार्टी के वर्तमान जिलाध्यक्ष कुलदीप कुमार ने बताया कि पाटी ने विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने और अनुशासनहीनता अपनाने के कारण दोनों पूर्व पदा. धिकारियों को पर्टी से निष्कासित कर दिया है।

### माउंट आबू में घुसे भालू, हमले में होटलकर्मी घायल

**माउंट आबू।** राजस्थान में पर्यटन स्थल माउंट आबू में ढुंढाई क्षेत्र में स्थित एक होटल परिसर में रविवार शाम को चार भालुओं के हमले से एक होटलकर्मी घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चार भालुओं का समूह वन क्षेत्र से निकलकर शहरी क्षेत्र में एक होटल के परिसर में घुसकर इधर-उधर घूमने लगा। इसी दौरान होटलकर्मी बूटा सिंह संधू अपने कमरे से होटल की ओर जा रहा था। होटल परिसर में प्रवेश करते ही उसे चार भालू दिखाई दिए। भालुओं की नजर भी संधू पर पड़ गई, जिस पर भालू तुरंत होटलकर्मी संधू की ओर दौड़े। संधू भी उनसे बचने के लिए वहां से भागा, लेकिन भालुओं ने तीव्र गति से दौड़ते हुए होटलकर्मी पर हमला कर दिया, जिससे होटलकर्मी को पैरों एवं कोहनी पर चोटें आईं। संधू के चिल्लाने पर आस पास के लोग एकत्रित हो गए।

### जाधव ने की हरित योग की शुरुआत

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव ने हरित योग की शुरुआत करते हुए कहा है कि यह व्यक्तिगत और भूमंडलीय स्वास्थ्य दोनों को पोषित करता है। जाधव ने सोमवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित एक योग सत्र में कहा कि पिछले 10 वर्षों में योग ने अभूतपूर्व लोकप्रियता हासिल की है और अब यह एक वैश्विक कार्यक्रम बन गया है। उन्होंने छह हजार से अधिक योग प्रेमियों के साथ 'कॉमन योग प्रोटोकॉल' का अभ्यास किया।

### अयोध्या:दुर्गामंदिर के पुजारी की निर्मम हत्या

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश में अयोध्या जिले के इनायतनगर कोतवाली के अन्तर्गत ग्राम सभा डोभियारा गांव स्थित में दुर्गा हनुमान मंदिर के प्रसिद्ध पुजारी बेचन दास यादव की निर्मम हत्या कर दी गई है। पुलिस ने सोमवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि जिले के मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के इनायतनगर कोतवाली के अन्तर्गत शाहगंज चौकी बारुन मार्ग ग्राम सभा डोभियारा गांव स्थित दुर्गा हनुमान मंदिर के प्रसिद्ध पुजारी बेचन दास यादव की निर्मम हत्या कर दी गई है।

# भगवा की आड़ में मुद्दों से ध्यान भटका रही सरकार

**प्रयागराज, वार्ता**



अखिलेश यादव ने योगी पर बोला हमला

रामनवमी पर महाराजा सुहेलदेव सम्मान सुरक्षा मंच के कार्यकर्ताओं ने सालार मसूद गाजी की दरगाह पर भगवा झंडा फहराया। पुलिस के आने पर वे भाग गए। इस घटना पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर हमला बोला और आरोप लगाया कि सरकार मुख्य मुद्दों से ध्यान भटका रही है। दरगाह में हिंदू भी पूजा करते हैं, घटना से क्षेत्र में तनाव है।

अब इस मामले पर सियासी तूफान खड़ा हो गया है। सपा मुखिया और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने राज्य सरकार पर हमला बोला है। अखिलेश यादव ने कहा कि झंडा फहराने वाला सीएम की जाति का है। उसको सरकार, पुलिस, एसपी, कमिश्नर कोई कुछ नहीं बोलेगा। मुख्यमंत्री के इशारे पर सब कुछ किया जा रहा है। सरकार अपनी नाकामी छुपा रहा है। सरकार ऐसी घटनाएं को करवा कर मुख्य मुद्दों से ध्यान भटका रही है। दरअसल, रामनवमी के दिन कुछ युवकों ने गाजी मियां की दरगाह पर जमकर हंगामा किया था। बताया जा रहा है कि जुलूस की शक्ल में कुछ युवक दरगाह पहुंचे और उन्होंने गाजी मियां की दरगाह के गेट पर चढ़कर धार्मिक नारे लगाते हुए भगवा झंडा फहराया। इस मामले की शिकायत तुरंत पुलिस से की गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन उसे महाराजा सुहेलदेव सम्मान सुरक्षा मंच से जुड़े कार्यकर्ता नहीं मिले।

### शेयर मार्केट से सरकार ने जेबें कर दीं खाली: सपा

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शेयर बाजार गिरावट के ताजा घटनाक्रम पर टिप्पणी की है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर अखिलेश ने लिखा कि कन्नौज सांसद ने लिखा कि भाजपा सरकार ने महंगाई और भ्रष्टाचार ही नहीं,अब तो शेयर मार्केट के महापतन से भी देशवासियों की जेबें खाली कर दी है।

### रामजीलाल सुमन को कुछ हुआ, तो योगी जिम्मेदार

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि रामजी लाल सुमन के साथ कोई घटना होती है, तो इसके लिए सीएम योगी खुद जिम्मेदार होंगे। क्योंकि घटना करने वाले लोगों पर सीएम का हाथ है। इस घटना में जाति कनेक्शन है। अखिलेश ने कहा कि सीएम ने हिडन अंडरग्राउंड फोर्स तैयार कर रखी है। इस दौरान उन्होंने सीएम योगी की तुलना हिटलर से की। सपा चीफ ने कहा कि हिटलर ऐसे ही ट्रूपर्स तैयार करता था। सीएम के इशारे पर सीएम, आईएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी और एक अखबार के इशारे पर हमें अपमानित करने का काम किया गया है। राणा सांगा विवाद के मामले में करणी सेना के सदस्यों ने रामजीलाल के घर पर तोड़फोड़ की थी। रामजीलाल सुमन ने राणा सांगा को गद्दार बताया था।

### किसानों की उपेक्षा करती है योगी सरकार

**लखनऊ।** सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में भाजपा नीत सरकार पर निशाना साधते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि टमाटर की पैदावार करने वाले किसान अपनी लागत भी नहीं निकाल पा रहे हैं, जो दिखाता है कि सरका कृषक समुदाय की कितनी उपेक्षा करती है। यादव ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि भाजपाई उत्पादन में नहीं, बल्कि किसी भी चीज को खरीदने-बेचने के काम को बढ़ावा देते हैं, जिससे बीच में कमाया जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि अर्थव्यवस्था और राजनीति दोनों के लिए भाजपा का दृष्टिकोण बिचौलियों के इर्द-गिर्द केंद्रित है।

# सरकार का संकल्प, किसी के साथ नहीं होगा अन्याय: योगी

**गोरखपुर, वार्ता**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिनए सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कि किसी को भी घबराने या परेशान होने की जरूरत नहीं है।

जनता दर्शन के दौरान सोमवार को सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर परिसर में महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद गए और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना और अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीघ्ति व्यक्ति की शिकायत पर सुनिश्चित कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान कराया जाएगा। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोगों की समस्याओं का निस्तारण उनकी सरकार की विशेष प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि उनका समाधान त्वरित और संतुष्टिपरक तरीके से कराना सुनिश्चित कराएं। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं जमीन से जुड़े विवादों में प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची थीं। कुछ की शिकायत थी कि दबंग उनकी जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इन शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जमीन कब्जाने में पेशेवर प्रवृत्ति वालों को भू-माफिया के रूप में चिन्हित कर सख्ती की जाए। किसी भी गरीब की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई करें जो नजीर बने। जमीनी विवादों का समाधान तत्परतापूर्वक इस तरह होना चाहिए जिससे पीड़ित व्यक्ति संतुष्ट दिखे। जनता दर्शन में प्रार्थना पत्रों को अधिका. रियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए।

# वक्फ विधेयक पर नेकां विधायकों का भारी हंगामा

**जम्मू, वार्ता**

नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायकों की ओर से वक्फ (संशोधन) विधेयक-2025 पर चर्चा की मांग को लेकर हंगामा करने के कारण जम्मू-कश्मीर विधानसभा के अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर ने सोमवार को सदन की कार्रवाई दो बार स्थगित कर दी।

राथर ने कहा कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। सोमवार सुबह 12 दिन बाद सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेकां विधायक संसद द्वारा पारित वक्फ (संशोधन) विधेयक-2025 पर चर्चा की मांग को लेकर खड़े हो गए। सत्तारूढ़ पार्टी के विधायकों ने भारतीय जनता पार्टी विरोधी नारे लगाते हुए कहा कि अगर केंद्र द्वारा लाए गए जीएसटी कानून पर जम्मू-कश्मीर विधानसभा में चर्चा की गई, तो मुस्लिम बहुल राज्य में वक्फ विधेयक पर चर्चा क्यों नहीं हो सकती है। सदन की प्रक्रिया और कार्य संच. ालन नियमावली के नियम 58 के उपनियम (7) का हवाला देते हुए राथर ने कहा कि मामला विचाराधीन हो गया है, क्योंकि इसे देश की सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी गई है। उन्होंने नेशनल कांफ्रेंस के विधायकों और शेख खुर्शीद द्वारा लाए गए स्थगन प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। जब

**विस की कार्यवाही दो बार रोकनी पड़ी**

नेकां विधायकों ने सदन में विरोध प्रदर्शन जारी रखा, कागज फाड़े, काले बिल्ले लहराए, तो अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी।

बाद में जब सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई, तो नेकां विधायकों ने भाजपा विरोधी नारेबाजी के बीच विरा. ेध प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने 'वक्फ बिल नामंजूर, काला कानून वापस लो, भाजपा हाय-हाय के नारे लगाते हुए सदन के बीचोबीच आने की कोशिश की, लेकिन मार्शलों ने उन्हें आसन की ओर बढ़ने से रोक दिया। इसके जवाब में भाजपा विधायकों ने भी 'नेकां-कांग्रेस हाय-हाय', 'देश विद्रो. ही एजेंडा नहीं चलेगा' के नारे लगाए। जम्मू-कश्मीर विस के अध्यक्ष ने प्रदर्शनकारी नेकां विधायकों को शांत करने का प्रयास किया और उन्हें अपनी सीटों पर लौटने का निर्देश दिया। नेकां विधायक नजीर गुरेजी ने कहा कि हम केवल वक्फ विधेयक पर चर्चा चाहते हैं, जो हमारे धर्म पर हमला है। सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों के हंगामा करने पर अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 20 मिनट के लिए स्थगित कर दी।

## 50 फीसदी आरक्षण की दीवार तोड़कर फेंक दूंगा

# देश को 10-15 लोग ही चला रहे: राहुल गांधी

**पटना।**



■ सरकारी नौकरियां घटती जा रही हैं, हमें अपनी आवाज बुलंद करनी होगी ताकि सरकार दबाव में आए
■ हम बिहार के कमजोर लोगों के लिए मजबूती से काम करेंगे

राहुल गांधी ने बिहार में कांग्रेस की पलायन रोको, नौकरी दो पदयात्रा में कहा कि मैं 50 फीसदी आरक्षण की इस दीवार को तोड़कर फेंक दूंगा। इस देश को दस-पंद्रह लोग चला रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा कि बिहार में कांग्रेस ने जितना काम करना चाहिए था उतना नहीं किया। पहले बिहार में कांग्रेस के जिलाध्यक्षों में दो तिहाई अपर कास्ट के लोग थे।

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी सोमवार को बिहार के बेगूसराय जिले पहुंचे। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि मेरे परदादा जवाहर लाल नेहरू सच्चाई से मोहब्बत करते थे। जातीय जनगणना एक क्रांतिकारी कदम है। इससे देश की सच्चाई पता चलेगी। इसीलिए इसे भाजपा रोकना चाहती है, लेकिन इसे दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती है। अब हम बिहार के कमजोर लोगों के लिए मजबूती से काम करेंगे। अब हमने टीम बदल दी है। अब दो तिहाई दलित-पिछड़े हैं। रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने कहा कि सरकारी नौकरियां घटती जा रही हैं। हमें अपनी आवाज बुलंद करनी होगी, ताकि सरकार दबाव में आए और बदलाव संभव हो सके।

बता दें कि पदयात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, छात्र और युवा संगठनों के सदस्य पार्टी के झंडे और तख्तियों के साथ सड़कों पर उतरे। उन्होंने रक्षा बलों में रिक्त पदों को भरने और सरकारी नौकरियों में बढ़ोतरी की मांग की। इस साल जनवरी के बाद राहुल गांधी का ये तीसरा बिहार दौरा है। रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने कहा कि सरक. ारी नौकरियां घटती जा रही हैं। हमें अपनी आवाज बुलंद करनी होगी ताकि सरकार दबाव में आए और बदलाव संभव हो सके। लक्ष्य है कि पूरी दुनिया को बिहार के युवाओं की भावना दिखे, उनका संघर्ष दिखे, उनका कष्ट दिखे।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं में चले लात-घूसे

**पटना।** पटना स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को पार्टी के दो गुटों के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के एक समर्थक की कुछ अन्य कार्यकर्ताओं ने पिटाई कर दी। यह हमला पूर्व विधायक अमित कुमार टुन्ना के समर्थकों ने किया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि एक कार्यकर्ता को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। यह घटना उस समय हुई, जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी पटना दौरे पर थे और सदाकत आश्रम स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पार्टी की अहम बैठक ले रहे थे।

### ट्रम्प ने उड़ा दी स्टॉक मार्केट की धज्जियां

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की टैरिफ नीति के कारण भारत के शेयर बाजार के प्रभावित होने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सरकार की आला. ेचना की है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने स्टॉक मार्केट की धज्जियां उड़ा दी हैं। राहुल ने कहा कि आज देश में सच्चाई बोलना मुश्किल है। हम सच्चाई के लिए लड़ रहे हैं, हम सच्चाई से दूर नहीं जा सकते हैं। राहुल ने कहा कि मुझसे सवाल पूछा गया कि आपके परदादा नेहरू जी क्या थे और आपने उनसे क्या सीखा? मैं जहां बैठा था, उस कमरे में नेहरू जी के साथ ही महात्मा गांधी जी की भी तस्वीर थी। वो तस्वीर देखकर मेरे मन में एक ही विचार आया कि ये दोनों लोग सच्चाई से मोहब्बत करते थे।

### सुप्रिया श्रीनेत ने साधा पीएम पर निशाना

बाजार में लगातार हो रही गिरावट पर कांग्रेस नेत्री सुप्रिया श्रीनेत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि धड़ धड़ धड़ करके स्टॉक मार्केट गिर रहा है। 2020 में कोविड के बाद आज सबसे नीचे लेवल पर मार्केट खुला है। 5 मिनट में 19 लाख करोड़ स्वाहा हो गए। छोटे निवेशक यह बर्बादी देख रहे हैं, लेकिन लोगों को लपक लपककर स्टॉक मार्केट्स में पैसा लगाने की टिप्स देने वाले मोदी शाह खामोश क्यों हैं?

### राहुल निर्धारित समय से पहले पटना लौटे

**बेगूसराय।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी बिहार के युवाओं को रोजगार मुहैया कराने में नीतीश सरकार की विफलताओं को उजागर करने और आजीविका की तलाश में होने वाले पलायन पर रोक लगाने के उद्देश्य से जारी 'पलायन रोको नौकरी दो' पदयात्रा में आज बेगूसराय में शामिल हुए। नई दिल्ली से पटना हवाईअड्डा पहुंचने के तुरंत बाद श्री गांधी 'पलायन रो. को नौकरी दो' में हिस्सा लेने के लिए बेगूसराय के लिए रवाना हो गए। उन्होंने बेगूसराय में पद यात्रा में हिस्सा लिया, जिसमें हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता खासकर युवा और वरिष्ठ नेता उनके साथ थे।

## अर्थ व्यापार

# शेयर बाजार में सुनामी, सेंसेक्स दस माह के निचले स्तर पर पहुंचा

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ लागू करने और चीन की जवाबी कार्रवाई से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध गहराने और अमेरिका में मंदी की आशंका में विश्व बाजार की गिरावट से घबराए निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई भारी बिकवाली से आज शेयर बाजार में सुनामी आ गई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स कोविड.19 के बाद की सबसे बड़ी एकदिनी 2226.79 अंक अर्थात 2.95 प्रतिशत गिरावट लेकर करीब दस महीने के निचले स्तर 73,137.90 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सेंचज (एनएसई) का निफ्टी 742.85 अंक यानी 3.24 प्रतिशत का गोता लगाकर 22161.



60 अंक पर बंद हुआ। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 3.46 प्रतिशत लुढ़ककर 39,107.96 अंक और स्मॉलकैप 4.13 प्रतिशत कमजोर रहकर 43,974.36 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4225 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3515 में बिकवाली जबकि 570 में लिवाली हुई, वहीं 140 में कोई कारोबार नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की 3036 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2640 में गिरावट जबकि 327 में तेजी रही, वहीं 69 में टिकाव रहा।

### निवेशकों के डूबे 14 लाख करोड़ से अधिक

**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ लागू करने और चीन की जवाबी कार्रवाई से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध गहराने और अमे. रिका में मंदी की आशंका में घरेलू निवेशकों के 14 लाख करोड़ रुपए से अधिक डूब गए। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स कोविड-19 के बाद की सबसे बड़ी एकदिनी 2226.79 अंक अर्थात 2.95 प्रतिशत गिरावट लेकर करीब दस महीने के निचले स्तर 73,137.90 अंक पर आ गया। इससे बाजार पूंजीकरण 3,89,25,660.75 करोड़ रुपए पर आ गया।

### सीतारमण ब्रिटेन और ऑस्ट्रिया की यात्रा पर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण 8 से 13 अप्रैल 2025 तक ब्रिटेन और ऑस्ट्रिया की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगी। श्रीमती सीता. रमण का दोनों देशों में मंत्रिस्तरीय द्विपक्षीय बैठकों में भाग लेने का भी कार्यक्रम है। इस दौरान वित्त मंत्री भारत-ब्रिटेन आर्थिक एवं वित्तीय वार्ता के 13वें मंत्रिस्तरीय दौर में भाग लेंगी और ब्रिटेन और ऑस्ट्रिया में थिंक टैंक, निवेशकों, व्यापार जगत के नेताओं के साथ बात. चीत करेंगी। भारत-ब्रिटेन आर्थिक एवं वित्तीय वार्ता (13वीं ईएफडी) का 13वां दौर 9 अप्रैल 2025 को लंदन में आयोजित होने वाला है। 13वीं ईएफडी वार्ता की सह-अध्यक्षता केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री और ब्रिटेन के राजकोष के चांसलर द्वारा की जाएगी। 13वीं ईएफडी दोनों देशों के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय मंच है, जो निवेश मामलों, वित्तीय सेवाओं, वित्तीय विनियमनों, यूपीआई अंतर्संबंधों, कराधान मामलों और अवैध वित्तीय प्रवाह सहित वित्तीय सहयोग के विभिन्न पहलुओं में मंत्री स्तर, अधिकारी स्तर, कार्य समूहों और संबंधित नियामक निकायों के बीच स्पष्ट जुड़ाव के अवसर प्रदान करता है।

# खाद्य तेलों में रहा टिकाव, गेहूं सस्ता हुआ

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजार में जारी भारी गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से सोमवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि आवक बढ़ने से गेहूं सस्ता हो गया वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 140 रिंगिट लुढ़ककर 4562 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.73 सेंट की गिरावट के साथ 45.12 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान गेहूं 150 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया जबकि चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5550-5650, दाल चना 6550- 6650, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 8950-9050, अरहर दाल 8400- 8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18681 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 15201 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16849 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**वक्फ कानून...**

आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान शामिल हैं। एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स, जमीयत उलमा-ए-हिंद, समस्त केरल जमीयतुल उलमा जैसे संगठनों ने भी शीर्ष अदालत में रिट याचिकाएं दायर की हैं। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि यह अधि. नियम मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता को छीनने की एक खतरनाक साजिश है। उन्होंने तर्क दिया कि यह संशोधन वक्फ के धार्मिक स्वरूप को भी विकृत करेगा और वक्फ तथा वक्फ बोर्डों के प्रशासन में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को भी अपरिवर्तनीय रूप से नुकसान पहुंचाएगा। उनकी याचिकाओं में शीर्ष अदालत से अधिनियम को असंवैधानिक और संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 21, 25, 26 और 300-ए का उल्लंघन करने वाला घोषित करने का निर्देश देने की भी मांग की गई। याचिकाओं में प्रतिवादी केंद्र सरकार और कानून एवं न्याय मंत्रालय को इसके प्रावधानों को लागू करने या लागू करने से रोकने का आदेश देने की गुहार लगाई गई है। नए वक्फ कानून 'एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तीकरण, दक्षता और विकास अधिनियम, 1995' ने 'वक्फ अधिनियम, 1995' की जगह ली है।

**यूपी में...**

आपराधिक मामला बनाएंगे और जांच अधिकारी को सबक सीखना चाहिए। पीठ ने राज्य के वकील से कहा कि आप आरोपपत्र दाखिल करने का यह तरीका नहीं अपनाते। अदालत ने डीजीपी और गौतमबुद्ध नगर जिले के एक थाने के स्टेशन हाउस ऑफिसर से खास सवाल पूछे। पीठ ने इन अधिकारियों से हलफनामा दाखिल कर यह बताने को कहा कि (सिविल) दीवानी विवाद में आपरा. धिक कानून क्यों लागू किया गया।

शीर्ष अदालत ने नोएडा के सेक्टर-39 में संबंधित पुलिस थाने के जांच अधिकारी को गवाह के कठघरे में पेश होने और यह बताने का निर्देश दिया कि मामले में मुकदमा दर्ज करने की क्या जरूरत थी। अदालत आरोपी देबू सिंह और दीपक सिंह की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसे वकील चांद कुरैशी के जरिए दाखिल किया गया था। याचिकाकर्ता ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा उनके खिलाफ आपराधिक मामला रद्द करने से इन्कार करने के आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था।

शीर्ष अदालत ने दलीलें सुनने के बाद नोएडा की निचली अदालत में याचिकाकर्ताओं के खिलाफ आपरा. धिक कार्यवाही पर रोक लगाने का फैसला किया। उच्चतम न्यायालय ने हालांकि स्पष्ट कर दिया कि उनके खिलाफ चेक बाउंस का मामला जारी रहेगा। नोएडा में दोनों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 406, 506 और 120बी के तहत प्राथमिकी की दर्ज की गई है। पुलिस पर चेक बाउंस के मामले में सिविल मुकदमे को आपरा. धिक मामले में बदलने के बाद आरोपपत्र दायर किया। याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया और आरोप लगाया कि पुलिस ने इस मुद्दे को आपराधिक मामले में बदलने के लिए पैसे लिए।

# वक्फ विधेयक पर चर्चा की अनुमति नहीं मिलने पर राथर की आलोचना की

**श्रीनगर, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती और हुर्रियत कांफ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर की विवादास्पद वक्फ विधेयक 2025 पर चर्चा की अनुमति नहीं देने के लिए तीखी आलोचना की तथा इस कदम को जनादेश के साथ विश्वासघात व राजनीतिक आत्म समर्पण का खतरनाक संकेत बताया।

विधानसभा अध्यक्ष ने संसद द्वारा पारित वक्फ संशोधन विधेयक 2025 पर चर्चा की अनुमति नहीं देते हुए कहा कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और निर्दलीय विधायकों सहित सत्ता पक्ष के विधायकों ने मांग की कि वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा के लिए 10 सदस्यों द्वारा पेश स्थगन प्रस्ताव को स्वीकार किया जाए। सुश्री मुफ्ती और मीरवाइज दोनों ने इस आधार पर बहस को रोकने के अध्यक्ष के फैसले पर निराशा व्यक्त की कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। मुफ्ती ने सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस पर स्पष्ट चुनावी जनादेश होने के बावजूद भाजपा के 'मुस्लिम विरोधी एजेंडे' के आगे झुकने का आरोप लगाया, जबकि मीरवाइज ने श्री राथर के इनकार को 'हास्यास्पद और निंदनीय' करार दिया, खासकर जम्मू-कश्मीर जैसे मुस्लिम बहुल क्षेत्र में। मुफ्ती ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह बेहद निराशा. जनक है कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा अध्यक्ष ने वक्फ विधेयक पर प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। सरकार पूरी तरह से भाजपा के मुस्लिम विरोधी एजेंडे के आगे झुक गई है और दोनों पक्षों को खुश करने की कोशिश कर रही है।

## नाम परिवर्तन सूचना



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मुझे मौहम्मद आसिफ पुत्र यूसुफ निवासी उपरोक्त के नाम से जाना व पहचाना जाता था, अब मैंने अपना जेंण्डर चेंज कर अपना नाम बदलकर **काजल किन्नर** रख लिया है, अब भविष्य में मुझे **काजल किन्नर** के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**काजल किन्नर वल्द यूसुफ**
**निवासी मौहल्ला गौहर अली खां कस्बा व परगना अफजलगढ़ तहसील धामपुर जनपद बिजनौर (उ०प्र०)।**

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# गन्ने से भरा ट्रक मैजिक पर पलटा, दो की मौत

## दर्जनभर घायल लोगों की हालत गंभीर

**पुलिस ने घायलों को भेजा अस्पताल, परिवार में मचा कोहराम**

शाह टाइम्स संवाददाता

**खतौली।** कस्बा खतौली में जीटी रोड नवीन मंडी के सामने गन्ने से भर ओवरलोड ट्रक पलटने से गन्ने के नीचे दबने से मैजिक सवार दो महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई और दस लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने गन्ने के नीचे दबे लोगों को निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। जहाँ चिकित्सकों ने पांच लोगों को गम्भीर हालत के चलते जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। हादसे की सूचना पर तहसीलदार भी मौके पर पहुँची थी। पुलिस ने बुलडोजर की मदद से जीटी रोड पर पहले गन्ने के घेरे को हटाकर यातायात व्यवस्था को से सुचारू किया।

सोमवार को नोएडा से बच्चों का मुंडन कराने अपने गांव कितास जा रहे एक मैक्स पिकअप सवार परिवार पर उस समय आफतों का पहाड टूट पडा, जब कस्बा खतौली के नवीन मंडी स्थल के बाहर गन्ने से भरा एक ओवरलोड ट्रक असंतुलित होकर पलट गया। दुर्घटना में जहां दो महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं 10 से अधिक लोग घायल हो गए। गंभीर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। समाचार लिखे जाने तक अस्पताल में अफरा तफरी का माहौल बना हुआ था।

जनपद मुजफ्फरनगर के बुढघना क्षेत्र के गांव कितास निवासी सुखपाली का परिवार अब नोएडा में रहता है घर के दो बच्चों के मुंडन करने के लिए सुखपाली का परिवार सोमवार को मैक्स पिकअप गाडी से अपने गांव लौट रहा था। जब यह परिवार खतौली के नवीन मंडी स्थल के निकट चाय पीने के लिए गाडी रोक दी। अभी परिवार के सदस्य चाय पी ही रहे थे कि इसी दौरान एक गन्ने से भरा ओवरलोड ट्रक पलट कर इनकी गाडी पर जा गिरा, जिसके नीचे ये सभी दब गए। इतनी बडी दुर्घटना देख आसपास के लोग राहत कार्य में जुट गए। तत्काल दुर्घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने एक और जहां गाडी के ऊपर उल्टे ट्रक को क्रेन मंगा कर सीधा कराया, वहीं बुलडोजर के माध्यम से बिखरे गन्ने को हटवा कर घायलों को बाहर निकाला। तत्काल एंबुलेंस के माधयम से घायलों को खतौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने दो महिलाओं को मृत घोषित दिया, जिनकी पहचान 35 वर्षीय कविता व 70 वर्षीय कमल के रूप में हुई। गंभीर रूप से घायल राजकुमार पुत्र रविन्द्र, लक्ष्मी पत्नी वीर सिंह, पूजा पुत्री दीपक, कमला पत्नी दीपक, कविता, गोलू पुत्र दीपक, सुखपाली पत्नी बीरसिंह, दुर्गा पुत्री दीपक, सनाया पुत्री दीपक, कृष्णा, मोनू पुत्र बीरसिंह, लक्की पुत्र मनोज को उपचार के बाद हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया गया और बाकी घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ही उपचार चल रहा था।

## युवक की मौत से पुलिस चौकी पर हंगामा

**चरथावल।** थानाक्षेत्र के ग्राम बिरालसी में कई दिन पूर्व हुए हादसे में हादसे में घायल हुए युवक की मौत की सूचना पर परिजनों एवं ग्रामवासियों ने बिरालसी पुलिस चौकी के सामने जाम लगाकर धरना प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामवासियों को समझा बुझाकर एवं मुआवजे एवं कार्यवाही का आश्वासन देकर जाम को खुलवाया।

चरथावल थानाक्षेत्र के ग्राम बलवाखेडी निवासी 35 वर्षीय युवक जोनी पुत्र लखान सिंह 1 अप्रैल को बिरालसी में हुए सडक हादसे में घायल हो गया था। जिसका मेरठ स्थित एक अस्पताल में इलाज चल रहा था जिस पर रविवार को जॉनी की इलाज के दौरान मौत हो गई।जिसके बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट गया और ग्रामीणों के द्वारा चरथावल थाना क्षेत्र के बिरालसी पुलिस चौकी के सामने जाम लगा दिया गया जिसको लेकर 2 घण्टे तक ग्रामीण हंगामा करते रहे जैसे ही पुलिस को पूरे मामले की जानकारी लगी तो मौके पर पहुंची पुलिस के द्वारा लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन वह नहीं माने और लगातार जॉनी के परिजनों को मुआवजे देने की मांग पर अड़े रहे वही जैसे ही मामले की जानकारी चरथावल विधायक पंकज मलिक को मिली तो उनके प्रतिनिधि भी मौके पर पहुंच गए और उनके द्वारा अपनी और से 31000 रुपए एवं मुख्यमंत्री राहत कोष की ओर से साढे तीन लाख रुपये मुआवजा दिलाने की बात कही जिसके बाद ग्रामीणों के द्वारा जाम को खोल दिया गया। वहीं सडक पर जाम के चलते घंटे दोनों और वाहन फंसे रहे।



मुजफ्फरनगरः पुलिस लाइन हैलीपैड पर सलामी लेते प्रमुख सचिव मनोज सिंह।

# सिपाही के सिर में तीन गोली लगने की पुष्टी, जांच हुई शुरू





**छोटे भाई रूपेश की पिछले वर्ष दुर्घटना में हुई थी मौत, कई पेहलुओं पर जांच शुरू**

**मुजफ्फरनगर।** रेलवे लाइन पर मिले सिपाही के सिर में तीन गोली लगने की पुष्टि हुई है। पुलिस सिपाही के पास से मिली कार्बाइन व अन्य साक्ष्य को जांच के लिए निवाडी स्थित फोरेंसिक लैब में भेजेगी। उधर, दोपहर बाद पोस्टमार्टम के बाद परिजन सिपाही के शव को लेकर उसके पैतृक गांव रवाना हो गया और गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

रविवार देर रात रेलवे लाइन से जिला विधिक सचिव के हमराह सिपाही रूपेन्द्र सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी शेखपुर गढवा थाना खानपुर जिला बुलंदशहर का शव पडा मिला था। उसकी उल्टी आंख से गोली निकल कर आरपार हो गई थी। शव के पास पुलिस को सरकारी असलाह कार्बाइन बैग, मोबाइल, जीवित कारतूस, एक खोखा आदि सामान भी पडा मिला था। पुलिस ने रात में शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवाने के बाद परिजन को जानकारी दी थी। रात में गांव से परिजन यहां पहुंच गए थे। सिपाही के चचेरे भाई विवेक ने बताया कि सिपाही रूपेंद्र 2016 बैच का सिपाही था और उसकी वर्ष 2018 में कविता से शादी हुई थी। रूपेंद्र के दो बच्चे है। चार वर्ष का मुदित और दो साल की बेटी न्यारा गांव में रूपेंद्र के पिता ने पास जमीन भी है, जिस पर खेती करते है। बच्चे गांव में ही रहते हैं। विवेक ने बताया कि रूपेंद्र के दो बहनें है, दोनों की शादी हो चुकी है। शादीशुदा छोटे भाई केशव की एक साल पहले सड़क हादसे में मौत हो चुकी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिपाही के तीन गोली लगी है, जो उल्टी आंख पर लगने के बाद आरपार निकल गई। हालांकि पुलिस को मौके से एक खाली बुलेट का खोखा मिला है। बाकी बुलेट की पुलिस तलाश कर रही है। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि पोस्टमार्टम कराने के बाद सिपाही के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। सिपाही का गांव में ही अंतिम संस्कार होगा। पुलिस गहनता से मामले की जांच कर रही है। सिविल लाइंस थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि मौके से बरामद कार्बाइन, बुलेट व मैग्जीन को जांच के लिए जिला गाजियाबाद में स्थित निवाडी लैब में भेजा जाएगा। पुलिस यह भी पता करने का प्रयास कर रही है कि सिपाही की कार्बाइन की मैग्जीन में घटना के समय कितनी गोलियों थी। बताया कि घटना के समय सिपाही की कार्बाइन आटोमेटिक मोड पर थी। जिसके कारण एक के बाद एक गोली चली।

विवेक ने बताया कि रविवार दोपहर से परिजन रूपेंद्र से बात करने के लिए काल कर रहे थे लेकिन वह फोन रिसीव नहीं कर रहा था। सिविल लाइंस थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि सिपाही के मोबाइल की डिटेल खंगाला गई तो उसमें कई मिस काल पडी थी। साथ ही बात करने के लिए परिजन व परिचितों ने वाट्सएप पर मैसेज भी भेज रखे थे लेकिन सिपाही ने किसी को कोई जवाब नहीं दिया। बताया कि सिपाही के मोबाइल की काल डिटेल खंगाली जा रही है, ताकि हकीकत का पता चल सके कि सिपाह किसी कारण से काल रिसीव नहीं कर रहा था, हालांकि पुलिस इस घटना की तह तक जा चुकी है, लेकिन इसके बाद भी कई पेहलुओं पर जांच की जा रही है। घटना स्थल के आस-पास सीसीटीवी कैमरों का न होना और अंधेरे में घटना होना यह भी पुलिस के लिए एक सिर दर्द बन गया है।

# कचहरी में भाई-बहन पर हमला

**ससुराल पक्ष के लोगों ने किया अधमरा**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** कचहरी परिसर में तारिख भुगतने आई विवाहिता और उसके भाई के साथ जबरदस्त मारपीट की गई। घटना का वायरल वीडियो ही अपने आप में घटना को बयां कर रहा है। महिला अधिवक्ता व पुलिसकर्मी ने आकर भाई-बहन की जान बचाई और हमलावर दो लोगों को हिरासत में लेते हुए घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के सहावली गांव निवासी सलमान की बहन रूखसार का अपने ससुराल पक्ष के लोगों के विवाद के चलते मामला फैमिली कोर्ट में विचाराधीन है।



सोमवार को दोनों पक्ष मुकदमें की सुनवाई के लिए कोर्ट आए थे। वापस लौटते समय कचहरी परिसर में दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि रूखसार के पति शहजाद ने अपने परिजनों के साथ मिलकर विवाहिता व उसके भाई की जबरदस्त धुनाई शुरू कर दी जिससे यहां आफरा-तफरी मच गई और बीच में आई एक महिला अधिवक्ता व सिपाही ने जान बचाई।

सिपाही के सामने भी भाई-बहन पर दुसरा पक्ष हमला करता रहा जिससे दोनो के कपडे भी फट गए। भाई बहन को इतना पीटा गया कि यहां पर अफरा-तफरी मच गई और खींचतान में महिला का बुर्का भी फट गया। मारपीट में दोनों भाई-बहन को चोटें आई है। उधर से गुजर रही महिला अधिवक्ता और अन्य लोगों ने उनमें बीच बचाव कराया। सूचना मिलते ही मौके पर आई पुलिस ने घायल महिला को अस्पताल पहुंचा दिया। पुलिस ने सलमान की तहरीर के आधार पर शहजाद और उसके पिता अजीज को हिरासत में ले लिया है, हालांकि शहजाद पक्ष का कहना है कि उसके पिता से भी मारपीट की गई है।

## थप्पड़ प्रकरणः फीस व किताबों के लिए तरस रहा पीड़ित

**मुजफ्फरनगर।** खुब्बापुर में हुए थप्पड प्रकरण का पीड़ित छात्र शारदेन स्कूल में कक्षा चौथी में पहुंच गया है, लेकिन उसकी पिछली कक्षा की रुकी हुई फीस विद्यालय में जमा नहीं हुई है। इतना ही नहीं, नए सत्र की कापी-किताबों सहित ड्रेस से भी छात्र वंचित है। सोमवार को छात्र के पिता ने 16 अप्रैल को होने वाली सुप्रीम कार्ट में सुनवाई के लिए छात्र के बयान दर्ज कराते हुए शपथ-पत्र तैयार कराए हैं, जिसमें इन सब बातों का जिक्र किया गया है। बीएसए संदीप कुमार का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर पीड़ित छात्र के खर्च वहन के लिए एनजीओ से वार्ता की थी। एनजीओ से वार्ता कर जल्द ही रुकी हुई फीस जमा कराई जाएगी। नया कोर्स भी दिलाया जाएगा।

# कमिश्नर ने किया एमपीएल टी-20 का उद्घाटन

## स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित टुर्नामेंट में एमएमसी टाइटंस पहले दिन बनी विजेता

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में सोमवार को मुजफ्फरनगर प्रीमियर लीग का आगाज हो गया। पहले दिन एमएमसी टाइटंस ने अंबा वॉरियर्स को 27 रनों से हराकर शुरुआत की। इस अवसर पर एमएमसी टाइटंस के बल्लेबाज दीपक राणा को 44 गेंदों में 59 रन बनने पर सम्मानित किया गया।

एमपीएल टी-20 क्रिकेट मैच का शुभारंभ सहारनपुर मंडल के कमिश्नर अटल कुमार राय, डीएम उमेश मिश्रा और नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने गुब्बारे एवं शांति का प्रतीक सफेद कबूतर उडाकर किया। इसके बाद अंबा वॉरियर्स के कप्तान ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। अंबा वॉरियर्स के गेंदबाज दिनेश कुमार ने टाइटंस के सलामी बल्लेबाज ऋतिक अरोडा को 5 रन के निजी स्कोर पर बोल्ड किया, लेकिन इसके बाद दूसरे विकेट के लिए अवनिक और दीपक के बीच 44 रन की साझेदारी ने टीम को सहारा दिया। दीपक राणा ने पांच छक्के और एक चौके की मदद से कल 59 रन की आतिशी पारी खेली। एमएमसी टाइटंस की टीम निर्धारित 20 ओवर में 156 रन का स्कोर खडा किया। इसमें दीपक राणा के अर्धशतक के बाद 32 अतिरिक्त रनों का योगदान देकर टीम को मजबूती दी। 157 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अंबा वॉरियर्स की टीम के बल्लेबाज बडी साझेदारी करने में विफल रहे। हर्षित सेठी के 40 गेंद पर उपयोगी अर्धशतक के साथ 52 रन और दिनेश कुमार 23 गेंद पर 34 रन की पारी के बावजूद अंबा वारियर्स की टीम 19.2 ओवर में 129 रन बनाकर आउट हो गई। एमएमसी टाइटन के दीपक राणा को शानदार अर्धशतक बनने पर प्लेयर आफ द मैच तथा अंबा वारियर्स के दिनेश कुमार को 24 रन पर 4 विकेट एवं 34 रन बनाने पर बेस्ट फाइटर प्लेयर घोषित किया गया।

मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, ओमदेव सिंह, करण स्वरूप, कार्तिक स्वरूप ने खिलाडियों को पुरस्कृत किया। इस दौरान अन्य पदाधकारियों की हौसला अफजाही की।

इस अवसर पर एमसीए के चेयरमैन भीमसेन कंसल, अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, सचिव मनोज पुंडीर कोषाधयक्ष संजय शर्मा, ओम देव सिंह, विकास राठी, रोहित चौधरी, अरविंद भारद्वाज आशीष भटनागर इंद्र माथुर, संजय चौधरी शिरीष कुमार, कुशल पाल, सिंह, प्रधानाचार्य योगेंद्र सिंह, मोहम्मद अरशद, एमएमसी टाइटंस के प्रायोजक गौरव स्वरूप, करण स्वरूप, कार्तिक स्वरूप, अंबा वॉरियर्स के प्रायोजक पंकज गोयल, नरेंद्र गोयल आदि उपस्थित रहे।

## कम्पनी बाग में एक करोड़ के खर्च से लगेंगी फैंसी लाइटें

**मुजफ्फरनगर।** मेरठ रोड स्थित कमला नेहरू वाटिका की सुंदरता में नगर पालिका चार चांद लगाने जा रही है। इसके लिए नगर पालिका करीब एक करोड़ के खर्च से यहां पर 170 फैंसी लाइटें लगाने जा रही है। इसके लिए नगर पालिका पूर्व में दो बार टेंडर निकाल चुकी है, लेकिन दोनों बार कोई निविदा नहीं आयी। इस बार नगर पालिका ने तीसरी बार टेंडर निकाला है। वहीं करीब 3.38 करोड की धनराशि से कम्पनी बाग में विभिन्न कार्य कराए जाएगे। कमला नेहरू वाटिका का सौन्दर्याकरण कराने के लिए नगर पालिका ले-आउट प्लान तैयार करा चुकी है। अब नगर पालिका में सब कुछ तैयार कराए गए ले-आउट प्लान के अनुसार होगा। नगर पालिका कम्पनी बाग के सौन्दर्याकरण के साथ पथ प्रकाश को भी सुधारने में लगी हुई है। यहां पर नगर पालिका के द्वारा 170 फैंसी लाइटें लगाई जाएगी। इन फैंसी लाइटों पर नगर पालिका करीब एक करोड़ की धनराशि खर्च करने जा रही है। इसके लिए नगर पालिका ने तीसरी बार टेंडर निकाला है। नगर पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने पर कम्पनी बाग में फैंसी लाइटें लगाई जाएगी।

## पुलिस ने 55 की हिस्ट्रीशीट खोली

**मुजफ्फरनगर।** अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी है। डीआईजी अभिषेक के निर्देशन में जानसठ में चार लोगों की हिस्ट्रीशीट खोली है और मीरापुर में दो, रामराज में दो, ककरौली तीन, बुढ़ाना में पन्द्रह पर वहीं शाहपुर में नौ पर, रतनपुरी में आठ, फुगाना में दो, भौराकलां में दो व तितावी में आठ पर एचएस खोली है।





मुजफ्फरनगरः स्पोर्ट्स स्टेडियम में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ करते अतिथिगण।

# आयुष्मान स्वास्थ्य केंद्रो की सीएमओ ने परखी व्यवस्था

**एएनएम ट्रेनिंग सेन्टर व रामपुरी पीएचसी का निरीक्षण किया**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील तेवतिया ने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरी एएनएम ट्रेनिंग सेंटर कूकड़ा का औचक निरीक्षण किया गया, जहां पर उनके द्वारा स्वास्थ्य केंद्र का गहनता के साथ निरीक्षण कर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील तेवतिया ने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरी का निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य केंद्र के समस्त अधिकारी और कर्मचारियों को कहा कि वह अपनी कार्यशैली की गुणवत्ता को ओर अधिक सुधारने का प्रयास करें।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील तेवतिया के द्वारा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में वैक्सीन कोल्ड चेन, औषधियों के रखरखाव, उपस्थिति पंजिका, आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की साफ सफाई व्यवस्था को ओर अधिक दुरुस्त करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने समस्त चिकित्सा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि ससमय से अपनी निर्धारित वेशभूषा में ड्यूटी करना सुनिश्चित करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सरवट, अलमासपुर व कूकड़ा में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का औचक निरीक्षण कर उपस्थित अधिकारी व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी अधिकारियो व कर्मचारियों को ससमय उपस्थित होकर पूरी निष्ठा और लगन से कार्य करने के लिए निर्देशित किया।

## रेकी कर चोर ने जिम संचालक की बुलेट उड़ाई

**मुजफ्फरनगर।** शहर के महावीर चौक पर जिम संचालक की बुलट मोटर साइकिल चोरी कर ली गई। चोर तीन दिन से लगातार नकाब लगाकर रैकी कर रहा था। सोमवार सुबह मौका मिलते ही आरोपी बुलट लेकर फुर्र हो गया। पीड़ित ने चोर के पकडे जाने पर 11 हजार रूपये का ईनाम देने की घोषणा की है।

शहर के साउथ सिविल लाइन निवासी निखिल कुमार मलिक का शहर के महावीर चौक पर जिम है। मलिक ने नवरात्रों में नई बुलट मोटर साइकिल खरीदी थी। रोजमर्रा की तरह मलिक सोमवार सुबह पौने छह बजे के करीब जिम में आ गए। बुलट नीचे खडी थी। सात बजे के करीब एक नकाबपोश बुलट को चुराकर ले गया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर आ गई। सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया तो पता चला कि बुलट मोटर साइकिल चुराने वाले लगातार तीन दिन से यहां आकर बुलट पर निगाहें गडाएं था। सुबह मौका लगते हुए वो लॉक तोडकर उसे ले गया। पीडित मलिक ने कहा कि बाइक बरामद कराने में सहयोग करने वालों को 11 हजार रूपये का नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है। सिविल लाइन पुलिस ने फुटेज के आधार पर चोर की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे में कैद वाहन चोर की तलाश के साथ पिछली बार गिरफ्तार किए गए वाहन चोर गिरोह की कुण्डली भी खंगाल रही है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे के आधार पर सफलता के काफी नजदीक पहुंच चुकी है।

# प्रमुख सचिव के निरीक्षण से अफसरों में रही हलचल

## पुलिस लाइन में उतरा हैलीकॉप्टर, पुरकाजी के जमालपुर में देखी व्यवस्था

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** कैंपा कोला अब जल्द ही मुजफ्फरनगर में भी तैयार होगी। इसके लिए पुरकाजी के गांव जमालपुर में भारतीय ब्रेवरेज प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा रिलायंस के साथ मिलकर 600 करोड़ का प्रोजेक्ट लगाया जा रहा है। इसी प्रोजेक्ट की प्रगति को परखने के लिए सोमवार को यूपी के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह हेलीकॉप्टर से जिला मुख्यालय पहुंचे और फिर डीएम व अन्य अधिकारियों के लंबे काफिले के साथ जमालपुर स्थित फैक्टरी पहुंचकर उन्होंने निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाओं को भी परखने का काम किया। इस दौरान कंपनी के मुख्य अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रमुख सचिव के दौरे को लेकर दिनभर सरकारी विभागों व अधिकारियों में हलचल मची रही।

प्रदेश सरकार के प्रयासों से जिले के पुरकाजी क्षेत्र में गांव जमालपुर में भारतीयम बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा रिलायंस के सहयोग से कैंपा कोला की फैक्टरी लगाने का काम करीब एक साल से किया जा रहा है। कंपनी और यूपी सरकार के बीच एमओयू होने के बाद गांव जमालपुर में इसके लिए 42 एकड़ जमीन अधिग्रहित करते हुए प्रशासन द्वारा भारतीयम ब्रेवरेज को आवंटित करने की प्रक्रिया पूर्ण की गई थी। कंपनी ने जमीन खरीद की प्रक्रिया को पूर्ण किया तो इसके बाद तेजी से फैक्टरी लगाने का काम किया जा रहा है। दोनों कंपनी मिलकर यहां 600 करोड़ का निवेश कर रही हैं। प्रतिवर्ष यहां करीब 60 करोड़ की कैंपा कोला का उत्पादन किया जाएगा। यहां पर करीब 500 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलने का दावा भी किया जा रहा है। भारतीयम बेवरेजेज की डायरेक्टर दिव्य रतन दीक्षित फैक्टरी को लेकर दौरा कर चुकी हैं। सोमवार को इस फैक्टरी की प्रगति को परखने के लिए मुख्य सचिव मनोज कुमार यहां पहुंचे। दोपहर के समय वो हेलीकॉप्टर से पुलिस लाइन में पहुंचे। यहां पर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने उनका स्वागत किया और गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया है।

इसके बाद मुख्य सचिव मनोज कुमार डीएम और अन्य अधिकारियों के काफिले के साथ जमालपुर पहुंचे तथा फैक्टरी का निरीक्षण करते हुए सभी व्यवस्थाओं, प्रगति और निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान सीडीओ संदीप भागिया, एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत, एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह, एमडीए उपाध्यक्ष कविता मीणा, जिला उद्योग केंद्र की उपायुक्त जेस्मिन और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# पेठा विक्रेता से युवक को मजाक करना पड़ा भारी

**पीड़ित ने गलत टिप्पणी व गाली-गलौच का लगाया आरोप**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** मौहल्ला मल्हूपुरा में एक युवक को पेठा बेचने वाले युवक से मजाक करना इतना मंहगा पड गया कि उसको पुलिस की कार्यवाही झेलनी पड़ी, हालांकि युवक अपने को बेगुनाह बता रहा है तो पीड़ित पक्ष ने मौखिक रूप से व तहीरर देते हुए गलत टिप्पणी देने व गाली-गलौच का आरोप लगाया है।

आगरा का मूल निवासी शिव कुमार शहर के रामलीला टिल्ला में रहकर पेठा बेचने का काम करता है। शिव कुमार ने सोमवार को भाजपा नेता सुनील दर्शन के साथ सिविल लाइन थाने पहुंचकर बताया कि वह ठेले पर पेंठा बेचने के लिए रोजमर्रा की तरह मल्हूपुरा गया था। आरोप है कि मौहल्ले के एक दबंग ने रोक कर धमकाया। आरोपी मोदी कट कुर्ता पहनने की बात कहते हुए उसके साथ गाली-गलौज की। यही नहीं उसका तिलक मिटवाते हुए कहा कि भविष्य में वो इधर ना नजर आए। गालियां सुनने के बाद वह चुपचाप वापस लौट आया। पीड़ित ने इंसाफ की गुहार लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने पीडित को साथ लेकर आरोपी के यहां दबिश भी दी। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# पब्लिक ने पकड़ा बच्चा चोर, जमकर की धुनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** कस्बे में उस समय हडकंप मच गया जब लोगों ने एक संदिग्ध व्यक्ति को बच्चा चोर समझकर पकड लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी पर पहले भी सरधना क्षेत्र से बच्चा चोरी का आरोप लग चुका है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद सरधना और आसपास के क्षेत्रों से भी भारी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों का आरोप है कि व्यक्ति बच्चों को बहला-फुसलाकर ले जाने की फिराक में था, तभी लोगों ने शक के आधार पर उसे पकड लिया। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच पडताल शुरू कर दी गई है और आरोपी से सख्ती से पूछताछ की जा रही है।

सोमवार को कोतवाली से चंद कदमो की दूरी पर उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब लोगों की भीड़ एक व्यक्ति को पकड़ कर उसकी पिटाई कर रही थी कुछ लोगों ने व्यक्ति को बचाने का प्रयास किया तो पता चला की उक्त व्यक्ति बच्चा चोर है जिसने रविवार को खतौली सद्दीकनगर से एक बच्चा चोरी करने का प्रयास किया था। जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सरधना थाना क्षेत्र के नवाबगढी के दर्जनों लोग खतौली पहुँचे जिन्होंने बताया कि सरधना नवाबगढी निवासी इमरान का 11 वर्षीय रिहान अचानक घर से चार तारीख को अचानक गायब हो गया था। जिसकी तलाश करने के बाद भी उसका कोई सुराग नही लग पाया था। नवाबगढी निवासी लोगों ने बताया कि चार तारीख को उक्त व्यक्ति सरधना थाना क्षेत्र में देखा गया जो वहां भीख मांग रहा था उसके बाद से ही बच्चा रिहान घर से गायब हो गया था। लोगों का आरोप था कि इसी व्यक्ति ने रिहान को गायब किया है। रिहान के परिजनों ने सरधना थाने में रिहान की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। खतौली पुलिस ने भीड़ को तीतर बितर कर बच्चा चोर को हिरासत में लेकर उससे कड़ी पूछताछ की। खतौली पुलिस ने इस घटना की सूचना सरधना पुलिस को दी सरधना पुलिस ने खतौली पहुँच बच्चा चोर को हिरासत में लेकर अपने साथ सरधना ले गई थी। खतौली में बच्चा चोर पकड़ने की घटना के बाद कस्बे वासियों में दहशत का माहौल बना हुआ था।

## राम नाम पर राजनीति करने वाले, रामनवमी पर रहे नदारद

**खतौली।** रामनवमी पर जहां नगर में भक्ति और श्रद्धा का माहौल था, वहीं राजनीति करने वाले चेहरे इस धार्मिक आयोजन से नदारद दिखाई दिए। विशेषकर वे भाजपा नेता जो आम दिनों में मंचों से 'जय राम' के उद्घोष करते नहीं थकते, इस बार शोभायात्रा में उनकी अनुपस्थिति चर्चा का विषय बनी रही। स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं ने सवाल उठाए कि जो नेता भगवान राम के नाम को अपनी राजनीति का आधार बनाते हैं, वे राम जन्मोत्सव के इस महान पर्व से दूरी क्यों बनाए बैठे थे? कई स्थानों पर रामभक्तों ने व्यंग्य करते हुए कहा कि 'राम के असली भक्त तो शोभायात्रा में दिखे, कम्पो पर नहीं!ष्रामनवमी जैसे पवित्र पर्व पर नेताओं की अनुपस्थिति ने यह भी संकेत दिया कि आस्था और राजनीति में फर्क करना आज और जरूरी हो गया है। क्षेत्रीय विकास पार्टी और के पदाधिकारी जहाँ शोभायात्रा में शामिल होकर जनसेवा में जुटे रहे, वहीं भाजपा पदाधिकारियों की कमी को जनता ने भली-भांति महसूस किया। बता दे कि रविवार को रामनोवमी महोत्सव पर कस्बे में शोभायात्रा निकाली गई थी शोभायात्रा का स्वागत करने और प्रसाद वितरण करने के लिए नगर के सामाजिक संगठनों सद्भावना मंच और क्षेत्रीय विकास पार्टी द्वारा कैम्प लगाकर शोभायात्रा में पानी, दूध केले आदि का वितरण करते हुय पुष्पवर्षा की गई थी लेकिन स्थानीय भाजपाइयों द्वारा शोभायात्रा के दौरान कोई भी सेवा और कैंप नही लगाया गया था।

# 3 लाख रुपये की ट्रांजेक्शन फेल हुई तो केरल पुलिस ने युवक का खाता किया फ्रीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** एक युवक का खाता 3 लाख रुपये की ट्रांजेक्शन फेल होने के चलते केरल पुलिस द्वारा फ्रीज कर दिया गया। जिसके चलते पीडित युवक ने बुढाना पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। बाछुराम पाल पुत्र रमेश चन्द निवासी ग्राम उकावली ने सोमवार को बुढाना सीओ आफिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि उसकाकेट खाता बैंक ऑफ बडौदा शाखा बुढाना में खुला हुआ है। बीती 01 अप्रैल को मेरे खाते में अज्ञात व्यक्ति द्वारा 03 लाख रुपये डालने की कोशिश की गई मगर ट्रांजेक्शन फैल हो गयी। जिस कारण साईबर क्राइम पुलिस स्टेशन एर्नाकुलम रूरल अलुवा केरल द्वारा मेरा खाता डेबिट फीज कर दिया गया जबकि उक्त घटना के बारे में मुझको कोई जानकारी नही थी। जब मै बैंक ऑफ बडौदा में अपने खाते से पैसे निकलवाने के लिए बाउचर भरकर काउन्टर पर गया तो एकाउन्टेन्ट ने बताया कि तुम्हारा खाता फ्रीज हो रखा है। उसने उक्त घटना की जानकारी दी तो बुढाना पुलिस ने जानकारी दी कि तुम्हारे खाते में 03 लाख रुपये डालने की कोशिश की गई जो असफल रही। इन्ही कारणों से उसका खाता साईबर क्राइम पुलिस द्वारा फ्रीज कर रखा है। उसके खाते में 81 हजार 785 रुपये शेष हैं किन्तु मेरे उक्त खाते में खाता फ्रीज होने के कारण कोई भी लेन देन नहीं हो पा रहा है। वह काफी गरीब किस्म का व्यक्ति है जो मजदूरी करके अपना व अपने बच्चों का पालन पोषण कर रहा है। उसने मेहनत मजदूरी करके अपने खाते में एक एक रुपया कर 81785 रुपये जमा किया है। पीडित ने बुढाना पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। पुलिस वे मामले की जांच शुरू कर दी है।

## दो साल पहले खरीदे गये तमंचे के साथ चार किशोर गिरफ्तार

**बुढाना।** चार किशोरों ने लगभग दो साल पहले 500-500 रूपये इकट्ठे करके किसी अज्ञात व्यक्ति से दो हजार रुपये में एक अवैध तमंचा और कारतूस खरीदा। पुलिस ने आज चारों को पकडकर जेल भेज दिया। पकडे गये किशोर जनपद शामली के विभिन्न गांवों के हैं। चारों किशोरों को बायवाला पुलिस चौकी के प्रभारी किशनपाल सिंह यादव ने चैकिंग के दौरान बाइक सवार पकडा। चारों एक ही बाइक पर सवार थे। तलाशी ली गयी तो मोटर साइकिल भी चोरी की निकली और मौके से एक अवैध तमंचा और एक कारतूस मिला है। पूछताछ में बताया कि हम चारो ने मिलकर 500-500 रुपये मिलाकर अब से करीब 02 वर्ष पहले एक राह चलते अंजान व्यक्ति से लिया था। यह तमंचा हम चारों शौक मौज के लिए रखते है। दूसरी और बुढाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र के नेतृत्व में बायवाला पुलिस चौकी के प्रभारी किशन पाल सिंह यादव ने हैड कांस्टेबल सचिन कुमार और कांस्टेबल दिलीप कुमार के सहयोग से फरार चल रहे सागर पुत्र चरन सिंह निवासी ग्राम नगवा बुढाना को गिरफ्तार किया है।

## चौधरी प्रमोद सैनी मोदी की 13वीं में जुटी भीड़

**बुढाना।** क्षेत्र के सैनी समाज के चौधरी प्रमोद सैनी मोदी की तेरहवीं कार्यक्रम में भारी भीड देखने को मिली। यह कार्यक्रम बुढाना कस्बे के एक बैंकट हाल में आयोजित किया गया था। उनका निधन बीती 26 मार्च की सांयं को कैंसर की बीमारी के चलते हो गया था। तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल हुए गणमान्य लोगों ने उनकी काफी बातों की चर्चा की और उनको मिलनसार बताते हुए कहा कि उनकी नगर पंचायत बुढाना अध्यक्ष पद का चुनाव लडने की जो इच्छा थी वो अधूरी रह गयी। वैसे वे गन्ना समिति बुढाना के अध्यक्ष रहे। सैनी बिरादरी को समय समय पर एकजुट करने में भी उनकी अहम भूमिका देखने को मिली। समय समय पर दो पक्षों में हुए झगडों को सुलझाने में भी उनका कोई सानी नहीं था। उनकी तेरहवीं कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद त्यागी, एडवोकेट तेग बहादुर सैनी, नगर पंचायत बुढाना के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र त्यागी, भाजपा जिला महामंत्री विनीत कात्यायन, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बुढाना के नगर अध्यक्ष संजीव संगल, विनोद सैनी, शुगन चंद्र सैनी, लाला अनिल गर्ग, बंटी त्यागी, अंकुर सैनी, अरविंद सैनी, डॉक्टर सुभाष सैनी और निरंकार सैनी सहित सैंकडों गणमान्य लोगों की उपस्थिति देखने को मिली।

## चार सूत्रीय मांगों को लेकर प्रधान संगठन ने तहसीलदार को दिया ज्ञापन

**खतौली।** सोमवार को अखिल भारतीय प्रधान संगठन से जुडे दर्जनों ग्राम प्रधानों खतौली तहसील में पहुंचे जहां उन्होंने अपनी विभिन्न समस्याओं टिटोडा गांव में बने सचिवालय में विद्युत मीटर लगाने के बाद बिजली चालू नहीं करना, ग्राम सभा की जमीनों पर अवैध कब्जा और ग्राम सिकंदरपुर खुर्द में मौके पर तालाब है लेकिन तहसील के रिकॉर्ड में यह तालाब दर्ज नहीं है इसे दर्ज कराया जाए आदि मांगो को लेकर तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता को ज्ञापन 4 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन देते समय प्रधान संगठन ने सभी मांगे पूरी ने होने पर 17 अप्रैल को तहसील प्रांगण में अनिश्चितकालीन धरना देने की भी चेतावनी दी। ज्ञापन देने वालों में अशोक राठी जिला अध्यक्ष, चंगेज खान महामंत्री, ओमव. ीर सिंह ब्लॉक अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

# विकसित भारत बनाने में योगदान देंगे एसडी मैनजमेंट के छात्र

**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में विकसित भारत कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल, बीसीए विभागाधयक्ष डॉ. संजीव तयाल और कार्यक्रम समन्वयक देवेश भारद्वाज ने कार्यक्रम के उद्देश्यों और महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर बीसीए विभाग के सभी संकाय सदस्य और छात्र-छात्राएं बडी संख्या में उपस्थित रहे।

प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने कहा कि भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं को न केवल तकनीकी कौशल में पारंगत होना चाहिए, बल्कि उन्हें नैतिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति भी जागरूक रहना आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे नवाचार और स्टार्टअप के क्षेत्र में आगे बढ़ें और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में योगदान दें। बीसीए विभागाधयक्ष डॉ. संजीव तयाल ने बताया कि डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत और स्टार्टअप इंडिया जैसी सरकारी योजनाएं विकसित भारत के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने तकनीकी शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, साइबर सिक्योरिटी और डेटा साइंस जैसे उभरते क्षेत्रों में निपुणता हासिल करनी चाहिए। कार्यक्रम समन्वयक देवेश भारद्वाज ने कहा कि विकसित भारत एक ऐसा संकल्प है, जिसमें भारत को आर्थिक, सामाजिक, वैज्ञानिक और तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की परिकल्पना की गई है। आत्मनिर्भर भारत अभियान, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसी पहलें देश को एक वैश्विक शक्ति बनाने में सहायक साबित हो रही हैं। बुनियादी ढांचे के विकास, रोजगार के अवसरों में वृद्धि, पर्यावरण संरक्षण और तकनीकी नवाचारों के माधयम से भारत तेजी से प्रगति की ओर बढ रहा है। जब प्रत्येक नागरिक के जीवन स्तर में सुधार होगा, तब सशक्त और विकसित भारत का सपना साकार होगा।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने भी डिजिटल परिवर्तन, स्टार्टअप और उद्यमिता पर अपने अनुभव साझा किए। यह आयोजन छात्रों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक रहा, जिससे उन्हें भारत के उज्ज्वल भविष्य में अपनी भूमिका को समझने का अवसर मिला। इस अवसर पर शिक्षकगण सदस्य रोबिन गर्ग, चंदना दीक्षित वैभव वत्स, अनुज गोयल, निरंकार, मोहित गोयल हिमांशु, हर्षिता, हर्षित, राहुल, रोबिन मलिक, श्वेता, प्रशान्त गुप्ता, विनिता चौधरी, सतीश व अमित एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## विजय वर्मा ने भाजपा का झंडा फहराया

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर अपने निवास पर पार्टी का झंडा फहराकर अति प्रसन्नता एवं गर्व महसूस हुआ और वह पुराना समय याद आ गया जब भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई थी और हमारी पार्टी कांग्रेस के सामने ना के समान थी लेकिन आज जिस तरह से माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह एवं योगी के नेतृत्व में पार्टी ने जो विकास किया है वह अदभुत है और आज विश्व में भारत का डंका बहुत जोर-जोर से बज रहा है और उम्मीद करते हैं कि जल्द ही हमारा देश लक्ष्य से पूर्व ही विकसित देश की श्रेणी में आ जाएगा।

## हवन यज्ञ के साथ नये शैक्षिक सत्र का शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर।** लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के नए शैक्षिक सत्र का शुभारंभ हवन यज्ञ के साथ हुआ। विद्यालय में इस सत्र से प्राइमरी विंग के साथ बालि. का शिक्षा का प्रादुर्भाव होने के साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में एक नए युग का शुभारंभ हुआ।

विद्यालय परिसर में कदम रखते ही छात्र-छात्राओं में एक विशेष उत्साह एवं उल्लास देखने को मिला। बालिक. ाओं एवं नन्हे मुन्ने बच्चों के विद्यालय परिसर में प्रथम आगमन पर प्रधानाचार्य डॉ अखिलेश कुमार शर्मा एवं प्राइमरी विंग कोर्डिनेटर पूनम शर्मा ने नन्हे मुन्ने बच्चों एवं बालिकाओं का रोली तिलक लगाकर एवं हस्तनिर्मित स्टिकर्स प्रदानकर स्वागत किया। इस दौरान सभी बच्चे प्रफुल्लित नजर आए। इससे पूर्व विद्यालय में बालिका शिक्षा के प्रादुर्भाव के अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ अखिलेश कुमार शर्मा ने नवागत बालिकाओं तथा नन्हे मुन्ने बच्चों के साथ संयुक्त रूप से मां शारदे के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया।

नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के अवसर पर पंडित राघवेंद्र शास्त्री ने हवन कार्य संपन्न कराया। समाजसेवी अवनीश मोहन तायल मुख्य यजमान की भूमिका में रहे। हवन में समस्त छात्र छात्राओं सहित शिक्षकगणों ने हवन में आहुति दी। सोमवार को विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा में प्रतिभागी 146 अभ्यर्थियों में से 117 सफल हुए। प्रधानाचार्य डॉ अखिलेश कुमार शर्मा ने बच्चों को शुभाशीष प्रदान करते हुए कहा कि यह विद्यालय विद्यार्थियों की सुरक्षा, अनुशासन एवं उत्कृष्ट शिक्षा के लिए दृढ संकल्पित है। कार्यक्रम का संच. ालन महेश कुमार ने किया। इस अवसर पर समस्त छात्र छात्राओं के साथ साथ शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### सूचना

मेरी पुत्री के नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के जन्म प्रमाण पत्र सं. बी 2018: 9- 90020-008275 दिनांक 28.12.2018 में मेरी पुत्री का नाम Misba Ansari दर्ज हो गया है, जबकि मेरी पुत्री का सही वास्तविक नाम Misbah Ansari है भविष्य में भी उसे इसी नाम से जाना जायेगा। नाम संशोधन हेतु शपथपत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**रेशमा पत्नी मौ. शफीक**
**12 कस्सावान, मुजफ्फरनगर**

### संबंध विच्छेद सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्रगण अनुज व उसकी पत्नी नेहा व सज्जन सिह व उसकी पत्नी प्रीति मेरे व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों के कहने सुनने से बाहर हैं। गलत संगत में पड़ गए हैं। इसलिए मैने इनसे सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेन देन की मेरी व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्यों व लेन देन के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सतबीर सिंह पुत्र श्री रणधीर सिंह**
**निवासी- ग्राम कम्हेडा**
**थाना-पुरकाजी**
**जिला-मुजफ्फरनगर।**

# जेपीएस स्कूल की टीम ने जीता फाइनल मुकाबला



**मोरना।** हिमालय पब्लिक स्कूल रोहाना में इंडिया स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा फिट इंडिया मिनिस्ट्री आफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्टस के तत्वाधान में कबड्डी कप 2025 का आयोजन हुआ जिसमें विभिन्न स्कूलों से टीमों ने प्रतिभाग किया।

फाइनल मैच मे जेपीएस पब्लिक स्कूल मोरना व हिमालय पब्लिक स्कूल रोहाना की टीम के बीच हुआ मुकाबले में जेपीएस पब्लिक स्कूल की टीम ने पहले राउंड में 11-5 के अंतर से तथा अंतिम राउंड में 26-11 के अंतर से एक तरफा जीत दर्ज कर विजय ट्रॉफी अपने नाम की। टीम में वंश कक्षा 10 टीम कैप्टन के रूप में तथा अभिमान कक्षा 9 ,देवांश कक्षा 9, अंशराज कक्षा 11, विराट कक्षा 11, खुशित कक्षा 11, नमन कक्षा 11 व अर्जुन कक्षा 11 ने प्रतिभाग किया। अभिमान कक्षा 9 को मैन ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब भी दिया गया। विद्यालय डायरेक्टर के.के. शर्मा तथा प्रधानाचार्य राजन गौड नें सभी छात्रों को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए मेडल पहनाकर उनका हौसला बढाया। प्रतियोगिता मे टीम के कबड्डी कोच निशांत शर्मा का योगदान रहा। कार्यक्रम में संगीता दक्ष, रजत, शिवानी, नेहा, पूजा, सारिका, लखन, बृजेश, आसिफ, तौसीफ, श्वेता, विनीता, सपन, शिखा ,चिंकी, मुस्कान, माला, आध्या, मानवी, वैष्णवी,सृष्टि, दृष्टि, सरस्वती आदि उपस्थित रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर में वैदिक मंत्रों के साथ सत्र आरंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** केशवपुरी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में आज सत्र 2025- 26 का आरंभ हुआ। श्यामलाल बंसल संरक्षक, संजय अग्रवाल व्यवस्थापक, कौशल आर्य प्रधानाचार्य , मुकेश दत्त शर्मा, भोपाल सिंह सैनी ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर संजय अग्रवाल व्यवस्थापक ने सभी विद्यार्थियों के लिए मंगल कामना की, और भैया बहनों से अनुशासन में रहकर परिश्रम से अध्यन करने का आग्रह किया। कौशल आर्य प्रधानाचार्य ने सत्रारंभ के शुभ अवसर पर बताया मनुष्य जीवन में यज्ञ का बडा महत्व है, नए



कार्य आरंभ करने से पूर्व हरि का स्मरण कर यज्ञ आदि धार्मिक

अनुष्ठान करने से कार्य के अच्छे ढंग से पूर्ण होते है। योगेश्वर आर्य जनपदीय अध्यक्ष संरक्षण सभा व मती मनीषा आर्य ने वैदिक मंत्रोंच्चार किया। सभी छात्र-छात्राओं व आचार्य गणों ने यज्ञ में आहुति डालकर सभी के मंगल की कामना की। श्यामलाल बंसल संरक्षक ने सभी को अपना शुभाशीष दिया इस अवसर पर शगुन सैनी, रूबी गर्ग, अर्चना जैन, नंदिनी शर्मा, कृतिका गर्ग ,रेणु धीमान ,सपना अरोरा, सारिका शर्मा, नूतन मित्तल, पूजा गर्ग, ज्योति बाधवा, नीरु शर्मा, ईश्वर दत्त शर्मा ,बालेंद्र शर्मा ,मनोज सिंह ,अनिल कुमार, नीरज गर्ग, नीरज शर्मा व अनुभव कुमार सहित विद्यालय का समय स्टाफ उपस्थित रहा।

### सूचना

मेरा लडका अहसान व उसकी पत्नी शबाना मेरे कहने सुनने में नही है तथा वे दोनों मेरे व मेरी पत्नी व मेरे अन्य पुत्रों को तंग व परेशान करते रहते हैं। उनके इसी व्यवहार से दुखी होकर मै अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र अहसान व उसकी पत्नी शबाना को बेदखल कर रहा हूँ। आज के बाद अहसान व शबाना का मेरी चल-अचल सम्पत्ति में किसी भी प्रकार का कोई हक नही होगा और उनके सही या गलत कार्यो के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**शमशाद पुत्र फतेहदीन निवासी**
**गांव सांझक थाना शाहपुर**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

# चौ. कदम सिंह आईटीआई में छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित

**मोरना।** चौधरी कदम सिंह मेमो. रियल आईटीआई कॉलेज ककराला में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के तहत संचालित सीसीटीवी इंस्टॉलेशन टेक्निशियन तथा सोलर पैनल इंस्टॉलेशन टेक्निशियन कोर्स के प्रमाण पत्र एवं किट वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ चौधरी कदम सिंह बाबू के चित्र पर पुष्पांजलि देकर आयोजित किया गया

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि कौशल विकास के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद छात्र स्वरोजगार और रोजगार के क्षेत्र में आगे बढने के अनेकों रास्ते खोज सकते हैं कौशल विकास के माधयम से प्रशिक्षित छात्रों को प्रदेश सरकार के द्वारा स्वरोजगार हेतु वित्तीय सहायता के भी अनेको कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

इस अवसर पर छात्रों को प्रमाण पत्र एवं किट वितरण कार्यक्रम में स्वामी कल्याण देव डिग्री कॉलेज मोरना के प्राचार्य राजपाल सिंह , स्वामी ओम आनंद गर्ल्स डिग्री कॉलेज बेहडॉ के प्राचार्य अमित पंवार, हरबीरी देवी भोपाल सिंह डिग्री कॉलेज भोपा के प्राचार्य विजय शर्मा सहित मनोज राठी , संजीव सहरावत, अंकित जावला, विशाल रोसवाल आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे कॉलेज प्रबंधक चौधरी सचिन सरोहा ने छात्रों को



उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए सभी अतिथियों को सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए अभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में प्रिंस, सागर ,आदित्य देव, अनमोल, जसवंत, अनस, विजय, शिवम , ऋतिक ,अमित आकाश ,आयुष, विक्की ,तकि, मनीष ,नदीम, अयान ,प्रिंस राज सहित 120 छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# जिला बार संघ ने की स्वामी कल्याण देव को भारत रत्न देने की मांग

**मुजफ्फरनगर।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं की सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अधिवक्ताओं द्वारा तीन सदी के दृष्टा शिक्षा ऋषि संत वीतराग स्वामी कल्याण देव जी महाराज द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों के लिए संत वीतराग स्वामी कल्याण देव जी महाराज को 'भारत रत्न' के सम्मान से सम्मानित किए जाने का महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मू से अनुरोध किया गया है। सोमवार को डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के फैन्थम हॉल में आयोजित बैठक की अधयक्षता डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अधयक्ष ठा. कंवरपाल सिंह ने करते हुए कहा कि स्वामी कल्याण देव ने स्वामी विवेकानन्द एवं महात्मा गांधी से भेंट करने के उपरान्त अंग्रेजी शासन में स्वराज की चेतना जागृत की। बैठक का संचालन करते हुए डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के महासचिव चन्द्रवीर निर्वाल ने कहा कि स्वामी कल्याण देव जी ने संपूर्ण जीवन में 300 से अधिक शिक्षण संस्थान, गुरुकुल, अस्पताल, आयुर्वेदिक कालेज, पॉलिटेक्निक आदि संस्थाएं स्थापित की। समाज के प्रत्येक वर्ग में शिक्षा ऋषि स्वामी कल्याण देव जी का योगदान अमूल्य और अमिट है। बैठक में राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मू से डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने संत वीतराग स्वामी कल्याण देव महाराज जी को भारत रत्न दिये जाने का अनुरोध एवं मांग करते हैं।

### बेदखली सूचना

मेरा पुत्र मौ. रिजवान व उसकी पत्नी रुमा बानो मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने में नहीं हैं। इसलिए मैं अपने पुत्र मौ. रिजवान व उसकी पत्नी रुमा बानो को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए इन दोनों से समस्त संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में इन दोनों का मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों से कोई मतलब वास्ता नहीं होगा। ये दोनों अपने लेनदेन व अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। मुझसे व मेरे परिवार से इनका कोई संबंध नहीं है।

**मौ. हाशिम पुत्र मौ. यासीन**
निवासी:- 996/411 दक्षिणी
खालापार, मुजफ्फरनगर

वाद के निस्तारण हेतू प्रतिवादी की उपस्थिति के लिये समन (आदेश 5 नियम 1और 5) न्यायालय ए.एस.डी.ओ. महोदय मुजफ्फरनगर वाद नम्बर 6293 सन् 2023 सलीम अहमद पुत्र सुलेमान निवासी ग्राम बागोवाली परगना तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर ....वादी बनाम 1-**इनाम** पुत्र मनसब अली 2-श्रीमति बानो पत्नि स्व: सरताज 3-मौ. आमिर 4-मौ. शहनवाज पुत्रगण स्व: सरताज निवासीगण ग्राम बागोवाली परगना तहसील व जिला मुजफ्फरनगर 5-खुर्शीद करीब पुत्र मौ. युनुस निवासी म0न0 196 मौहल्ला रैदासपुरी परगना तहसील व जिला मुजफ्फरनगर

......कन्टैस्टिड प्रतिवादीगण

आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वादी ने आपके विरूद्ध कुर्रेबन्दी हेतू वाद अन्तर्गत धारा 116 राजस्व सहिता न्यायालय में योजित किया है आपको इस न्यायालय मे उक्त वाद का उत्तर पत्र आदि प्रस्तुत करने के लिये उपस्थित होने के लिये दिनांक 11.4. 25 को दिन में 10:30 बजे नियुक्त करके यह समन प्रेषित किया जाता है आप नियत दिनांक को न्यायालय में स्वयं या अपने अधिकृत पैरोकार, अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते हैं। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो, और जो इस वाद से सम्बन्धित सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके, न्यायालय में आपकी उपस्थिति के लिये जो उक्त तिथि नियत की गयी है वह इस वाद के अन्तिम निस्तारण के लिये भी नियत है इस लिये आपको उस दिन अपने उन सभी साक्षियों को या उनसे सम्बन्धित सभी सारवान प्रपत्रो साक्ष्यो को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिये जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते है। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय मे उक्त वाद के निस्तारण के समय उपस्थित नहीं होंगे तो उस दशा मे उक्त वाद का निस्तारण आपकी अनुपस्थिति मे गुण दोष पर किया जायेगा।

आज दिनांक 4 माह 4 सन् 2025 को यह समन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत् न्यायालय द्वारा जारी किया गया।

**आज्ञा से**
**मुन्सरिम / न्यायाधीश**

# रामनवमी की शोभा यात्रा में उमड़ा सैलाब

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** देर सायं कस्बे में रामनवमी की शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा को लेकर नगरवासियों में खासा उत्साह दिखाई पडघ। अनेक स्थानों पर यात्रा का भव्य स्वागत हुआ। किसी के द्वारा पुष्प वर्षा की गई तो किसी के द्वारा खाद्य सामग्री का वितरण किया गया।

रविवार को राम नवमी का त्यौहार धूमधाम के साथ मनाया गया। कस्बे में देर सायं बडा बाजार स्थित ठाकुरद्वारा से प्रत्येक वर्ष की भांति एक शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ पूर्व पालिकाध्यक्ष नरेश पाल. ीवाल, क्षेत्रीय विकास पार्टी के अधयक्ष राजवीर सिंह, कांग्रेस नेता मुकेश शर्मा आदि के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। यात्रा में शामिल बैंड और झांकियां शिव पार्वती नृत्य, हनुमान, खाटूश्याम भवन आदि झाकिया कस्बा वासियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। यात्रा नगर के जीटी रोड, ढाकन चौक, बडघ बाजार होते हुए वापिस ठाकुरद्वारा आकर सम्पन्न हुई। इससे पूर्व यात्रा का कई स्थानों पर सामाजिक



संगठनों व कस्बावासियों द्वारा स्वागत किया गया। घंटाघर पर क्षेत्रीय विकास पार्टी, विश्व हिंदू परिषद द्वारा शिविर लगाकर पुलाव, केले, शीतल पेय का वितरण किया गया। क्षेत्रीय विकास पार्टी के शिविर में स्वयं अधयक्ष राजवीर सिंह वर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ पुष्प वर्षा कर शीतल पेय का वितरण करते दिखाई दिए। इस अवसर पर राजवीर सिंह ने बताया कि भगवान राम ने भी हमे सर्व धर्म सद्भाव की शिक्षा दी है, जिस पर चलकर हम अपना जीवन सफल कर सकते हैं। उधर जानसठ तिराहे पर सद्भावना मंच ने यात्रा पर पुष्प वर्षा की। जिसमें मुकेश शर्मा, सतीश वर्मा, गौरी शंकर गौरी, संजय भार्गव, अमरीश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## पुरानी रंजिश में युवक को मारने का प्रयास

**छपार।** दो सगे भाइयों ने पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक को घर में खींच लिया ओर गले में रस्सी डालकर जा से मारने का प्रयास किया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची उन्हें देखकर आरोपियों ने भागने प्रयास किया लेकिन पुलिस ने दोनों को गिरफतार कर उनके कब्जे से एक तमंचा व कारतूस बरामद कर चालान कर दिया। गांव बसेडा निवासी अहसान व इरसाद आदि में मारपीट की पुरानी रंजिश है। आरोप है कि अहसान का भाई इस्लाम रविवार की रात्रि में आरोपियों की गली से जा रहा था तो उन्होंने उसे अपने मकान में खींच लिया ओर रस्सी से गला घोटकर हत्या करने का प्रयास किया किसी ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगे लेकिन पुलिस ने बस अड्डे से आरोपियों को घेरकर गिरफ्तार कर लिया उनके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर व एक कारतूस बरामद किया। ओर अहसान की ओर से जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया है।

# विधान जीवों के जीवन में शांति की ऊर्जा भर देता हैं

**खतौली।** खतौली में चल रहे पंचदिवसीय भगवान महावीर जन्म महोत्सव के द्वितीय दिन का शुभारंभ महावीर पूजन, जलाभिषेक, शान्ति धारा व प्रक्षाल से हुआ प्रात: नित्यनियम पूजन के पश्चात नितिन भैय्या के निर्देशन में भगवान आदिनाथ की स्तुति भक्तामर महामण्डल विधान का आयोजन किया गया यह विधान जीवों के जीवन में शांति की ऊर्जा भर देता हैं विधान के मुख्य पुण्यार्जक अभय जैन, मोनिका जैन जय हनुमान स्टील परिवार रहे उनकी और से सभी पाठ में सम्मिलित श्रद्धालुओं को एक बैग का वितरण किया गया और पंकज जैन बर्तन वालो की और से स्टील की डिबिया का वितरण किया गया विधान के मधय में परम् पूजनीय आचार्य भारत भूषण जी महाराज ने भक्तामर स्तोत्र की महिमा के विषय मे बताया और किस प्रकार आत्मा से परमात्मा बना जाता है इस विषय में प्रकाश डाला गया जैनधर्म की अहिंसा एवम भगवान महावीर के जिओ और जीने दो सिद्धान्त की व्याख्या की।दोपहर में अंतरराष्ट्रीय स्याद्वाद महिला मंच खतौली की महिलाओं द्वारा जैन धर्म के पुराणों,कथाओं एवम सिद्धान्तों के



आधार पर प्रश्न मंच एवम सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए सभी विज. ेताओ को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबियों ने प्रतिभाग किया और मनोहारी प्रस्तुतियों का आनंद उठाया संध्या आरती की शोभायात्रा टीकमगढ़ से पधारे जैन बैंड के साथ प्रभु का गुणगान करते हुए उत्सव पंडाल पहुँची जहां सभी ने ढोलक मंजीरों की ध्वनि में आरती की प्रवचन में नितिन भै"या जी ने बताया कि हम महावीर को मानते हैं महावीर की नही मानते और जिस दिन हम महावीर की मानने लगेंगे उस दिन भवपार हो जाएंगे।रात्रि में महिला जैन मिलन खतौली द्वारा वैराग्यभाव पैदा करने वाली नाटिका जम्बू स्वामी का वैराग्य का जीवंत मंचन किया गया जम्बूस्वामी इस काल के अंतिम केवली हुए उनके साथ 527 चोरों ने भी उनकी वीतरागता और वैराग्य देखकर दीक्षा ले ली थी और अपना कल्याण किया। कार्यक्रम में सुशील जैन ,हंस कुमार जैन, सुनील जैन, प्रदीप जैन, बालेश्वर जैन संजय जैन दादरी,अरुण जैन, नीरज जैन, मुक. ेश आढ़ती, मनोज आढ़ती, वैभव जैन, संजीव जैन, पीयूष जैन, ऋषभ जैन,मुकुल जैन,अजय जैन ,प्रीति जैन, बबिता जैन, दर्शिता जैन, स्वाति जैन, अलका जैन, मनीषा जैन आदि सैंकड़ों की संख्या में जैन श्रद्धालु उपस्थित रहें।

# ओवरलोड गन्ने के वाहन बन रहे जान के दुश्मन

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** सड़कों पर ओवरलोड और गन्ने से भरे वाहन सड़क हादसे के कारण बन रहे हैं। सड़क हादसे में आये दिन राहगीर और वाहन चालक घायल हो रहे है। हैरत की बात तो यह है कि कस्बे में गन्ने से भरे ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने वाला आर्टियो विभाग कुम्भकर्णी नींद में सोया पड़ा है। लोगों का कहना था कि इस हादसे का जिम्मेदार आर्टियो विभाग है।

सोमवार को भी गन्ने जे ट्रक के नीचे दबने से दो महिलाओं की मौत हो गई और दस लोग घायल हो गए।

सड़कों की लंबी उम्र के लिए ओवरलोडिग पर पूर्णतया प्रतिबंध का सरकारी फरमान सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह गया। अधिका. रियों के कार्यालय, पुलिस थाना, चौकी के सामने से दिन-रात गन्नो से लदे ट्रक व डंपर फर्राटा भरते निकलते हैं। एक चक्कर में दोगुना कमाई की चाहत में वाहन चालक सड़क और लोगों की जान का दुश्मन बने हुए हैं।

क्षेत्र में तमाम कवायद के बाद भी ओवरलोडिग नहीं रुक रही है। हाइवे और जीटी रोडो पर सीसीटीवी कैमरे लगे होने का दावा किया जा रहा है। धर्मकांटा लगाकर वाहनों को तौल के बाद निकाले जाने की दुहाई दी जा रही है। सारी व्यवस्थाएं मानक के मुताबिक होने के बावजूद ओवरलोडिग का खेल नहीं थम रहा है। महीने में एक, दो बार प्रशास. निक अधिकारी खदान पहुंचकर संचालकों को नियम-कानून का पाठ पढ़ाकर लौट आते हैं। एक, दो दिन मानक के मुताबिक लोडिग करने के बाद वाहनों को ओवरलोड निकालने का खेल शुरू हो जाता है। ओवरलोडेड वाहनों की आवाजाही से रास्तों पर गहरे गड्ढे बन चुके हैं। सड़कों की हालत ऐसी हो चुकी हैं, जिनमे दो पहिया वाहन से सफर करना जोखिम भरा साबित होता है। सड़को पर एंबुलेंस भी समय से पहुंचकर मरीज नहीं ला पाती हैं। दिन-रात निकलने वाले ओवरलोडेड वाहनों की वजह से सफर करना मुश्किल बना हुआ है। कार्रवाई से बचने के लिए मुख्य सड़कों की बजाय वाहन चालक सड़कों को ध्वस्त कर रहे हैं। हैरत की बात तो यह कि ओवरलोड वाहनों के संचालित होने जे बाद भी कहा है आर्टियो विभाग क्या कुम्भकर्णी नींद में सोए पड़े विभागीय अधिकारी सोमवार को हुय इस हादसे के बाद कस्बे की जनता स्थानीय प्रशासन और सम्बंधित विभाग के अधिकारियो से आज यही पूछ रही है कि आखिर कार प्रशासनिक मशीनरी इनके खिलाफ कार्रवाई करने से क्यो कतरा रही है। हैरत की बात तो ये भी रही कि सोमवार को हुय हादसे के बाद खतौली कस्बे से गन्ने से भरे ओवर लोड वाहन स्थानीय प्रशास. निक अधिकारियों की आंखों के सामने से निकलते रहे लेकिन किसी भी अधिकारियों ने उन्हें रोकने या उनके खिलाफ कार्रवाई तक करने की जहमत तक नही उठा पाए।

## छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुत की मनोहारी छटा

**मोरना।** महामंडलेश्वर केशवानंद महाराज ने शिक्षा को तप और विद्यार्थियों को साधक की संज्ञा देते हुए विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि यह केवल पाठ्यक्रम की पढघई नहीं, बल्कि संस्कारों का संचार है जो इस विद्यालय की पहचान है। कार्यक्रम में अरुण खंडेलवाल, विद्यालय प्रबंधन के प्रमुख, ने सभी मान्य अतिथियों का परिचय कराते हुए उनका स्वागत किया और बताया कि यह विद्यालय किस प्रकार शिक्षा और संस्कृति के संगम का केंद्र बना हुआ है। बच्चों ने विविध नृत्य, देशभक्ति गीत, लघु नाटिका और वाद्य प्रस्तुतियों के माधयम से दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर के टंडन ने की स्वामी आनंद महाराज ,गीतानंद महाराज, भीमसेन गोयल,कंवर सेन, मनोज अग्रवाल, जिया लाल, आचार्य सीता राम शास्त्री, चरणपाल सिंह तोमर, भुजेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे ,

## टाउन हॉल में भगवान परशुराम की भव्य प्रतिमा लगाने को मंत्री कपिल देव ने भेजा पत्र

**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिका परिषद के प्रांगण में भगवान परशुराम की प्रतिमा स्थापित करने हेतू स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने एक प्रस्ताव पालिका चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप को भेजा है। 5 अप्रैल 2025 को अपने लेटरहेड पर लिखे इस पत्र में मंत्री ने भगवान विष्णु के छठे अवतार माने जाने वाले परशुराम की आदमकद भव्य प्रतिमा स्थापित करने का आग्रह किया है।

कपिल देव अग्रवाल ने अपने प्रस्ताव में सुझाव दिया है कि नगर पालिका प्रांगण में पहले से स्थापित सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के बाईं ओर भगवान परशुराम की भव्य प्रतिमा लगाई जाए। उन्होंने इस कदम को सांस्कृतिक और ऐतिहा. सिक रूप से महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह स्थानीय लोगों को अपने गौरवशाली इतिहास और सनातन संस्कृति से जोड़ने का एक माध्यम बनेगा।उन्होंने सुझाव दिया कि इस प्रस्ताव को पारित कर शासन को भेजा जाए, ताकि पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय, उत्तर प्रदेश सरकार के सरकारी व्यय पर प्रतिमा की स्थापना हो सके। इस कदम से न केवल सरकारी संसाधनों का उपयोग होगा, बल्कि यह परियोजना जल्दी से मूर्त रूप ले सकेगी।कपिल देव अग्रवाल ने अपने पत्र में डबल इंजन की बीजेपी सरकार के प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार विकास और विरासत को साथ लेकर जनसेवा के पथ पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने लिखा, ष्हमारे गौरवशाली इतिहास और सनातन संस्कृति का पोषण करने वाले महान आदर्शों को उचित सम्मान देकर उनके जीवन से जनसामान्य को प्रेरित किया जा रहा है।ष इसी क्रम में शस्त्र विद्या में श्रेष्ठ और भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के सम्मान में उनकी प्रतिमा स्थापित करना उचित होगा। उल्लेखनीय है कि पालिका प्रांगण में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथ-साथ किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा भी स्थापित है यह बात अलग है कि अभी तक अग्र समाज के संस्थापक महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा अभी तक नहीं लग पाई है लेकिन भगवान परशुराम की भव्य प्रतिमा स्थापित करने की मांग करके राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने ब्राह्मण समाज का दिल जीतने का प्रयास तो कर ही लिया है

## शादी समारोह में मारपीट में आधा दर्जन बाराती घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** बेहड़ा सादात गांव में आयोजित शादी समारोह में मामूली कहासुनी के उपरांत मेजबान व दूल्हा पक्ष के बीच गाली गलौज शुरू हो गई जिसके बाद हुई मारपीट में आधा दर्जन बाराती घायल हो गए घायलों को भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया पीड़ित बारातियों ने तहरीर देकर आरो. पियों के खिलाफ पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव बेहड़ा सादात में सोमवार को जोली गांव से बारात आई हुई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ बच्चे शोर मचा रहे थे आरा. ेप है कि बच्चों द्वारा खाने की प्लेट फेंक कर तोड़ दी गयी जिससे गुस्साए मेजबान पक्ष की ओर से गाली गलौज की गई।विरोध करने पर मारपीट शुरू हो गयी।जिसमें आधा दर्जन बाराती घायल हो गए वहीं दूल्हा पक्ष की ओर से दी गई तहरीर में नसीम पुत्र हकीमुद्दीन ने बताया कि गांव के ही नसीम अल्वी पुत्र ज़हीर आलम की बारात बेहड़ा सादात गयी थी। जहां शाम के समय वधु पक्ष के व्यक्तियों ने बारातियों के साथ अकारण ही गाली गलौज की।

विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी डंडो से मारपीट की जिसमें इरफ़ान अल्वी, प्रवेज़, वकील, राशिद आदि घायल हो गये घायलों को उपचार के लिए भोपा सी एच सी पर लाया गया। पीड़ितों ने तहरीर देकर आरो. पियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## समाजवादी पार्टी मासिक बैठक में पीडीए चर्चा कार्यक्रम चलाने पर जोर

**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक सपा कार्यालय पर जिला अध्यक्ष जिया चौधरी एडवोकेट की अध्यक्षता व जिला महासचिव चौधरी विकिल गोल्डी अहलावत के संचालन में संपन्न हुई।

मीटिंग को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष जिया चौधरी एडवोकेट ने कहा की भाजपा सरकार की तानाशाही पूर्ण कार्रवाई तथा पिछड़े दलित अल्पसंख्यक के उत्पीड़न को बेनकाब करने तथा समा. जवादी पार्टी विचारधारा में ही सर्व समाज के हित के सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के विचार को जन जन तक पहुंचाने के लिए फिर से समा. जवादी पीडीए चर्चा कार्यक्रम प्रत्येक विधानसभा में चलाया जाएगा। समा. जवादी पार्टी राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा व महानगर अध्यक्ष पुष्पेंद्र त्यागी बॉबी ने अपने संबोधन में कहा कि समा. जवादी पार्टी जनता के मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए हिंदू मुस्लिम एकता भाईचारे को तोड़ने कि भाजपा की किसी भी साजिश को सफल नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन लगातार अल्पसंख्यकों में आसूरक्षा तथा दमनचक्र चलाकर भेदभावपूर्ण कार्रवाई कर रहा है उन्होंने वक्फ कानून का नमाज के दौरान काली पटी बांधकर शांतिपूर्ण विरोध करने पर मुसलमानों के विरुद्ध मुकदमा कायम कर मुचलका नोटिस जारी करने पर पुलिस प्रशासन की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए भेदभाव पूर्ण कार्यवाही रोकने की मांग की। बैठक में मुख्यरूप से सपा प्रदेश सचिव विनय पाल सिंह जिला उपाध्यक्ष सोमपाल सिंह कोरी जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ सतीश गुर्जर,विधानसभा अध्यक्ष पुरकाजी सतबीर त्यागी विधानसभा अध्यक्ष डॉ अविनाश कपिल, विधानसभा अध्यक्ष मीरापुर सादिक चौहान,सपा नेता सत्येंद्र पाल,जिला सचिव रमेश चंद



शर्मा,अनेश उपाध्याय, राव नफीस, अनुज गुर्जर,सरदार तरनजीत सिंह,समा. जवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव रामशरण कश्यप, सुमित पंवार बारी,नगर अध्यक्ष मीरापुर ऐश मोहम्मद मेवाती,सभासद सुंदर सिंह,चौधरी मीर हसन, डॉ इसरार अल्वी, बृजेश कुमार,कृष्ण पाल सिंह,हाजी गुफरान तेवड़ा, प्रदीप डबास,जाउल चौधरी,जॉनी अरोड़ा,दुर्गेश पाल,नीरज गुप्ता, काजी अफजल, जितेंद्र कश्यप,आस मोहम्मद, शौकत मलिक सहित अनेक सपा पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीराम के आदर्शों को अपनाएं :निकिता शर्मा

**मुजफ्फरनगर।** मेरठ रोड स्थित तहसील सदर के प्रांगण में स्थित शिव मंदिर पर श्रीराम नवमी के अवसर पर सुंदरकांड का पाठ व भजन संध्या तथा भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एसडीएम सदर निकिता शर्मा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का संचालन तहसीलदार सदर राधेश्याम गोंड ने किया। एसडीएम सदर निकिता शर्मा ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम हम सबके पूज्यनीय और आदर्श हैं। स्थिति कैसी भी हो श्री राम का नाम ही स्मरण कर हम इस भवसागर को पार कर सकते हैं। सुंदरकांड भजन संध्या में समस्त पूजन पाठ व धार्मिक क्रियाएं शिव मंदिर के पुजारी पंडित द्वारका प्रसाद व पंडित संजय कुमार ने संपन्न कराई। हरि नाम संकीर्तन मंडल गांधी कॉलोनी के सदस्यों ने सुंदरकांड पाठ के साथ श्री राम की महिमा का गुणगान भी किया। कार्यक्रम में तहसील बार संघ के अध्यक्ष हाजी कमरूजमा एड., सचिव हेमंत अरोरा एड., स्टांप संगठन के अध्यक्ष तेजेंद्र कंबोज, सचिव नूर मोहम्मद, अशोक त्यागी, जितेंद्र गर्ग आदि मौजूद रहे।

### आधुनिक बीज और कीटनाशक गोदाम का शिलान्यास

**जानसठ ।** सोमवार को जानसठ ब्लॉक परिसर में जिले के पहले आधुनिक बीज एवं कीटनाशक गोदाम का शिलान्यास जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल के हाथों विधि-विधान से पूजा-पाठ के साथ किया। ये गोदाम न केवल क्षेत्र के किसानों की जरूरतों को पूरा करेगा, बल्कि अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होकर जिले में अपनी तरह का पहला भंडारण केंद्र होगा।शिलान्यास समारोह के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल ने दावा किया कि मुजफ्फरनगर जिले के किसी भी ब्लॉक में अभी तक इस तरह का आधुनिक बीज एवं कीटनाशक गोदाम नहीं बना है। उन्होंने कहा, ष्यह गोदाम जानसठ ब्लॉक के किसानों के लिए एक वरदान साबित होगा। इसमें बीज, कीटनाशक और खेती से जुड़ी तमाम जरूरी चीजें आसानी से उपलब्ध होंगी। निर्वाल ने इसे एक ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि ये सुविधा किसानों की मेहनत को नई दिशा देगी और उनकी उत्पादकता बढ़ाने में मदद करेगी।इस गोदाम के निर्माण के लिए एक करोड़, 21 लाख 87 हजार रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। वीरपाल निर्वाल ने बताया कि ये गोदाम अत्याधुनिक तकनीक से लैस होगा, जिससे बीज और कीटनाशकों का भंडारण सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से हो सकेगा। इसका उद्देश्य किसानों को समय पर और सही कीमत पर जरूरी संसाधन उपलब्ध कराना है, ताकि उनकी खेती में किसी तरह की बाधा न आए। ये गोदाम जानसठ ब्लॉक परिसर में बनाया जा रहा है, जो क्षेत्र के किसानों के लिए आसानी से सुलभ होगा।

इस परियोजना में ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र सिंह की अहम भूमिका रहेगी। वीरपाल निर्वाल ने जानकारी दी कि नरेंद्र सिंह के प्रयासों और सहयोग से ही इस गोदाम का निर्माण संभव हो पाया है। उन्होंने कहा, ह्नरेंद्र सिंह ने इस प्रोजेक्ट को मूर्त रूप देने में दिन-रात मेहनत की है। यह उनके नेतृत्व और किसानों के प्रति समर्पण का नतीजा है।

## एसडी कॉमर्स में वित्तीय शिक्षा पर राष्ट्रीय कार्यशाला सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स, के प्रांगण में इंस्टीयूट इनोवेशन काउंसिल आईआईसी द्वारा एसोसिएशन ऑफ म्यूचूअल फंड इन इंडिया की सहभागीता के अन्तर्गत वित्तीय शिक्षा - एनईपी 2020 के अन्तर्गत एक जीवन कौशल विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सूर्यकान्त शर्मा सीनियर कंस्लटेंट व पूर्व डीजीएम उपस्थित रहे। वर्कशॉप का शुभारम्भ मुख्य वक्ता सूर्यकान्त शर्मा, डा. सचिन गोयल प्राचार्य व डा0 नवनीत वर्मा डीन व आईआईसी अधयक्ष, विभागाधयक्षा डा. मोनिका रूहेला, मति एकता मित्तल ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। वर्कशॉप का संचालन डा. मानसी अरोरा द्वारा किया गया।



प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता सूर्यकान्त शर्मा ने बताया कि हम सभी को अपनी वित्तीय योजना तैयार करनी चाहिए। उन्होने बताया कि हमें अपनी मासिक आय में से एक निश्चित प्रतिशत हर बार बचत के रूप में रखना चाहिए और उसको उचित वित्तीय उत्पाद में निवेश भी करना चाहिए क्योंकि केवल बचत करते रहने से हम अपनी भविष्य की जरूरतों को पूरा नही कर पायेगें। अगर हमने अपनी बचत को उचित जगह निवेश किया तो ही हमारी बचत एक बडा आकार ले लेगी। जिससे हमारी भविष्य की आवश्यकताएं आसानी से पूरी हो पायेगीं । उन्होने निवेश में निहित जोखिम के संबंध में भी छात्र ध छात्राओं को अवगत कराया ।द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता द्वारा छात्र ध छात्राओं की जिज्ञासाओं, शंकाओं से सम्बन्धित उनके प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिया व कइ ज्वलंत उदाहरणों के माधयम से उनको प्रेरित किया ।प्राचार्य डा0 सचिन गोयल ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से छात्र- छात्राओं के वित्तीय ज्ञान में वृद्धि होती है।अंत में इंस्टीयूट इनोवेशन काउंसिल के अधयक्ष डा. नवनीत वर्मा ने मुख्य वक्ता व उपस्थित शिक्षकों एवं सभी छात्रधछात्राओं का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. नीतु पंवार, ओमकार सिंह, शेखर सिंह, डा. माधुरी अरोरा, डा. ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, डा. श्वेता सिंघल, प्राची चौधरी, शिवांगी वशिष्ठ, प्रियंका जैन, अंजु कुमारी, रजत धारीवाल, शिखा पाल, कमर रजा, कृष्ण कुमार व नितिन गोयल आदि का योगदान रहा।

## राणा पब्लिक स्कूल में ज़फ़रयाब अली को किया सम्मानित

**मुजफ्फरनगर।** राणा पब्लिक स्कूल में आयोजित एक विशेष समारोह के दौरान भारतीय किसान मजदूर संयुक्त मोर्चा के पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष ज़फ़रयाब अली को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके पुत्र मोहम्मद काशिफ की उल्लेखनीय उपलब्धि पर दिया गया, जिन्होंने विद्यालय की 8वीं कक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त कर स्कूल और परिवार का नाम रोशन किया। विद्यालय के डायरेक्टर आरिफ हसन नाइब प्रिंसिपल अब्दुस समद ने ज़फ़रयाब अली को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और मोहम्मद काशिफ की मेहनत व लगन की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राएं और अभिभावकगण उपस्थित रहे। ज़फ़रयाब अली ने विद्यालय प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा देना ही देश के उज्जवल भविष्य की नींव है।



## हठी दुकानदार 10 हजार रुपये के जुर्माने की सूचना से भी नहीं डरे

**बुढ़ाना।** कस्बे के सैंकड़ों दुक. ानदार आज सोमवार को साप्ताहिक बंदी के दिन भी बैखोफ होकर अपनी अपनी दुकानों को खोले हुए नजर आए हालांकि सूचना यह भी थी कि अगर कोई भी दुकानदार साप्ताहिक बंदी मे इस बार अपनी दुकानों को खोलेगा तो उसी दुक. ानदार पर दस हजार रूपये का जुर्माना होगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ और हठी दुकानदारों ने दुकानों के खुलने पर जुर्माने की खबर को मजाक मानते हुए बैखोफ होकर अपने अपने प्रतिष्ठान खोलकर जमकर दुकानदारी की और बेचारे जो दुकानदार साप्ताहिक बंदी का हर सप्ताह पालन करते रहे हैं उन्होंने अपने आपको ठगा सा महसूस किया और कहा कि शायद वे भी अपनी दुकानों को खोलकर आज दुकानदारी कर लेते। कुल मिलाकर दबंग दुकानदार हर सप्ताह साप्ताहिक बंदी के दिन भी दुकान खोलकर डीएम के आदेशों को सिगरेट का छल्ला बनाकर उड़ानें में पूरी तरह से मशगूल हैं वहीं प्रशासन भी इन दबंग दुकानदारों के आगे नतमस्तक सा नजर आ रहा है। आज बड़ा बाजार में दुकानों को खोलकर साप्ताहिक बंदी का पूरा मजाक उड़ाया गया वहीं दूसरी और व्यापारी नेता राजेश संगल और उनके आसपास की सभी दुकानें छोटा बाजार में पूर्ण रूप से बंद ही मिली। अब छोटा बाजार के भी सभी दुकानदार अगले बंदी दिवस पर अपनी अपनी दुकानों को खोलेंगे ऐसी खबर मिली है।

## कई बूथों पर मनाया भाजपा का स्थापना दिवस

**बुढ़ाना।** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस आज सोमवार के दिन बुढ़ाना नगर पंचायत के पूर्व सभासद मुकेश शर्मा के आवास पर बड़ी ही धूमधाम और हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया।

भाजपा स्थापना दिवस पर विशेष कार्यक्रम भाजपा बुढ़ाना मंडल में मुकेश शर्मा के आवास पर भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित करके मनाया गया।

बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के आगामी कार्यक्रम भाजपा के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में चलेंगे। जिसमे पूर्व सभासद मुकेश शर्मा को बीती 06 अप्रैल से लेकर आगामी 25 अप्रैल तक चलने वाले सभी कार्यक्रमों का विधानसभा सह संयोजक बनाया गया है। यहां पर मुख्य रूप से भाजपा बुढ़ाना मंडल अध्यक्ष मोनू कुर्थल,



भाजपा के बुढ़ाना ए सेक्टर और बुढ़ाना बी सेक्टर के बूथ अध्यक्ष, मौहम्मद शाहिद, रविंदर कुमार, आशीष सैनी और सोनू कश्यप भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। दूसरी और युवा भाजपा नेता सुमित सैनी ने भी अपने बूथ पर स्थापना दिवस मनाया। आज पार्टी कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता सुमित सैनी ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ भारत माता के नीति चक्र पर माला अर्पण किया। इस अवसर पर युवा नेता सुमीत सैनी, मोनू ठाकुर, राम नरेश, परमेश सैनी शाहपुर, विकास गुप्ता, शाहबाज सिद्दीकी और गुलजार कुरैशी आदि भाजपाई मौजूद रहे।

## सन्तुलित आहार और नियमित व्यायाम करना ही स्वास्थ रहने की गारंटी

**मुजफ्फरनगर।** राम कॉलेज ऑफ फार्मेसी में ''स्वास्थ्य शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य '' थीम पर विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य मे विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और एक स्वस्थ समाज की दिशा में कदम बढ़ाना था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. सुषमा शर्मा, स्त्री रोग विशेषज्ञ ने छात्रों को संबोधित करते हुए विश्व स्वास्थ्य दिवस के उद्गम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों के प्रति जागरूकता फैलाना और हर व्यक्ति को एक स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली और बढ़ते मानसिक दबाव के चलते स्वास्थ्य एक बड़ी चुनौती बन चुका है। ऐसे में यह दिन हमें याद दिलाता है कि स्वास्थ्य केवल बीमारी की अनुपस्थिति नहीं है, बल्कि यह शारीरिक, मानसिक और सामाजिकै रूप से पूर्ण रूप से स्वस्थ होने की अवस्था है।इस अवसर पर डॉ. विमल भारती ने छात्रों को अपने जीवन में संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और सकारात्मक सोच को अपनाने का संद. ेश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि युवाओं की भूमिका एक स्वस्थ समाज के निर्माण में सबसे अहम है, और यदि वे आज से ही अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देंगे, तो न केवल वे स्वयं स्वस्थ रहेंगे बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करेंगे।इस अवसर पर स्वास्थ्य संबंधित विषयों को रोचक और सूचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया गया। इन प्रस्तुतियों में प्रमुख रूप से स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार का महत्व, मान. सिक स्वास्थ्य जागरूकता, महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे, वर्तमान समय में रोग प्रतिरोधक क्षमता का महत्व, और स्वच्छता एवं हाइजीन जैसे विषय शामिल थे। प्रत्येक प्रस्तुति में छात्राओं ने न केवल तथ्यात्मक जानकारी दी, बल्कि आंकड़ों, चित्रों और वीडियो के माध्यम से विषयों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।इस दौरान छात्रों की शोध क्षमता, प्रस्तुतीकरण कौशल और टीम वर्क की भी सराहना की गई। मुख्य अतिथि डॉ. सुषमा शर्मा जी ने इन प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी यदि स्वास्थ्य के प्रति इतनी जागरूक है, तो निश्चय ही भविष्य एक स्वस्थ और समृद्ध समाज की ओर अग्रसर होगा। पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण में अनुराग व् वंशिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, भावना ओर सुहेल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, इसी के साथ युसूफ व हुसैन फारूकी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, और राधिका सिंघल, फानूस, नाजिया, अंश शर्मा, संस्कृति, आक. ाश वर्मा, खुशी इत्यादि छात्रों ने एक से बढ़कर एक पावरप्वाइंट प्रस्तुतीकरण किया।

## एसडी कॉलेज बीपीएड प्रथम वर्ष की छात्रा का ऑल इंडिया साइक्लिंग में चयन

**मुजफ्फरनगर।** हरियाणा में 28 मार्च से 31 मार्च 2025 मोरनी हिल्स पंचकुला हरियाणा 21सीनियर ,जूनियर व सब-जूनियर साइक्लिंग का आयोजन किया गया ।

इस प्रतियोगिता का आयोजन हरियाणा स्टेट साइक्लिंग साइक्लिंग एसोसिएशन द्वारा किया गया। जिसमें एस.डी कॉलेज बीपीएड की छात्रा महिला वर्ग में सहारनपुर की चांदनी ने पंचकुला में आयोजित 2025 (एमटीबी) इवेंट में अपने शानदार प्रदर्शन के आधार पर क्वालिफाई किया और प्रदेश ओर कॉलेज का नाम रोशन किया। चांदनी का नेशनल खेलों में ऑल इंडिया के लिए चयन होने पर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रोफेसर सुधीर कुमार पुंडीर द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया और जीवन में आगे बढघ्ते रहने के लिए



प्रोत्साहित किया । इसके साथ ही शारीरिक शिक्षा के विभाग अधयक्ष डॉ. अंशुल शर्मा ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आगे बढने की प्रेरणा दी। और डॉ. नितिन कुमार डॉ. संदीप, डॉ. चंद्रमणि, डॉ. नागेंद्र, डॉ. कर्मजीत कौर, डॉ.आदित्य आनंद, व डॉ. प्रणव शर्मा ने छात्रा को आशीर्वाद दिया ।

## शराब के लिए पैसे न देने पर चालक ने यात्रियों से की मारपीट

**बुढाना।** कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहसाना निवासी ग्रामीण श्रवण कुमार, बलबीर, विपिन, गोपाल, आकाश, वंश, मान सिंह, सुशीला और रीना आदि हरिद्वार में भंडारा करने गए थे। उन्होंने उमरपुर निवासी शुभम की गाड़ी किराए पर बुक की हुई थी।

बीती रविवार की देर शाम वापस आते समय शुभम ने अधिक पैसे मांगे तो उन्होंने मना कर दिया। आरोप है कि आरोपित ने उमरपुर के पास गाड़ी रोक दी और अन्य कुछ युवकों को बुला लिया। उक्त लोगों ने गांव लुहसाना के लोगों के साथ मारपीट करते हुए उन्हें घायल कर दिया। श्रवण कुमार की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## डे नाइट शूटिंग बॉल टूर्नामेंट का संदीप वर्मा ने फीता काटकर किया शुभारम्भ

**शाह टाइम्स पुरकाजी**

**पुरकाजी।** पुरकाजी ब्लॉक के गांव भोजाहेडी में डे नाइट शूटिंग बॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि डॉक्टर संदीप वर्मा ने विधिवत रूप से टूर्नामेंट का फीता काटकर शुभारंभ किया उन्होंने कहा की जीवन में अपने शरीर के लिए खेलना भी स्वस्थ रहने के लिए जरूरी है,टूर्नामेंट देर रात तक चला जिसमे मेरठ सें हर्ष महल और सहारनपुर सें प्रदीप दुधली के बीच फाइनल मुक. ाबला हुआ ओर प्रदीप ने जीत हासिल की। कार्यक्रम संरक्षक बृजेश कुमार ने बताया की डे नाइट टूर्नामेंट में काफी दूर-दूर की टीमों ने हिस्सा लिया जिसमे सहारनपुर जिले सें दूधली दहिरपुर,हरिद्वार से रुड़की, हरचंदपुर रजौली मुजफ्फरनगर से बसेड़ा, रुड़कली, लखनौती,अब्दुलपुर शेरपुर, बुडीना कला मेरठ आदि दर्जनों टीम पहुंची।अशोक गिरी ने बताया कि भोजाहेडी में आजाद क्लब से एक शूटिंग क्लब है शूटिंग बॉल की शुरुआत करने वाले अपने बुजुर्ग



खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने भोजाहेडी में शूटिंग बॉल की शुरुआत की थी इनमें हरपाल सिंह पाल,हाजी यूसुफ चौधरी,तैयब अली, ओमपाल, चौधरी वेदपाल सिंह,राकेश गुप्ता है। कमेटी के अध्यक्ष गुडू व कोषाध्यक्ष अतुल पाल ने बताया टूर्नामेंट देर रात तक चला जिसमे हारने वाली टीम के सभी खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा और उनके खाने ठहरने की व्यवस्था की गई थी,मैच के लिए रेफरी भी बाहर से बुलाए गए थे। इस मौके पर मोहम्मद इरशाद,पप्पू धीमान,मनोज पाल, उत्तम राणा,टीटूपाल, शिवकुमार पाल,रोहित कुमार, अतुल, टोनी,सचिन पाल,पप्पू सैनी,शुभम कुमार आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ईओ पर अभद्रता करने का आरोप, सफाईकर्मियों ने किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोमवार को सफाईकर्मियों ने ईओ पर अभद्रता करने का आरोप उनके कार्यालय में जमकर हंगामा किया। उन्होने ईओ पर यूनियन के अध्यक्ष को कुर्सी पर न बैठने दिए जाने का आरोप लगाते हुए अनिश्चिकालीन हडताल की चेतावनी दी है।

नगर पालिका में स्वच्छ सर्वेक्षण का निरीक्षण का कार्य होना है। जिसमें डोर टू डोर वाहन चाल. कों को वाहन के लिए डीजल की व्यवस्था करने के संबंध में यूनियन के अध्यक्ष अमित तेश्वर व महासचिव विनोद निर्वाल ईओ से मिले और डीजल की व्यवस्था करने की बात कही।आरोप है कि जिस पर ईओ विनोद कुमार सोलंकी ने यूनियन अध्यक्ष के साथ अभद्र भाषा का व्यवहार किया। कुर्सी से खड़े होकर बात करने को कहा। इस बात का सफाई कर्मचारियों व वाहन चालक व सफाई नायकों को पता लगा तो उन्होने ईओ कार्यालय पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया। यूनियन के पदाधिकारियों से अभद्रता करने पर नाराजगी व्यक्त की। बाद में सफाई कर्मियों ने चेयरमैन अरविंद संगल को ज्ञापन दिया। जिसमें कहा कि यूनियन के अध्यक्ष का सम्मान किया जाए। इस बात पर दोनों यूनियन के अध्यक्ष अमित तेश्वर,प्रवीण कुमार वाल्मीकि,व महासचिव विनोद कुमार निर्वाल,अश्वनी तेश्वर ने मिलकर सभी को शांत किया। उन्होने कहा कि शहर शामली के बढ़ाते क्षेत्रफल को देखते हुए 100 आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी बढ़ाया जाए। डोर टू डोर वाहन चालकों को समय से डीजल दिया जाए। स्थाई, संविदा, चतुर्थ श्रेणी, चपरासियों को वर्दी का लाभ दिया जाए और नए स्थाई कर्मचारियों को पेंशन का लाभ दिया जाए। चेतावनी दी कि यदि 10 अप्रैल तक मांगे पूरी नही होती तो अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। इस अवसर पर प्रवीण कुमार वाल्मीकि,अमित तेश्वर, विनोद कुमार निर्वाल, प्रदीप टांक मायूस, जोगेश पाहिवाल, राजन पाहिवाल, जितेंद्र चंद्रा, संजय बिडला, अनुज चावला, दीपक चंद्रा, देवेंद्र कुमार बिडला, गजेंद्र सिंह, कंवर पाल, अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे।





# बंजर भूमि पर अवैध कब्जा कर गेहूं की फसल बोई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** तहसील के गांव नाई नगला जाटान में ग्राम सभा की बंजर की भूमि पर लोगों ने अवैध कब्जा कर गेहूं की फसल बो रखी है इस संबंध में ग्रामीणों ने संपूर्ण समाधान दिवस में कई बार शिकायत की लेकिन भूमि कब्जा मुक्त नहीं हुई है।

गांव नाई नगला जाटान में खसरा संख्या 108/1 रकबा करीब 500 बीघे अभिलेखों में बंजर भूमि में दर्ज है गांव वालों का आरोप है कि उक्त भूमि पर करीब एक दर्जन लोग ने अवैध कब्जा कर रखा है इस समय भूमि पर गेहूं की फसल पककर तैयार हो गई है ग्रामीणों ने इसकी शिकायत 15 फरवरी, 1 मार्च को संपूर्ण समाधान दिवस में तथा इससे पूर्व भी तहसील के अधिकारियों से की थी ग्रामीणों ने बताया कि शिकायत के बाद मौके पर हल्का लेखपाल व सर्वे लेखपाल भी गए थे लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो पाई अब फसल पककर तैयार हो गई है कब्जा करने वाले कभी भी फसल काट सकते हैं लेकिन तहसील प्रशासन मौन है।

शिकायत करने वालों में जगपाल, सुनील, परविंदर ,कर्मवीर आदि शामिल रहे। इस संबंध में तहसीलदार मृदुला दुबे से जानकारी चाही फोन की घंटी बजती रही रिसीव नहीं किया गया वहीं दूसरी ओर उप जिला अधिकारी निधि भारद्वाज ने प्रकरण की जानकारी कर कार्रवाई करने की बात कही है।

# विजय उपाध्याय का ढोल नगाड़ों से स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राष्ट्रीय उपाध्याय योगी चेतना मंच सेवा समिति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय उपाध्याय व राष्ट्रीय महासचिव विजय उपाध्याय का शामली पहुचंने पर ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। गत 6 अप्रैल को बागपत के गांव ककौर कला में राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें सम्पूर्ण भारतवर्ष से संगठन के पदाधिकारियो ने भाग लिया, जिसकी अध्यक्ष राज. कुमार गोस्वामी, व संचालन प्रदेश महासचिव मास्टर सुनील उपाध्याय ने किया। राष्ट्रीय सम्मेलन में मध्यप्रदेश, हरियाणा, देहली, राजस्थान, बिहार, छतीसगढ़, उत्तरंखण्ड, उत्तर प्रदेश, पंजाब से संगठन के लोगो ने भाग लिया। जिसमें सर्व सम्मति से शामली के संजय उपाध्याय को राष्ट्रीय अध्यक्ष व विजय उपाध्याय गुरुग्राम को राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया। नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय उपाध्याय का एलम से शामली तक समाज के गणमान्य लोगों ने फूल मालाओं, ढोल नगाड़ों के साथ शामली आगमन पर स्वागत किया। संजय उपाध्याय ने कहा कि उपध्याय योगी नाथ गोस्वामी समाज ने जो जिम्मेदारी दी है उसको बड़ी ही ईमानदारी से निभाउंगा और समस्त भारत मे संगठन को खड़ा किया जाएगा। समाज के लोगो पर हो रहे उत्पीड़न, अत्याचार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नही किया जाएगा। संगठन समाज के गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए काम करेगा सामाजिक कुरूतियों को दूर करने का काम करेगा।

इस अवसर पर धर्मबीर जोगी, रामफल उपाध्याय, सुभाष, जलसिंह योगी, वीरेंद्र गोस्वामी, महेन्द उपाध्याय, विनोद उपाध्याय, अशोक उपाध्याय, कमल उपाध्याय, सोनू उपाध्याय, सुरेश उपाध्याय, सुरेश मुखिया, सियानंद उपाध्याय, राज. कुमार योगी आदि मौजूद रहे।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर बालिकाओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने मां सरस्वती ओम मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर बालिकाओं को अनुलोम विलोम, कपालभाति, भ्रामरी आदि योगासन कराकर उनके स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की प्रेरणा दी। शिक्षक संजीव कुमार ने बालिक. ाओं को विश्व स्वास्थ्य दिवस क्यों मनाया जाता है। इस विषय में बताते हुए कहा की सन 1948 को विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना हुई और सन 1950 से विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाने लगा इसका उद्देश्य सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। इस बार की थीम महिलाओं की सुरक्षा और बच्चों की मृत्यु दर को कम करना ही सरकार का उद्देश्य है। हमें अधिक मात्रा में पानी का सेवन करना चाहिए। अपनी दिनचर्या और खान-पान का भी ध्यान रखना चाहिए। इस अवसर पर संदीप कुमार, गीता रानी, कविता रानी, अनीता रानी, सुरभि रानी, उपासना रानी, आकांक्षा रानी, विकास कुमार, अश्विनी कुमार, कपिल कुमार, अमित कुमार, रवि कुमार, दिव्या रानी, मोनिका रानी ,नीलम रानी, रेनू रानी, साक्षी रानी, राहुल कुमार, धर्मेंद्र कुमार, पंकज रानी, मोहित कुमार उपस्थित रहे।



## टोल प्लाजा के सहायक मैनेजर ने चार के खिलाफ तहरीर दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** रविवार देर रात टोल प्लाजा पर हुए मारपीट के मामले में टोल के सहायक मैनेजर अमित बालियान ने दो नामजद तथा दो अज्ञात युवकों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। मार पीट का मामला टोल पर लगे सीसीटीवी में भी कैद हो गया जो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। टोल प्लाजा पर आए दिन किसी ने किसी बात को लेकर झगड़ा होता ही रहता है। रविवार की रात करीब साढ़े नौ बजे छोटे हाथी में सवार लोगों ने यह कहते हुए टोल टैक्स देने से मना कर दिया कि वह लोकल से हैं, इसी बात को लेकर टोल पर मौजूद कर्मचारियों तथा छोटे हाथी पर सवार लोगों में कहा सुनी हो गई। मामले में बीच बचाव कराते हुए टोल मैनेजर अमित बालियान से मामला शांत करा दिया था। टोल मैनेजर ने बताया कि बाद में कुछ युवक अपने हाथों में लोहे की नाल लेकर आए और आते उन्होंने हम पर हमला कर दिया जिसमें मैं खुद तथा तीन अन्य टोल कर्मी सरवर, सुहेल, आयुष घायल हो गए। मारपीट करने के बाद आरोपी युवक फरार हो गए बाद में पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से टोल मैनेजर को गंभीर हालत के चलते हायर सेंटर रेफर कर दिया। बाद में टोल मैनेजर अमित बालियान की ओर से दो नामजद प्रवीन पुत्र चतरू, उमेश पुत्र लाला तथा दो अज्ञात हमलावरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

## एक नजर

### दो वाहन चोर गिरफ्तार



**शामली।** वादी मनोज पुत्र राकेश निवासी निवासी मौहल्ला गगन विहार थाना कोतवाली शामली जनपद शामली की मोटर साईकिल चोर द्वारा चोरी कर ली गई थी। पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 2 वाहन चोरो को चोरी की गई मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए गए मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारीध्बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा एक मादक पदार्थ तस्कर को अवैध 11.10 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त विक्की पुत्र विनीत निवासी मौहल्ला प्रतापनगर कस्बा बनत थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली है।

### चोरी के मामलों में पांच गिरफ्तार



**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान मुन्डेट नहर पुल के पास से 5 अभियुक्तों को चोरी किए गए सामान (145 पेटी टाइल्स, 2 फ्लैश शीट, 2 कैमिकल बैग) व चाबी का गुच्छा, फर्जी बिल, मोबाईल फोन एवं घटना में प्रयुक्त पिकअप गाड़ी सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना आदर्शमण्डी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त विजय ने पूछताछ पर बताया कि मैं मौहल्ला जवाहर नगर निवासी सोनू गर्ग की कण्डेला स्थित टाइल्स के गोदाम जयदुर्गा मार्बल्स पर कार्य करता हूं, वहीं पर अनुज पुत्र ओम सिंह भी होल्सेल का कार्य करता है । हम दोनो ने गोदाम की डुप्लीकेट चाबी बनवाई तथा गोदाम से टाइल्स निकालकर अपने साथी दीपक, कपिल व पुष्कर के साथ मिलकर सस्ते दामों में बेच देते थे । आज भी हम लोग अपने आर्थिक उद्देश्य की पूर्ति हेतु गोदाम से सामान निकालकर बेचने के लिए जा रहे थे तभी पुलिस नें हम लोगो को पकड़ लिया। गिरफ्तार अभियुक्त विजय पुत्र महक पाल निवासी ग्राम मुन्डेट कलां थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली, दीपक पुत्र श्योराज निवासी ग्राम मुन्डेट कलां थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली, कपिल पुत्र देवराज निवासी मुन्डेट कलां थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली, पुष्कर पुत्र सुधीर निवासी मौहल्ला पंसारियान अटल विहार थाना कोतवाली शामली जनपद शामली, अनुज पुत्र ओमसिंह निवासी अटल विहार थाना कोतवाली शामली जनपद शामली है।

### तालाब की भूमि पर निर्माण को हटाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** गांव हरसाना में दबंगों ने तालाब की भूमि पर पक्का निर्माण शुरू कर दिया इस संबंध में ग्रामीणों ने उपजिला अधिकारी को शिकायत की इसके बाद राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी से दीवार को हटा दिया। गांव हरसाना में खसरा नंबर 103 ,104 तालाब की भूमि में दर्ज है आरोप है कि उक्त भूमि पर गांव निवासी सुनील पुत्र हरफूल राजकुमार पुत्र जयपाल ने पक्का निर्माण शुरू कर दिया तथा सबमर्सिबल भी लगा दिया इस संबंध में ग्रामीणों ने शिकायत उप जिलाधिकारी निधि भरद्वाज को की गई इसके बाद राजस्व टीम मौके पर पहुंची तथा जेसीबी से बनाई गई दीवार को ढहा दिया राजस्व निरीक्षक विनोद बालियान ने बताया कि बाकी अवैध कब्जा भी हटवाया जाएगा। कार्रवाई में लेखपाल अजीत पवार अंशु मलिक शामिल रहे।

### मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए निशुल्क कोचिंग की शुरुआत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला समाज कल्याण अधिकारी रीतू रस्तोगी ने बताया कि वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत परीक्षा पूर्व प्रतियोगी परीक्षाओं यथा सिविल सर्विस, आईआईटी, जेईई, एनडीए, सीडीसी नीट, एसएससी, यूपीएसएसएससी की तैयारी कर रहें, ऐसे उत्साही, इच्छुक छात्र-छात्राओं को जनपद शामली के राष्ट्रीय किसान इण्टर कालेज में संचा. लित निशुल्क कोचिंग केन्द्र पर निशुल्क कोचिंग लेने के लिए आनलाइन एवं आफलाइन प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है। आवेदन आनलाइन करने के लिए अभ्युदय पोर्टल पर अपना पंजीकरण कर सकेंगें। आफलाइन आवेदन के लिए राष्ट्रीय किसान इंटर कालेज एंव कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकासभवन शामली ग्राम गोहरनी से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते है।

# यूपी स्टेट पैरा एथलेटिक्स के विजेताओं का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कर्मण्य सर्वहित संस्था द्वारा शहर के होली चाईल्ड स्पोर्टस एकेडमी में चल रहे दो दिवसीय यूपी स्टेट पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप समापन हो गया। इस दौरान विजेता खिलाडियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

पैरा स्पोर्टस एसोसिएशन के कोर्डिनेटर जबर सिंह खैवाल व संस्था के अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, सचिव कृष्ण मित्तल ने बताया कि चैंपियनशिप का समापन हो गया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन एमएलसी मोहित बेनिवाल ने शुभारंभ किया। इस दौरान टी-44 100 मीटर रेस में राधिका, रानी, तनिषा प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। टी-35 में 100 मीटर में निशा, सुमाया, राधिका प्रथम, द्वितीय व तृतीय रही। टी-46 में बिट्टू यादव, नेहा, शालू प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। टी-44 में अबूजर, मोहीन प्रथम, द्वितीय रहे। टी-35 में प्रियांशु, कार्तिक, विष्णु प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। इस दौरान एमएलसी मोहित बेनिवाल व पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी द्वारा विजेता खिलाडियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में पहुंचे खिलाडियों के लिए सभी व्यावस्था संस्था द्वारा की गई थी। इस अवसर पर दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी अंशुल चौहान, रामजीलाल कश्यप, घनश्यामदास गर्ग, सुखचौन वालिया, वैभव गोयल, आजाद चौधरी, संजीव तोमर, अंकित, जयदेव आदि मौजूद रहे।



# उच्च प्राथमिक विद्यालय में स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढीपुख्ता।** गांव हथछोया में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में सर्व शिक्षा अभियान के तहत सब पढे सब बढे को लेकर स्कूल के अध्यापक एवं अध्यापिकाओं द्वारा बच्चों के हाथों में बैनर, तकतीया बनाकर गॉव के मुख्य मार्गो से होकर रैली निकाली गई। जिसमें स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत घर घर जाकर 6 से 14 आयु वर्ग के बच्चों के नामांकन हेतु अभिभावकों एंव बचचो से जनसंपर्क किया तथा प्रत्एक अभिभावक को अपने 6 से 14 आयु वर्ग के सभी बच्चों को विद्यालय भेजने का अनुरोध किया और 6से 14आयु वर्ग के सभी बच्चे जिन्होंने बीच में ही पढाई छोड़ दी है उन सभी का नामांकन विद्यालय में कराने के लिए प्ररित किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान देवेंदर तोमर द्वारा विशेष सहयोग किया गया। जनसंपर्क अभियान में स्कूल योगेश कुमार स0अ0, रजत कुमार स.अ , रविंद्र कुमार सहायक अध्यापक,सुस्मिता स. अध्यापिका, शौयता सहायक अध्यापिका, मनोज कुमारी शिक्षामित्र, रणवीर सिंह शिक्षामित्र आदि ने घर घर जनसंपर्क कर बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया।




# अधिक से अधिक हो गेहूं की खरीद

**शामली।** गेहूं विपणन वर्ष के दौरान जहां सभी सरकारी एजेंसियों के केन्द्र प्रभारी गेहूं खरीदने की कवायत में लगे है वहीं एफसीआई द्वारा संचालित गेहूं क्रय केंद्र मंडी प्रभारी द्वारा गांव-गांव जाकर किसानों को गेहूं खरीद सम्बंधित सभी जानकारी दी जा रही है। जिससेअधिक से अधिक गेहूं की खरीद कर सरकारी योजनों की पूर्ति होने के साथ-साथ किसानों को एमएसपी का लाभ भी मिल सके। केन्द्र प्रभारी शामली शक्ति कुमार द्वारा सोमवार को खेड़ी बैरागी एवं फतेहपुर गांवों का भ्रमण किया गया तथा किसानों को सरकारी क्रय केंद्र पर गेहूं बिक्री करने पर होने वाले लाभों के विषय में बताया गया। जिससे किसानों को सरकारी समर्थन मूल्य का लाभ अधिक से अधिक मिल सके।

# मां शाकुम्भरी देवी मासिक आरती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मां शाकुम्भरी देवी मासिक नवमी आरती नगर के गंगा मंदिर मे बड़े ही धूमधाम से हुई मां शाकुम्भरी देवी आरती समिति द्वारा मासिक नवमी आरती का आयोजन प्रत्एक माह की नवमी को किया जाता है जिसमे मां शाकुम्भरी का सुन्दर दरबार सजाया जाता है पण्डित मांगेराम शर्मा द्वारा विधि विधान से पूजन कराया गया आरती मे आस पास के भक्तो ने शामिल हो धर्म लाभ उठाया जिसके बाद सभी श्रद्धालुओ मे साक सब्जी, श्रृंगार सामान व प्रसाद वितरित किया गया आरती के मुख्य यजमान डा। अशोक सिंघल जी व डा। ईशांक सिंघल जी सपिवार रहे इस अवसर पर अध्यक्ष रोबिन गर्ग, सचिव डा। अनिल कुमार बंसल, कोषाध्यक्ष अनुराग जिंदल, प्रदीप सिंघल, एडवोकेट आशीष संगल, खुशीराम अरोरा, सुनीत गर्ग, रवींद्र मित्तल, सुनील शर्मा, अमित गर्ग, अंकित शर्मा, विशाल शर्मा, अर्पणा संगल, कुमुद शर्मा, बरखा शर्मा, राखी उपाध्याय व रितु उपाध्याय शामिल रहे।

# जूनियर इंजीनियर संगठन के पदाधिकारियों का प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन के पदा. धिकारियों ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करते हुए निजीकरण का विरोध किया। उन्होने विद्युत विभाग में किए जा रहे निजीकरण को खत्म करने की मांग की।सोमवार को शाम तीन बजे से पांच बजे तक अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर चले ाज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन के पदाधिकारियों के धरने को संबोधित करते हुए पदाधिकारियों ने कहा कि निजीकरण का प्रयोग उपभोक्ता विद्युत कर्मियों एवं विभाग के हित में उचित नहीं है। निजीकरण का सीधा प्रभाव गरीबों, किसानों पर पड़ेगा। संगठन कभी भी निजीकरण का पक्षधर नहीं रहा है। ऐसे में कॉरपोरेशन की एकतरफा कार्रवाई से जूनियर इंजीनियर एवं प्रोन्नत अभियंता में रोष है। विरोध सभा में सौरभ कुमार, शशि कुमार, इरफान अहमद, शैलेश कुमार, संजीव, सौरव, अतर सिंह, विजय, शंकर कुशवाहा, नितिन कुमार, धीरज सिंह, अजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

# धीरे-धीरे क्षेत्र में शुरू हुई गेहूं की कटाई, चेहरों पर दिखी राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** क्षेत्र में मौसम के बदलाव के साथ ही खेतों की तस्वीर भी बदलने लगी है। गर्मी का मौसम रफ्तार पकड़ चुका है और तेज धूप ने गेहूं की फसल को पकने के अंतिम चरण में पहुंचा दिया है। इसी के चलते अब खेतों में धीरे-धीरे कटाई का कार्य शुरू हो चुका है।

राझड़ क्षेत्र के खेतों में सुबह से ही किसान गेहूं की बालियों को काटते नजर आ रहे हैं। हवा में उड़ती भूसे की महक और गेहूं की सुनहरी बालियां इस बात की गवाही दे रही हैं कि फसल इस बार समय से पहले तैयार हो गई है। किसान अशोक ने जानकारी देते हुए बताया, ष्हमने अगेती गेहूं की बुवाई की थी, और मौसम ने इस बार हमारा साथ भी दिया। अब फसल पूरी तरह पक चुकी है और कटाई का काम शुरू कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि आगामी एक सप्ताह के भीतर क्षेत्र के अधिकांश किसानों की फसल कटाई शुरू हो जाएगी। इसके साथ ही खेतों की जुताई कर गन्ने की बुवाई की तैयारी भी जोर पकड़ लेगी।गौरतलब है कि पिछले कुछ वर्षों की तुलना में इस बार फसल की स्थिति संतोषजनक बताई जा रही है। यदि मौसम ने इसी प्रकार साथ दिया, तो किसान आर्थिक रूप से भी बेहतर स्थिति में पहुंच सकते हैं। आने वाले दिनों में फसल की उपज और बाजार मूल्य पर भी निगाहें टिकी रहेंगी।



# विकास कार्यो की बैठक में पहुंचे सभासदों का हंगामा

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** सोमवार को नगर पालिका में विकास कार्यो की चल रही बैठक में अचानक पहुंचे सभासद ने हंगामा करते हुए चेयरमैन से नोकझोक की। बैठक के बीच में ही सभासद ने अपने कामों को करने के लिए कहा, लेकिन चेयरमैन द्वारा प्रतीक्षा कर लेने पर सभासद भडक उठे और नामकर नोकझोक हुई। चेयरमैन ने सभासद पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

शामली नगर पालिका परिषद सभागार में चेयरमैन अरविन्द संगल अपने कक्ष में बैठक ले रहे थे, जिसमें नगर पालिका के कुछ कर्मचारी और सभासद भी मौजूद थे। इसी दौरान सभासद अजीत निर्वाल अचानक बैठक में घुस गए और अपने वार्ड की समस्याओं को उठाया।

जिस पर चेयरमैन ने प्रतीक्षा करने के लिए कहा तो सभासद भडक उठे और नगर पालिका पर सभी का अधिकार होने की बात कहते हुए कहासुनी हुई। कहासुनी इतनी बढी कि दोनों में नोंकझोक हो



गई और वहां मौजूद सभासद राजीव गोयल, सभासद पंकज गुप्ता द्वारा अजीत निर्वाल को समझाने बुझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नही माने। उन्होने कहा कि नगर पालिका पर सभी का अधिकार है यह किसी की निजी जागीर नही है। चेयरमैन ने कहा कि पूर्व में भी गुडडन बनाने की धमकी दी जा चुकी है, जिस पर अजीत निर्वाल ने कहा कि गुडडन तेरा पुत्र बनाएगा।

हालाकि बाद में सभासद अपने कामों को बाद में लेकर आने की बात कहते हुए चले गए। चेयरमैन अरविन्द संगल का कहना है कि उक्त सभासद द्वारा पूर्व में भी धमकी दी जा चुकी है। सोमवार को भी जबरन कार्यालय में घुसकर अभद्रता की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। उन्होने पुलिस से शिकायत करने की बात कही है। चेयरमैन और सभासद के बीच हुई नोकझोक से नगर पालिका में अफरा तफरी का महौल बना रहा।

# भाजपा सभासदों व चेयरमैन के बीच चल रहे विवाद का पटाक्षेप



**शामली।** नगर पालिका शामली के भाजपा सभासदों व चेयरमैन के बीच चल रहे विवाद का खत्मा हो गया। सभासदों ने सोमवार को नगर पालिका पहुंचकर चेयरमैन से समझोता किया। उन्होने कहा कि पूर्व ईओ रामेन्द्र सिंह की उनकी लडाई थी और जब उनका स्थानांतरण हो गया है तो मनमुटाव भी खत्म हो गया है। उन्होने पूर्व में की गई शिकायतों को भी वापस लेने का आश्वासन दिया है।

नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल व भाजपा सभासद राजीव गोयल, पंकज गुप्ता, सेठपाल सिंह का पिछले लंबे समय से आपसी मनमुटाव को लेकर विवाद चला आ रहा था। जिसमें एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए आए दिन चेयरमैन के खिलाफ शिकायते की जा रहील थी, लेकिन सोमवार को अग्रवाल समाज के लोगों द्वारा सभासदों व चेयरमैन के बीच बढ रहे मनमुटाव को खत्म करा दिया गया। तीनों सभासद अग्रवाल समाज के प्रवीन गर्ग व दीपक बंसल के साथ नगर पालिका पहुंचे और चेयरमैन से गले मिलकर आपसी मतभेद को खत्म कर दिया। तीनों सभासदों ने बताया कि कुछ समय पहले पूर्व ईओ रामेन्द्र सिंह द्वारा सभासद राजीव गोयल से फोन पर अभद्रता की थी, जिसको लेकर उन्होने एक प्रेसवार्ता कर दी थी, जिसमें एक सभासद द्वारा चेयरमैन के खिलाफ झूठे शब्दों का प्रयोग कर मनमुटाव करा दिया था। जब अब ईओ का स्थानांतरण हो गया है तो आपसी मनमुटाव भी खत्म हो गया है। चेयरमैन ने तीनों सभासदों का स्वागत किया और शहर के विकास कार्यो में कंधे से कंधा मिलाकर साथ चलने का आश्वासन दिया। इस दौरान सभासदों ने पूर्व में ही गई शिकायतों को भी वापस लेने का आश्वासन दिया। तीनों सभासदों के समझोता के बाद अब विपक्षी खेमे में खलबली मची हुई है।

# माध्यमिक वित्तविहीन विद्यालय के ब्लॉक अध्यक्ष बने अफजाल सैफी



शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** माध्यमिक वित्तविहीन विद्यालय महासभा की वार्षिक बैठक का आयोजन गया। इस दौरान ब्लॉक कार्यकारिणी का भी गठन किया गया,जिसमें अफजाल सैफी को ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है।

माध्यमिक वित्तविहीन विद्यालय महासभा की वार्षिक बैठक का देवी माध्यमिक वित्तविहीन विद्यालय में आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता महेंद्र शर्मा तथा संचालन प्रदेश संगठन मंत्री रामपाल सिंह जांगड़ा ने किया। इस दौरान ब्लॉक की कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से सदर ब्लॉक अध्यक्ष पद पर अनिल चौधरी व विनोद मित्तल को महासचिव तथा थाना भवन ब्लॉक का पवन कुमार को अध्यक्ष तथा विनय शर्मा को महासचिव, ऊंन ब्लॉक में पवन मान को अध्यक्ष और गौरव सैनी को महासचिव, जबकि कैराना ब्लॉक में अफजाल सैफी को अध्यक्ष व रवि मित्तल को महासचिव तथा ब्रह्मपाल को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं कांधला ब्लॉक में सावंत को अध्यक्ष तथा कुलबीर को महासचिव नियुक्त किया गया। साथ ही जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया है। नवगठित कार्यकारिणी को सामाजिक व राजनीतिक लोगों द्वारा शुभकामनाएं ज्ञापित की गई हैं। इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार, राजेश शर्मा, अंकित कुमार तोमर, गजेन्द्रकुमार, कुसुमपाल तोमर, अमित कुमार, सौराज सिंह, रजत मित्तल, घनश्याम सारस्वत, तरुण भारद्वाज, गजेन्द्रसिंह, मुज्जफर खान, तफ्जुल्ल मिर्जा, सुनीता, सुषमा, कविता व एकता आदि उपस्थित रहे।

# ई रिक्शा चालकों ने कलेक्ट्रेट में की नारेबाजी





शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** श्रमिक कल्याण सेवा समिति के बैनर तले दर्जनों ई-रिक्शा चालकों ने कलक्ट्रेट में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उन्होने डिप्टी कलेक्टर को दिए ज्ञापन में एआरटीओ द्वारा कागज पूरी न होने की आड में ई-रिक्शा चालकों का शोषण करने का आरोप लगाया। उन्होने ई-रिक्शाओं के कागज पूरे करने के लिए एक माह का समय दिलाने की मांग की।

सोमवार को दर्जनों की संख्या में ई-रिक्शा चालक कलक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होने यूनियन के अध्यक्ष पवन सिंह के नेतृत्व में जमकर नारेबाजी करते हुए हनुमान मंदिर से कलक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाला।

जिसके बाद उन्होने डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन को ज्ञापन भेजा। दिए ज्ञापन में उन्होने कहा कि समय-समय पर यातायात को सुचारु रखने के लिए ई-रिक्शा यूनियन शामली प्रशासन का सहयोग करती है। ई-रिक्शा रोजमर्रा के कार्यों को गति प्रदान करने के लिए एक आवश्यक यातायात का साधन ही नहीं मजदूर समाज के रोजी रोटी का विषय भी है। ई-रिक्शाओं को नियमित करने के आदेश पर प्रशासन द्वारा चालान करके आर्थिक अर्थदण्ड लगाना अनुचित है। यूनियन के पदा. धिकारियों द्वारा बैठक करके सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णण लिया गया कि यातायात के उत्तम प्रबन्धन में सभी रिक्शा चालक पूर्ण सहयोग करेंगे और अपनी रिक्शाओं को नियमित भी करेंगे। लेकिन एआरटीओ द्वारा लगातार ई-रिक्शाओं को सीज किए जाने से रिक्शा चालकों का शोषण हो रहा है। इसमें जनभावना को .ष्टिगत रखते हुए एक माह की अवधि प्रदान की जाए। उसके उपरान्त गलत रूप से संचालित ई-रिक्शाओं को प्रतिबंधित करने की प्रशासन को बाध्यता पर हम सहमत है। इस अवसर पर कुलदीप पंवार, डा। आशु चौधरी, दिलशाद, जीशान, नीरज, रामकुमार, सुनील, दिनेश, वसीम आदि मौजूद रहे।

## बैठक रद्द

**कालागढ़।** कालागढ़ में पुनर्वास को लेकर नैनीताल के हाईकोर्ट के आदेश पर कालागढ़ में होने वाली दो राज्यों में उत्तर प्रदेश प्रमुख सचिव मनोज कुमार व उत्तराखंड वन विभाग वन संरक्षक के ना पहुंचने पर बैठक रद्द हो।

# कार्यालय भवन निर्माण को बैठक ली



**शामली।** विकास भवन शामली में आज जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय के विभिन्न विभागों के कार्यालय भवन निर्माण के संबंध में बैठक आयोजित की गई।आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से अपने कार्यालय भवन के निर्माण की प्रगति के संबंध में समीक्षा करते हुए निर्देशित किया जिन-जिन विभागों की जिस भी स्तर पर कार्रवाई होनी है उसको पूर्ण कराते हुए अपने-अपने भवन निर्माण की प्रगति को बढ़ाना सुनिश्चित करें ताकि सभी के पास अपने कार्यालय सुनिश्चित हो सके। बैठक में डीएम ने निर्देशित किया कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो। बैठक में जिला. धिकारी ने जनपद में चल रहे अन्य निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्ट्रेट और विकास भवन के निर्माण में धीमी प्रगति को लेकर संबंधित कार्यदाई संस्था उ.प्र. राजकीय निर्माण निगम के अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारी गण मौजूद रहे।

# भाकियू टिकैत का साथ छोड़ भाकियू अराजनीतिक में शामिल हुए



शाह टाइम्स संवाददाता

**झिंझाना।** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के पदाधिकारी ने गांव सिकंद. रपुर में एक महापंचायत का आयोजन किया, जिसमें जिला अध्यक्ष कलिंदर मलिक ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने किसान के मुद्दों से भटक गई है, इसलिए सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने भारतीय किसान यूनियन टिकैत का साथ छोड़ कर भाकियू अरा. जनीतिक की सदस्यता ग्रहण की है।

सोमवार को क्षेत्र के गांव सिकंद. रपुर स्थित पार्क में आयोजित भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक द्वारा एक महापंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में जनपद के भारतीय किसान यूनियन टिकट से नाता तोड़ते हुए सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने भाकियू अराजनीतिक का दामन संभाल लिया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कलेंदर मालिक ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने किसानों के हक की लड़ाई से मुंह मोड़ लिया है तथा किसान के मुद्दों से भटक गई है, इसी खराब नीति के कारण जनपद के कई सौ लोगों ने इस्तीफा देकर भाकियू अराजनीतिक का दामन संभाला लिया है। सभा के अध्यक्ष चौधरी नरेश मालेंडी रहे। इस मौके पर जावेद तोमर, चौधरी जितेंद्र पूर्व चेयरमैन, दुष्यंत मलिक, अजय खाटियान, गौतम पंवार, ठाकुर कुशाल वीर, आकाश चौधरी, रविंदर राना गुलवीर प्रधान, रविंद्र राणा बिल्लू राणा, अमित तोमर सरदार पाल सिंह सरदार साहब सिंह सरदार हरविंद्र सिंह, मोहित चौधरी, शाहबाज प्रधान, शादाब राणा, परवेज आलम, नौशाद अली, युसूफ, अशोक फोगट। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन टिकैत एक व्यापारी संगठन बनकर रह गया है। भारतीय किसान यूनियन अराजनी. तिक जो हमेशा किसानों की लड़ाई लड़ता रहा है और लड़ता रहेगा।

# शामली कलेक्ट्रेट में गन्ना भुगतान को लेकर मंत्री ने दिए निर्देश



शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, उत्तर प्रदेश अनिल कुमार द्वारा आज जनपद शामली में अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान कलेक्ट्रेट सभागार,शामली में पहुंचकर गन्ना किसानों का थाना भवन शुगर मिल द्वारा भुगतान कराएं जाने से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंत्री द्वारा थानाभवन चीनी मिल की समीक्षा करते हुए संबंधित द्वारा पेराई सत्र 2024-25 का देय गन्ना मूल्य भुगतान 374.20 करोड़ है जिसके सापेक्ष अब तक चीनी मिल द्वारा 73. 08 करोड़ का भुगतान किया गया है, तथा अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान 301.12 करोड़ है। बैठक में मंत्री ने चीनी मिल थाना भवन के यूनिट हेड से गन्ना भुगतान को लेकर समीक्षा करते हुए कहां की किसानों का गन्ना मूल्य भुगतान हमारी प्राथमिकता है। बैठक में चीनी मिल थानाभवन के यूनिट हेड द्वारा मंत्री जी को अवगत कराया गया कि 5 दिन पूर्व अपर जिलाधिकारी शामली की मध्यस्थता में किसानों के साथ वार्ता में तय हुआ था कि 8 मार्च तक 40 बत का पेमेंट देना होगा जिसपे किसानों से सहमति बनी थी कि पेमेंट होते ही धरना समाप्त कर दिया जाएगा। अब यह पेमेंट ही मिल 8 अप्रैल 2025 को होगा जिसकी किसानों ने भी स्वीकृत दी। बैठक में मंत्री द्वारा यूनिट हेड थानाभवन से संपूर्ण भुगतान का शेड्यूल प्राप्त किया गया और स्पष्ट किया कि शेडडूल के हिसाब से हर हाल में भुगतान करना पड़ेगा यदि शेडडूल के हिसाब से गन्ना भुगतान नहीं किया जाता है तो चीनी मिल के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में थानाभवन चीनी मिल द्वारा माननीय मंत्री जी को दिया गन्ना भुगतान का शेड्यूल के अनुसार माह सितम्बर तक संपूर्ण भुगतान करने का भरोसा दिलाया। इसके अलावा बैठक में मंत्री द्वारा चीनी मिल शामली व चीनी मिल ऊन की भी समीक्षा की गई। बैठक में शामली विधायक प्रसन्न चौधरी, थानाभवन विधायक अशरफ अली, जिला. धिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान, पुलिस अधीक्षक राम सेवक गौतम, अपर जिलाधिकारी संतोष कुमार सिंह, उप गन्ना आयुक्त सहारनपुर ओम प्रकाश, जिला गन्ना अधिकारी शामली रणजीत सिंह कुशवाहा, थाना भवन चीनी मिल से यूनिट हेड जीवी सिंह, जीएम कैन लेखपाल सिंह, आदि सहित धरना में बैठने वाले किसानों आदि मौजूद रहे। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार चौधरी जयंत सिंह के निर्देशानुसार, उत्तरप्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोकदल के शामली से विधायक प्रसन्न चौधरी, थानाभवन से विधायक अशरफ अली खान, अब्दुल वारिस राव पूर्व विधायक थानाभवन, रालोद जिलाध्यक्ष वाजिद अली और शामली से रालोद के सभी वरिष्ठ नेतागणों ने जिला शामली सभागार में जिला प्रशासन, थानाभवन मिल प्रशासन,और थानाभवन मिल पर धरना दे रहे किसानों के प्रतिनिधिमंडल के साथ महत्वपूर्ण बैठक में बकया गन्ना भुगतान को लेकर मीटिंग की। जिसमें किसानों के 301करोड़ रुपए बकाया भुगतान सितंबर माह तक सुनिश्चित करने का शेडयूल तय किया गया।

## एक नजर

### विद्युत की रहेगी कटौती

**शामली।** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विद्युत पारेषण खण्ड, शामली के अन्तर्गत 132 के.वी. उपकेन्द्र - झिंझाना पर 132 के.वी. झिंझाना-ननौता लाइन की द्वितीय सर्किट की स्ट्रींगिग का कार्य कराया जा रहा है, जिसके कारण 33 के.वी. उपकेन्द्र, ऊन रूरल से निर्गत 11 के.वी., पुरानी शामली-श्यामला एवं 11 के.वी. नई शामली-श्यामला तथा 132 के. वी उपकेन्द्र, झिंझाना से निर्गत 33 के.वी टोडा फिडर का शटडाऊन दिनांक 8.4.2025 को प्रात: 10 बजे से साय 18 बजे तक लिया जाएगा, जिसके कारण उपरोक्त पोषक की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सर्वसाधारण से सहयोग की अपील की जाती है।

### माध्यमिक वित्तविहीन विद्यालय के ब्लॉक अध्यक्ष बने अफजाल सैफी



शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** माध्यमिक वित्तविहीन विद्यालय महासभा की वार्षिक बैठक का आयोजन गया। इस दौरान ब्लॉक कार्यकारिणी का भी गठन किया गया,ि जसमें अफजाल सैफी को ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। माध्यमिक वित्तविहीन विद्यालय महासभा की वार्षिक बैठक का देवी माध्यमिक वित्तविहीन विद्यालय में आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता महेंद्र शर्मा तथा संचालन प्रदेश संगठन मंत्री रामपाल सिंह जांगड़ा ने किया। इस दौरान ब्लॉक की कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से सदर ब्लॉक अध्यक्ष पद पर अनिल चौधरी व विनोद मित्तल को महासचिव तथा थाना भवन ब्लॉक का पवन कुमार को अध्यक्ष तथा विनय शर्मा को महासचिव, ऊंन ब्लॉक में पवन मान को अध्यक्ष और गौरव सैनी को महासचिव, जबकि कैराना ब्लॉक में अफजाल सैफी को अध्यक्ष व रवि मित्तल को महासचिव तथा ब्रह्मपाल को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं कांधला ब्लॉक में सावंत को अध्यक्ष तथा कुलबीर को महासचिव नियुक्त किया गया। साथ ही जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया है। नवगठित कार्यकारिणी को सामाजिक व राजनीतिक लोगों द्वारा शुभकामनाएं ज्ञापित की गई हैं।इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार, राजेश शर्मा,अंकित कुमार तोमर, गजेन्द्रकुमार, कुसुमपाल तोमर,अमित कुमार, सौराज सिंह, रजत मित्तल, घनश्याम सारस्वत, तरुण भारद्वाज,गजेन्द्रसिंह, मुज्जफरखान, तफ्जुल्ल मिर्जा, सुनीता, सुषमा, कविता व एकता, आदि उपस्थित रहे।

### ईगल्स उड़ान एकेडमी के छात्र-छात्राओं का अटल, नवोदय व सर्वोदय में चयन



शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** कस्बे की ईगल्स उड़ान एकेडमी के आठ छात्र-छात्राओं का ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु सरकार द्वारा संचालित अटल, नवोदय एवं सर्वोदय विद्यालयों में चयन हुआ है। एकेडमी प्रबंधन ने चयनित छात्र-छात्राओं को मालाएं पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया है। तहसील परिसर के पीछे नवीन नगर कॉलोनी में स्थित ईगल उड़ान एकेडमी के संचालक मुबारिक रावल व वकील चौहान ने बताया कि उनकी एकेडमी में कोचिंग प्राप्त करने वाले आठ छात्र-छात्राओं का अटल आवासीय विद्यालय, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयद्धसर्वोदयत्र तथा जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षिक सत्र-2025-26 के लिए चयन हुआ है। इन छात्र-छात्राओं में अरमान चौहान, शादान, अब्दुल्ला, नाहिद, तरब, साद, हमजा, अहमद शामिल है। इनमें अरमान चौहान गांव दभेड़ी खुर्द निवासी एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला महामंत्री मुंशाद अली चौहान का पुत्र है, जबकि अब्दुल्ला क्षेत्र के गांव रामड़ा निवासी एवं राष्ट्रीय पुरस्कार भगीरथ प्रयास सम्मान से विभूषित मुस्तकीम मल्लाह का बेटा है। प्रवेश परीक्षा में चयनित शादान व नाहिद आपस में भाई-बहन है। वह क्षेत्र के गांव भूरा निवासी दीन मोहम्मद के बच्चे है। छात्र अब्दुल्ला का चयन पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयद्धसर्वोदयत्र के लिए हुआ है, जिसने सहारनपुर मंडल में चौथा स्थान प्राप्त किया है। अब्दुल्ला ने कक्षा आठ तक की शिक्षा कैराना के खुरगान मार्ग पर स्थित जामिया हमीदिया तालीम-उल-कुरान से प्राप्त की है। वहीं, चयनित छात्र-छात्राओं को ईगल्स एकेडमी प्रबंधन द्वारा मालाएं पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया गया है। संचालक मुबारिक रावल व वकील चौहान ने बताया कि उनकी एकेडमी सरकार द्वारा संचालित स्कूल-कॉलेजों में विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश हेतु कोचिंग कराती है। एकेडमी सितंबर-2024 से संचालित है, जिसमें अभी तक दर्जनों छात्र-छात्राएं कोचिंग प्राप्त कर चुके है। उन्होंने चयनित छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### सेवानिवृत्ति पर शिक्षकों व कर्मचारी को दी भावभीनी विदाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** सोमवार को कस्बे के प्राचीन सिद्धपीठ बाबा बनखंडी महादेव मंदिर परिसर में सेवानिवृत्त शिक्षकों व कर्मचारियों का विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसका शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी कैराना सुशील कुमार शर्मा ने द्वीप प्रज्वलित करके किया। इस दौरान सेवानिवृत्त हुए शिक्षक सत्एंद्र कुमार, धर्मपाल सिंह, खलील अहमद, महबूब अली, विमला देवी व राजेश कुमार एवं शिक्षामित्र जमशेद अली तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी राजपाल शर्मा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, इन्हें प्रतीक चिन्ह, छाता, गीता व कुरान भी भेंट की गई। जिला समन्वयक अमित कुमार, राहुल कुमार, एसआरजी प्रवीण कुमार शर्मा व सुनील कुमार आदि ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन एसआरजी सचिन कुमार व गजानंद ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर गुलाब सिंह, संजय कुमार देशवाल, अमित कुमार, पीयूष कुच्छल, शीशपाल, सूरज प्रताप सिंह, इकबाल अहमद, साजिद अली, विक्रम सिंह, नाजिम अली, हारून चौहान, अमित कुमार, दुर्गेश कुमार, विनय कुमार, वासिल अली, आशीष कुमार, नरेंद्र कुमार, अशोक चौहान, रश्मि रानी, सुलोचना कुमारी, पारुल त्यागी आदि उपस्थित रहे।

# क्रय केंद्र पर गेहूं की खरीदारी प्रारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** राज्य सरकार द्वारा स्थापित खाद्य विभाग के क्रय केंद्र पर नवीन गेहूं सत्र की खरीदारी प्रारंभ होने पर किसानों का माल्यार्पण कर एवं मिठाई खिला कर स्वागत किया गया।

स्टेट हाइवे स्थित नवीन मंड स्थल पर राज्य सरकार द्वारा स्थापित खाद्य विभाग के क्रय केंद्र के संभागीय खाद्य वितरण अधिकरी सहारनपुर कृष्ण पाल सिंह द्वारा बिक्री को गेहूं लेकर पहुंचे किसानों का माल्यार्पण कर एवं मिठाई खिला कर स्वागत किया गया। मंडी सचिव संजय सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा घोषित गेहूं का मूल्य 2425 रुपये घोषित किया गया है। बताया कि सरकार की मंशा के अनुरुप गेहूं का खरीद का मूल्य 48 घंटो में किसानों के बैंक एकाउंट में भेजा जा रहा है। बताया कि किसानों को उनके गेहूं की



उतराई व छनाई को 20 का भुगतान भी किया जा रहा है। बताया कि पहले दिन किसान महाराज सेठ, तिलक सेठ से 80 कुंतल गेहूं की खरीदारी की गई। इस दौरान क्षेत्रीय विपणन अधिकारी श्यौराज सिंह, सोरभ सेठ और गौरव सेठ सहित अन्य मौजूद रहे।

## ग्रामीण ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

**देवबन्द।** ग्रामीण ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर भाजपा नेता एवं उनके चचेरे भाई पर कार गायब करने का आरोप लगाया है। शिमलाना गांव निवासी अंकित राणा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे पत्र में बताया कि गांव के ही एक भाजपा नेता सत्ता के दम पर लोगों को परेशान कर रहा है। आरोप लगाया कि गरीब किसानों और ग्रामीणों से वसूली भी की जा रही है। इसमें भाजपा नेता का एक चचेरा भाई भी शामिल है। अंकित का आरोप है वह कुछ दिन पूर्व घर में खड़ी उसकी स्विफ्ट कार उठाकर ले गया था। लेकिन अब लौटा नहीं रहा है। पुलिस अधिकारियों के चक्कर काटने के बाद भी उसकी कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। पीड़ित ने जांच कराकर कार्रवाई कराने की गुहार लगाई है।

# मेघावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** द दून वैली पब्लिक स्कूल में आयोजित प्रतिभा दिवस पर श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मेघावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इण्डस्ट्रीयल स्टेट स्थित द दून वैली पब्लिक स्कूल प्रागण में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ स्कूल की प्रबंधक श्रीमती सुमन सिंघल, प्रधानाचार्य श्रीमती सीमा शर्मा, उप-प्रधानाचार्य श्रीमती तनुज कपिल ने विद्यालय के संस्थापक स्व. हर्ष सिंघल व मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्जवलन कर किया। कक्षा 9 से तनिष्का सैनी, कक्षा 11 से नन्दनी कुशवाहा, खुशी, कीर्ति, उत्कर्ष बंसल आदि को पारितोषिक प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त प्रथम, द्वितीय, तृतीय रैंक तथा सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने




वाले सभी बच्चों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती सीमा शर्मा ने छात्रों को प्रेरित एवं अभिभावकों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अन्त में स्कूल की प्रबंधक श्रीमती सुमन सिंघल ने बच्चों के प्रदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन इहान शर्मा, दिव्य मोंगा, वृन्दा, सिद्धांशी व खुशी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहा।

# स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर स्कूल प्रबंधतंत्र द्वारा मेघावी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करने के लिए उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। दारूल उलूम रोड़ स्थित स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल प्रागण में आयोजित कार्यक्रम में नर्सरी से आठवीं तक के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें उच्च अंक प्राप्त करने वाले मेघवी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हे स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य सालिम राज ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह उनकी




सफलता की शुरुआत है। उन्होंने बच्चों को आगे बढ़ने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मेरी कामना है कि सभी बच्चे अपने सपनों को पूरा करें और सफलता की ऊंचाइयों को छुएं। स्कूल के चेयरमैन साद सिद्दीकी ने सभी माता-पीताओं का आभार जताते हुए कहा कि स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल का उद्देश्य न केवल शैक्षिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है, बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास करना भी है। उन्होने कहा कि बच्चों की कामयाबी से वह अपने पिता स्व.



फैजान सिद्दीकी का सपना पूरा होते हुए देखते हैं, उन्हें प्रशंसा होती है जब बच्चे अच्छे नंबरों से पास होते हैं और ऊंचाइयों को छूते हैं। इस दौरान जूनियर कैंपस प्रिंसिपल शिप्रा सहगल, हेड मास्टर मुशीरुजजमा ने सभी बच्चों को बधाई दी और कहा कि उनकी मेहनत और लगन का परिणाम है कि हमारे बच्चे आज इस मुकाम पर पहुँचे हैं। को: चेयरमैन अहमद सिद्दिकी ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशा जताई हैं कि वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करेंगे।

# भाजपा का मनाया स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विश्व के सबसे बड़े और अनुशासित राजनैतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा नगर मंडल देवबंद में विभिन्न बूथ पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ महेंद्र सैनी पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओं द्वारा भारत माता एवं स्व. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और स्व. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। **वहीं,** भारतीय जनता पार्टी के 46 वें स्थापना दिवस के अवसर पर देवबंद स्थित भगवान महर्षि वाल्मीकि कॉलोनी में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी का ध्वजारोहण किया गया। सबका साथ, सबका विकास के आदर्श को अपनाते हुए भारतीय लोकतान्त्रिक मूल्यों की रक्षा में संलग्न विश्व की



सबसे बड़ी पार्टी के कार्यकर्ता होने पर हम सभी को गर्व है। इस अवसर पर राजेश अनेजा, राम मोहन सैनी, राहुल वाल्मीकि, आलोक खटीक, विजेंद्र जौहरी, रंजीत वाल्मीकि, दीपक चंचल, राजेंद्र मास्टर, अविनाश वाल्मीकि, अमित बीडीसी, राम भटनागर, राजीव धीमान, जोगेंद्र सिंह जाटव आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# सामूहिक सुंदरकांड पाठ व भजन उच्चारण कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आरएसएम कॉलेज तिराहा स्थित न्यू धामपुर सिटी कॉलोनी में आयोजित सामूहिक सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान चालीसा और भजन उच्चारण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु परिवारों ने भगवान राम बजरंगबली हनुमान और विभिन्न देवी देवताओं के चरणों में भजनों और जयकारों के माध्यम से श्रद्धा भावना प्रदर्शित की।

कार्यक्रम में सम्मान समारोह के अंतर्गत संकट मोचन श्री सिद्धेश्वर बालाजी धाम के महंत राहुल अग्रवाल, गौरव कृष्ण भारद्वाज और कॉलोनी निवासी संजय शर्मा को

## भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान को किया सम्मानित

उनके द्वारा धार्मिक एवं सामाजिक क्षेत्र में दिए जा रहे उल्लेखनीय योगदान के लिए शॉल ओढाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ऐश्वर्या पंडित द्वारा प्रस्तुत किए गए भजन ने धूम मचा दी। मुख्य अतिथि बीजेपी जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी को भी सामूहिक जय जयकार के बीच विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

# स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ

## शिक्षकों ने घर-घर जाकर किया सम्पर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आरएसएम इंटर कॉलेज के शिक्षकों ने नवीन सत्र 2025-26 का शुभारंभ विभिन्न गांव का भ्रमण कर स्कूल चलो अभियान के साथ शुरुआत की।

कॉलेज के शिक्षकों के द्वारा गांव सुहागपुर, मोहम्मदपुर सदा, उमरपुर बांगर तथा सलारपुर आदि में बच्चों तथा उनके अभिभावकों से घर-घर जाकर संपर्क किया। उप प्रधानाचार्य अनिल देवरा ने बताया कि नया सत्र प्रारंभ हो गया है, इसलिए आप कक्षा 6, कक्षा 7, कक्षा 8 तथा कक्षा 9 में नए प्रवेश अपने बच्चों को हमारे विद्यालय में दिलाए, कक्षा 10 का रिजल्ट आने के बाद कक्षा 11 के प्रवेश किए जाएंगे।

अनिल देवरा ने बताया कि विद्यालय में कक्षा 6 से कक्षा 8 तक



के विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक तथा मिड डे मील की सुविधा उपलब्ध है तथा कक्षा 9 एवं 10 के छात्रों को शासन द्वारा निर्धारित एनसीईआरटी की पुस्तकों के द्वारा पढ़ाया जाता है और कक्षा 9 तथा 10 के बच्चों को एनसीसी (जूनियर डिवीजन) की सुविधा उपलब्ध है। कक्षा नौ एवं दस के छात्र एवं छात्राओं द्वारा एनसीसी में भी प्रवेश दिलाया जाता है।

कक्षा 11 तथा कक्षा 12 के छात्रों एवं छात्राओं को भी भी एनसीसी (सीनियर डिवीजन) में प्रवेश की सुविधा उपलब्ध है। कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के छात्रों को शासन द्वारा निर्धारित छात्रवृत्ति भी दी जाती है। भ्रमण करने वाले शिक्षकों में विनोद कुमार जिला मंत्री, देवराज सिंह, चेतन कुमार, रणजीत सिंह, मेजर सूरज भान सिंह, सुनील कुमार, नवीन सैनी, वीरेंद्र सिंह, अतुल कुमार, विकास अग्रवाल आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल का परीक्षाफल घोषित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, हरचंदपुर द्वारा आज सत्र 2024-25 का परीक्षाफल वितरित किया गया।

इस अवसर पर स्कूल में जादूगर द्वारा प्रोग्राम का आयोजन किया गया। क्रमश: कक्षा में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी, कक्षा आठ में उमर, कुमकुम और निकिल, कक्षा सात में कनिष्का, आरजू और गुंजन, कक्षा छह में आराध्या, रितिका और हुमैरा, कक्षा पांच में आकांशा, मयंक और इशिका, कक्षा चार में चिराग, राघव और अंसुमन, कक्षा तीन में अर्थव, कुशाग्र और तनुशी, कक्षा दो में हुमैरा, सुप्रिया और गोल्डी, कक्षा एक में जियान, लक्षी, आरुष और अब्दुल आहद और आकांक्षा बनी स्कूल टॉपर।

स्कूल एमडी डालचंद पाल, प्रधानाचार्य शूरवीर राजपूत व अन्य स्टॉफ ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए अग्रिम भविष्य में उज्जवलता कि कामना की।

# ग्राम सचिवालय पर ताला लटकने से परेशानी

## जन सेवा केंद्रों पर कार्य कराने को मजबूर ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** विकास खंड नजीबाबाद के ग्राम भागूवाला में लाखों की लागत से बनाए गए सचिवालय में ताला लगे रहने से ग्रामीणों को अभिलेख संबंधित कार्य कराना मुश्किल हो रहा है। जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी अंजान बने हुए हैं। वहीं ग्राम सचिव ग्राम भागूवाला विपिन सैनी ग्रामीण और पत्रकारों का फोन उठाना भी गवारा नहीं समझ रहे हैं।

विकास खंड नजीबाबाद के अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत भागूवाला ग्राम सचिवालय में अक्सर ताला लगा रहता है। जिससे ग्रामीण नकल, खसरा, खतौनी, आयुष्मान कार्ड आदि अभिलेख ऑनलाइन कार्य नहीं कर पा रहे हैं। ग्रामीण जब सचिवालय जाते हैं, तो वहां ताला देखकर निराश होकर लौट जाते हैं। ग्रामीण प्राइवेट जन सेवा केंद्रों पर कार्य करने को मजबूर हैं। इसी क्रम में एक पत्रकार को अपने परिवार रजिस्टर की नकल लेने की जरूरत पड़ी, तो पत्रकार बीते गुरुवार को परिवार रजिस्टर की नकल लेने के लिए ग्राम सचिवालय भागूवाला गया तो वहां पर उसको ताला लटका हुआ मिला।




उसके बाद उन्होंने ग्राम सचिव विपिन सैनी को फोन मिलाया। ग्राम सचिव ने आश्वासन देते हुए कहा कि मैं अभी सहायक को फोन कर आपके परिवार रजिस्टर की नकल दिला देता हूं। लेकिन पत्रकार आज सोमवार तक सचिवालय के चक्कर काट रहा है। परिवार रजिस्टर की नकल नहीं मिल पाई है। इस संबंध में जब ग्राम सचिव से बात करनी चाही तो बार-बार फोन मिलाने के बाद भी ग्राम सचिव ने पत्रकार का फोन उठाना गवारा नहीं समझा। जब पत्रकार के साथ ही ग्राम सचिव का यह रवैया है, तो देखने वाली बात यह है कि आम ग्रामीणों के साथ ग्राम सचिव क्या रवैया करते होंगे। इस संबंध में एडीओ पंचायत नजीबाबाद एवं जिला पंचायत अधिकारी बिजनौर को अवगत करा दिया गया है। दोनों अधिकारियों ने तत्काल कार्यवाही करने की बात कही है। अब देखना यह है कि इस संबंध का संज्ञान लेकर उच्च अधिकारी ग्राम सचिवालय के कर्मचारियों पर क्या कार्यवाही करते हैं और ग्राम सचिवालय पर लटके ताले से ग्रामीणों को कब राहत मिलती है।

# कौशल्या मैया को दे दो बधाई अवध में जन्मे है रघुराई...

## राम नवमी पर्व श्रद्धाभाव व उत्साह से मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सुनारों वाले शिव मंदिर मैढ सभा मे महिला कमेटी द्वारा रामनवमी का पर्व श्रद्धा भाव से तथा उत्साह पूर्वक मनाया गया।

नरेश वर्मा उमा वर्मा तथा सुमन वर्मा द्वारा आदि शक्ति सिद्धिदात्री देवी की तथा मंदिर परिसर में स्थित सभी देवी देवताओं की विधिवत पूजा अर्चना की गई। भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने रामनवमी के पर्व पर राम जन्म के तथा बधाईयो के मनमोहक भजनों का गायन करके तथा श्री राम के जयकारों से समस्त मंदिर परिसर को राम मय बना दिया। कमलेश वर्मा द्वारा जन्म लियो मेरे रघुराई अवधपुरी में बहार आई। नमिता वर्मा द्वारा गाओ गाओ रे मंगलाचार जन्मे रामलला,



उमा वर्मा द्वारा कौशल्या मैया को दे दो बधाई अवध में जन्मे है रघुराई। दीपा वर्मा द्वारा ठुमक ठुमक चले आना राम जी मेरे अंगना में। सुमन वर्मा द्वारा सजा दो घर को गुलशन सा अवध में राम आए हैं तथा अन्य महिलाओं ने मनमोहक भजनों का गायन किया।

इस मौके पर स्वाति वर्मा, प्रिया वर्मा, सोनी वर्मा, कमलेश वर्मा, शशि वर्मा, नीलू वर्मा, उमा वर्मा, शालिनी वर्मा, सुमन वर्मा, तनु वर्मा, ममता वर्मा, किरण वर्मा, दीपा वर्मा, नमिता वर्मा, मीनू आर्य, निशा गोयल, सीमा सिन्हा, प्रेमवती आदि महिलाएं उपस्थित रही।

अंत में राम जी की स्तुति करके आरती की गई तथा प्रसाद वितरित किया।



# 'मोलिक्युलर बायोलॉजी एसेंशियलस' पुस्तक का विमोचन

**बिजनौर।** कृष्णा कालेज में आज एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक पुस्तक का विमोचन किया गया। आणविक जीव विज्ञान पर आधारित 'मोलिक्युलर बायोलॉजी एसेंशियलस' पुस्तक का लेखन कालेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. रिदिन सक्सेना के साथ आइएफटीएम यूनिवर्सिटी मुरादाबाद से डा. कृति श्रीनेत और यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिसन एण्ड हेल्थ साइंस, साउथ अमेरिका मे कार्यरत डा. सुनील कुमार राय ने संयुक्त रूप से किया।

पुस्तक का विमोचन कालेज के संस्थापक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्या डा. सीमा शर्मा, डा. परवेज अहमद खान ने संयुक्त रूप से किया। विमोचन के दौरान प्रश्नों के उत्तर में डा. रिदिन सक्सेना ने बताया कि इस पुस्तक को लिखने का उद्देश आणविक जीव विज्ञान का जीवों की उत्पत्ति और विकास को समझने के साथ साथ स्वास्थ, बीमारी और चिकित्सा के नए पहलुओं को छात्रों एवं शोधकर्ताओं को अवगत कराना है।

पुस्तक विमोचन के आयोजन में बधाई देते हुए चेयरमैन मनोज कुमार ने कहा कि यह पुस्तक आणविक जीव विज्ञान के जटिल विषयों को समझने में ठोस आधार साबित होगी। कालेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की पुस्तके शोधकर्ताओं के लिए अपने शोध कार्यों और अनुभवों को समाहित करने का साधन हैं। लॉ कॉलेज प्राचार्य डा. परवेज अहमद खान ने कहा कि इस प्रकार की पुस्तकों को लिखने के लिए प्रोत्साहन मिलना चाहिए जिससे पुस्तकों में नवीनतम और आधुनिक ज्ञान का विस्तार हो सके। डा. रिदिन सक्सेना ने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय पुस्तक को न्यूयार्क, अमे. रिका की गेह पब्लिशर ने प्रकाशित किया है। जो कि अमेजन, लिपकार्ट और पोथी वेब साइट पर उपलब्ध है। समारोह के दौरान माइक्रबायोलॉजी विभागध्यक्ष डा. ज्योत्सना सिंह के साथ, डा. विपिन शर्मा, डा. गोपाल स्वरूप, श्रीमती रजविन्दर कौर, फराह शेख, अनुज कुमार, रोहित राजपूत आदि शिक्षक मौजूद रहे।



# ब्रुक बने टी-20, वनडे कैप्टन

## कहा: यह मेरे लिए सम्मान की बात, जोस बटलर की जगह लेंगे

**लंदन, वार्ता।** हैरी ब्रकू इंग्लैंड की टी-20 और वनडे क्रिकेट टीम के नए कप्तान बनाए गए हैं। म्ब्ठ ने सोमवार को ब्रुक को वाइट बाल कैप्टन बनाने का ऐलान किया। वे जोस बटलर की जगह लेंगे। बटलर ने पिछले महीने चैंपियंस ट्राफी 2025 के बाद कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया था। 26 साल के हैरी ब्रुक ने कहा- श्यह मेरे लिए सम्मान की बात है। जब मैं व्हार्फडेल में बर्ले क्रिकेट खेलता था। तब यार्कशायर से खेलने और इंग्लैंड की कप्तानी करने का सपना देखता था। यह मौकों मेरे लिए बहुत मायने रखता है।आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में कप्तानी कर चुके हैं ब्रुक ब्रुक जनवरी 2022 में डेब्यू करने के बाद से इंग्लैंड की वाइट बाल टीम का अहम हिस्सा हैं। वे पिछले एक साल से वनडे और टी-20 टीम के वाइस कैप्टन हैं। उन्होंने सितंबर-2024 में बटलर की गैरमौजूदगी में आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में इंग्लिश की कप्तानी कर चुके हैं।

वे न्यूजीलैंड में 2018 आईसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप में भी इंग्लैंड की कप्तानी कर चुके हैं। खराब प्रदर्शन की वजह से बटलर ने कप्तानी छोड़ी थी जोस बटलर ने पिछले महीने चैंपियंस ट्राफी में टीम के खराब प्रदर्शन की वजह से कप्तानी छोड़ दी थी। उन्होंने एक मार्च को कराची में टीम के आखिरी ग्रुप स्टेज मैच से पहले कहा था- श्मेरे लिए कप्तानी छोड़ने का यही सही समय है, टीम के लिए भी यही समय है।श इंग्लिश टीम चैंपियंस ट्राफी में एक भी मैच नहीं जीत सकी थी और ग्रुप स्टेज से बाहर हो गई थी। इतना ही नहीं, टीम 2023 के वनडे वर्ल्ड कप में नाकआउट स्टेज तक नहीं पहुंच सकी थी।

# पंजाब के खिलाफ मैच में जीत की पटरी पर वापस आना चाहेगी चेन्नई सुपर किंग्स

**चंडीगढ़, वार्ता।** लगातार मिली तीन हार से तिलमिलायी चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) मंगलवार को यहां पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ अहम आईपीएल मुकाबले में जीत की राह पर लौटने की हर मुमकिन कोशिश करेगी।

मुंबई इंडियंस पर शानदार जीत के साथ आईपीएल 2025 अभियान की शुरुआत करने वाली सीएसके को लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स से उसने मुंह की खाई है। हार की हैट्रिक ने टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी में कमजोरियों को उजागर किया है। पांच बार की चैंपियन टीम अब तक खेले गए चार मैचों में अपने 17 खिलाड़ियों का इस्तेमाल कर चुकी है। यह बदलाव स्पष्ट रूप से तय रणनीति की कमी को दर्शाता है। पिछले चार मैचों में 121 रन बनाने वाले कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ पर मुलांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भी निगाहें होंगी। टूर्नामेंट में दस विकेट अपने नाम करने वाले नूर अहमद भी टीम की सबसे बड़ी उम्मीद बने हुए हैं। हालाँकि, रवींद्र जडेजा और शिवम दुबे जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों की फॉर्म और भूमिका और



**हार की हैट्रिक ने टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी में कमजोरियों को उजागर किया है**

रविचंद्रन अश्विन की अगुआई में उनके स्पिन विभाग से निराशाजनक वापसी को लेकर सवाल बने हुए हैं। इसके विपरीत, राजस्थान रॉयल्स से 50 रन से हारने के बावजूद पंजाब किंग्स में अधिक एकजुटता दिखी है।

श्रेयस अय्यर ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया है और तीन मैचों में 159 रन बनाए हैं जबकि नेहल वढेरा ने मध्य क्रम में प्रभावित किया है। पीबीकेएस अपने पिछले पांच मुकाबलों में से चार में जीत हासिल करने के साथ सीएसके पर अपना हालिया दबदबा बनाए रखने के लिए खुद को तैयार करेगी। हालांकि, सीएसके मई 2024 में पीबीकेएस के खिलाफ अपने आखिरी मुकाबले से उत्साहित होगी, जहां उन्होंने 28 रन की जीत दर्ज की थी। रलवद्र जडेजा भी गेंद और बल्ले के अलावा क्षेत्ररक्षक की भूमिका का निर्वहन करेंगे। मैच शाम 7:30 बजे साफ आसमान के नीचे शुरू होने वाला है।

मुलनपुर की पिच ने संतुलन के संकेत दिखाए हैं, लेकिन यह पीछा करने वाली टीमों के पक्ष में है, पिछले सीजन में इस स्थल पर पांच में से तीन मैच पहले गेंदबाजी करने वाली टीम ने जीते थे। दोनों टीमें हार के बाद आई हैं और टूर्नामेंट की लय अधर में लटकी हुई है, ऐसे में मंगलवार का मैच रोमांचक होने की उम्मीद है।

**पंजाब किंग्स:** प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह (विकेट कीपर), श्रेयस अय्यर (कप्तान), शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, ग्लेन मैक्सवेल, सूर्यांश शेडगे, मार्को जेनसन, लॉकी फर्ग्यूसन, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह

चेन्नई सुपर किंग्स: रचिन रवींद्र, डेवोन कॉनवे, ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), विजय शंकर, रवींद्र जडेजा, एमएस धोनी (विकेट कीपर), रविचंद्रन अश्विन, नूर अहमद, मुकेश चौधरी, खलील अहमद, मथीशा पथिराना


## टोरंटो-इंटर मियामी के बीच मुकाबला बराबरी पर

**मियामी।** लियोनेल मेसी के पहले हाफ में किए गए गोल के बावजूद इंटर मियामी ने टोरंटो के खिलाफ एमएलएस मैच 1-1 की बराबरी पर खत्म किया। इतालवी मिडफील्डर फेडेरिको बर्नार्डेस्की ने रविवार को हमवतन लोरेंजो इनसिग्ने के साथ मिलकर फोर्ट लॉडरडेल में शानदार फिनिश के साथ कनाडाई टीम को बढ़त दिलाई। मेसी ने टेलास्को के पास के बाद गोलकीपर सीन जॉनसन को चकमा देते हुए लो ड्राइव को गोल में बदला और अपनी टीम को बराबरी पर ला दिया। इंटर मियामी ने दो तिहाई से अधिक समय तक गेंद को अपने कब्जे पर रखा लेकिन जॉनसन ने दूसरे हाफ में लगातार हो रहे हमलों से गोल को रोकने में सफलता हासिल की। उन्होने शानदार गोलकीपिंग का प्रदर्शन करते हुये मैच के दौरान नौ गोल बचाए। इस परिणाम के साथ इंटर मियामी 15 टीमों की ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस सूची में छह मैचों में 14 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। टोरंटो अभी तक केवल तीन अंकों के साथ 14वें स्थान पर है।

## एफआईएच प्रतिनिधिमंडल मई में करेगा लॉस एंजिल्स का दौरा

**स्वट्जरलैंड।** एफआईएच का एक प्रतिनिधिमंडल मई में लॉस एंजिल्स का दौरा करेगा। एफआईएच सूत्रों ने सोमवार को बताया कि एफआईएच पांच से नौ मई के बीच लॉस एंजिल्स में अपना निरीक्षण दौरा करेगा, जिसमें एलए28 और यूएसए फील्ड हॉकी के साथ हॉकी स्थल और संचालन का मूल्यांकन किया जाएगा। हॉकी का आयोजन कार्सन फील्ड्स में होगा, जिसमें टेनिस, रग्बी 7, साइकिलिंग और तीरंदाजी भी आयोजित की जाती है। अध्यक्ष इकराम ने ओलंपिक मंच पर हॉकी को ऊपर उठाने के लिए एलए28 नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुये कहा ह एलए28 के साथ हमारा जुड़ाव नवाचार, विरासत और उत्कृष्टता के प्रति साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# गिल ने जमकर की सिराज की तारीफ



● गेंदबाजी और फिल्डिंग के दौरान जो ऊर्जा सिराज लाते है वह देखना शानदार है

**हैदराबाद, वार्ता।** आईपीएल 2025 के 19वें मैच में गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हरा दिया। मोहम्मद सिराज की घातक गेंदबाजी के बाद कप्तान शुभमन गिल की शानदार पारी से गुजरात की टीम जीतने में कामयाब रही। मैच के बाद गुजरात के कप्तान ने सिराज की जमकर तारीफ की। साथ ही उन्होंने गेंदबाजों को टी20 क्रिकेट में गेमचेंजर बताया। मैच में सिराज ने 17 रन देकर चार विकेट लिए थे। उनके अलावा तेज गेंदबाज प्रसि( ख्रष्णा और बाएं हाथ के स्पिनर साई किशोर ने भी दो-दो विकेट चटकाए। मैच के बाद गिल ने कहा, श्गेंदबाज मैच का रूख बदल देते हैं। खासतौर पर इस प्रारूप में। काफी लोग टी20 में बल्लेबाजी और हिटिंग की बात करते हैं, लेकिन हमें लगता है कि मैच गेंदबाजों द्वारा जीते जाते हैं। इसलिए इस फेंचाइजी में गेंदबाजों को काफी तवज्जो दी जाती है।श गिल ने कहा, श्हम पूरे मैदान में शाट खेलना चाहते थे। मेरे और वाशिंगटन सुंदर के बीच यही बातचीत हुई थी। सुंदर मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में उत्साहित थे, लेकिन इम्पैक्ट प्लेयर नियम के साथ, आपको कई बार अपनी योजनाओं को बदलना पड़ता है। जिस तरह से उन्होंने इस मैच में बल्लेबाजी की वह शानदार थी। हमारे बीच कोई खास बातचीत नहीं हुई। बस हम अच्छे क्रिकेटिंग शाट्स खेलने के बारे में सोच रहे थे। एक बार जब हमने 30-40 रन की साझेदारी कर ली तो हमने खेल खत्म करने का सोचा। गेंदबाजी और फील्डिग के दौरान जो ऊर्जा सिराज लाते हैं, वह देखना शानदार है। वहीं, सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने हैदराबाद की पिच पर ही सवाल खड़े कर दिए। उन्होंने कहा, श्यह हैदराबाद का पारंपरिक विकेट नहीं है। यहां गेंद स्किड हो रही थी, लेकिन हैदराबाद का पारंपरिक विकेट थोड़ा कठोर है। इस पिच पर खेलना बहुत मुश्किल था। अंत में यह विकेट उतना स्पिन भी नहीं कर रहा था जैसा हमने सोचा था। हमारा स्कोर भी अच्छा नहीं रहा, लेकिन उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की। उनकी तेज गेंदबाजी को भी इस मैच में खेलना थोड़ा मुश्किल था। चार महीने बाद मैदान पर वापसी के लिए तैयार बुमराह, मैच से पहले अभ्यास सत्र में दमखम से की गेंदबाजी मैच की बात करें तो गुजरात के गेंदबाजों ने पहले बल्लेबाजी कर रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम को 20 ओवर में आठ विकेट पर 152 रन ही बनाने दिया। जवाब में कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 61 रन) के अर्द्धशतक और वाशिंगटन सुंदर (49 रन) के साथ उनकी तीसरे विकेट के लिए 56 गेंद में 90 रन की साझेदारी की बदौलत गुजरात ने लगातार तीसरी जीत दर्ज की। गिल और शेरफाने रदरफोर्ड (नाबाद 35 रन, 16 गेंद, छह चौके, एक छक्का) के बीच चौथे विकेट के लिए 21 गेंद में 47 रन की अटूट साझेदारी हुई। गुजरात ने 16.4 ओवर में तीन विकेट पर 153 रन बनाकर जीत हासिल की।

# एलएसजी के खिलाफ लय बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी केकेआर

**केकेआर की वापसी में उसकी संतुलित गेंदबाजी का अहम योगदान है**

**कोलकाता, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफर 80 रनों की एकतरफा जीत से उत्साहित कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)के 21वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी। निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अपने घरेलू मैदान पर गत विजेता की शानदार जीत ने न केवल उसे अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंचा दिया, बल्कि टीम में विश्वास भी जगा है, जो कि पहले के मैचों में नजर नहीं आ रहा था। केकेआर को नेट रन रेट अब +0-070 पर है जिसको देखते हुये मौजूदा सत्र में टीम प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुयी है। केकेआर की वापसी में उसकी संतुलित गेंदबाजी का अहम योगदान है, खासकर वरुण चक्रवर्ती और सुनील नरेन की स्पिन जोड़ी ने एसआरएच को जीत से दूर कर दिया। लखनऊ की टीम के खिलाफ़ भी दोनो फिरकी गेंदबाजों के आठ ओवर आकर्षण का केंद्र होंगे। लखनऊ की टीम बल्ले से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही है। वेंकटेश अय्यर ने एसआरएच के खिलाफ 29 गेंदों पर 60 रन बनाए जबकि अंगकृष रघुवंशी ने 50 रनों की पारी खेली, जिससे केकेआर के बल्लेबाजी क्रम को आत्मविश्वास मिला। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने शीर्ष क्रम को संभाला वहीं फिनिसर्स के तौर पर माने जाने वाले रिंकू सिंह से टीम को एक मजबूती प्रदान हुई है। सलामी बल्लेबाजों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है, लेकिन नंबर 3 और 4 पर स्थिरता ने उस दबाव को कुछ हद तक कम कर दिया है। इस बीच, एलएसजी ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ़ 12 रनों की मामूली जीत दर्ज की और तालिका में छठे स्थान पर है। निक. ोलस पूरन 218-47 के शानदार स्ट्राइक रेट से 201 रन बनाकर इस सीज़न में उनके सबसे लगातार बल्लेबाज़ बने हुए हैं, लेकिन बाकी बल्लेबाज़ी क्रम अभी तक एक साथ नहीं चल पाया है। पिछले मैच में हालांकि मिशेल मार्श के अर्द्धशतक ने हौसला बढ़ाया है, लेकिन ऋषभ पंत और डेविड मिलर का लगातार खराब फॉर्म टीम के लिए चिंता का विषय है। गेंदबाजी के मोर्चे पर, शार्दुल ठाकुर एलएसजी के लिए विकेट लेने वालों में से रहे हैं, लेकिन उनकी इकॉनमी चिंता का विषय बनी हुई है। रवि बिश्नोई और युवा दिग्वेश सिंह राठी को बीच के ओवरों में खास भूमिका निभानी होगी। ईडन गार्डन्स की पिच स्पिनरों के अनुकूल है और धैर्य से खेलने पर फायदा हो सकता है, इसलिए मंगलवार का मुकाबला इस बात पर निर्भर करेगा कि प्रत्येक टीम बीच के ओवरों में कितनी अच्छी तरह से संभलकर खेलती है। शाम को हल्की नमी के साथ मौसम शुष्क रहने की उम्मीद है।

**केकेआर** की टीम में क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), सुनील नरेन, अजिंक्य रहाणे (कप्तान), वेंकटेश अय्यर, रिंकू सिंह, मोइन अली, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, वैभव अरोड़ा है और प्रभावशाली खिलाड़ी के तौर पर अंगकृष रघुवंशी को रखा गया है। **एलएसजी** की टीम में मार्कराम, मिशेल मार्श, पूरन, पंत (कप्तान व विकेटकीपर), आयुष, डेविड, अब्दुल समद, शार्दुल, दिग्वेश सिंह राठी, आकाश दीप, अवेश खान को लिया।

# पीएम ने देश में नई खेल संस्कृति को दिया बढ़ावा : योगी

● पहली बार किसी प्रतियोगिता में 1341 खिलाड़ी भाग ले रहे है

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में एक नई खेल संस्कृति को बढ़ावा दिया है। खेलो इंडिया, फिट इंडिया मूवमेंट के साथ हर जिले में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के केंद्र इस बात के उदाहरण हैं। योगी ने यहां 35वीं वाहिनी पीएसी,लखनऊ में पहली अखिल भारतीय पुलिस हैंडबॉल क्लस्टर (हैंडबॉल/बास्केटबॉल) 2024-25 के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि इन सभी कार्यक्रमों को ध्यान में रख करके ही देश में ऑल इंडिया पुलिस के टूर्नामेंट के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने की श्रृंखला प्रारंभ हुई है। आज से अगले पांच दिनों तक ऑल इंडिया पुलिस हैंडबॉल क्लस्टर- 2025 का आयोजन लखनऊ में होने जा रहा है जिसेमें केंद्रीय बलों और विभिन्न राज्यों के पुलिस बलों से जुड़े हुई 75 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। प्रतियोगिता में 1,341 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। इसमें 336 महिला खिलाड़ी भी हिस्सेदार बनने जा रही हैं। उन्होने कहा कि पहली बार किसी प्रतियोगिता में 75 से अधिक टीमें और 1,341 खिलाड़ी एक साथ प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रदेश की राजधानी में देश भर से पूर्वोत्तर के सुदूर मणिपुर से लेकर करके केरल और तमिलनाडु की टीम, जम्मू कश्मीर से लेकर करके तेलंगाना की टीम, वेस्ट बंगाल की टीमें आयोजन का हिस्सा बन करके इसे नई ऊंचाई पर पहुंचाएंगी। प्रतियोगिता एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलकूद की गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए देश ने एक नई खेल संस्कृति को आगे बढ़ाया है। उसी का परिणाम है कि खेलकूद भी व्यक्ति के जीवन को सजाने और संवारने का माध्यम बन रहा है। सरकार ने प्रदेश में खेल नीति लागू की है। पिछले पांच वर्षों में अकेले प्रदेश पुलिस विभाग ने 500 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भागीदारी सुनिश्चित की है।

# बीजीटी की जंग आईपीएल में भी जारी

**हेड को सिराज ने पहले ओवर में किया आउट, चयनकर्ताओं को भी दिया जवाब**

**हैदराबाद, वार्ता।** आईपीएल 2025 में मोहम्मद सिराज का शानदार फार्म जारी है। रायल चौलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ चिन्नास्वामी स्टेडियम में घातक गेंदबाजी के बाद अब सिराज ने सनराइजर्स को उनके घर हैदराबाद में हार का स्वाद चखाया। चिन्नास्वामी सिराज की पूर्व टीम का होम ग्राउंड है तो हैदराबाद उनका असली होम ग्राउंड। इन दोनों जगहों पर खूब रन बनते हैं, लेकिन सिराज ने दिखा दिया कि वह क्यों मौजूदा समय के सबसे अच्छे तेज गेंदबाजों में से एक हैं। सिराज ने आरसीबी के खिलाफ 19 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे, जबकि हैदराबाद के खिलाफ 17 रन देकर चार विकेट लिए। यह उनका आईपीएल में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन भी है। इतना ही नहीं सिराज ने ट्रेविस हेड को पारी के पहले ओवर में ही पवेलियन भेज दिया। चैंपियंस ट्राफी जीतने वाली भारतीय टीम में नहीं शामिल नहीं किए जाने के बाद उन्होंने अपने प्रदर्शन से चयनकर्ताओं को भी जवाब दिया है। दरअसल, पिछले साल आस्ट्रेलिया दौरे पर सिराज और हेड के बीच जंग देखने को मिली थी। दोनों मैदान पर भिड़ गए थे। इसके बाद सीरीज खत्म होने तक यह ड्रामा जारी रहा था। अब यही जंग आईपीएल में भी देखने को मिली। इस मैच से पहले हेड ने आईपीएल में कभी सिराज का सामना नहीं किया था।

# अव्याना बनीं अंडर-17 की राज्य शतरंज चैंपियन

अव्याना ढिल्लो ने कुल 5 में से कुल 4.5 अंक अर्जित किए

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश राज्य अंडर-7 बालिका वर्ग शतरंज चैम्पियनशिप का खिताब देवरिया की नन्ही अव्याना ढिल्लों ने अपने नाम कर लिया है। उप्र शतरंज खेल सौर के सचिव एके रायजादा ने सोमवार को यहां बताया कि सीता. पुर में हाल ही में सम्पन्न हुई उत्तर प्रदेश राज्य अंडर-7 बालिका वर्ग शतरंज चैंपियनशिप-2025 में अव्याना ढिल्लों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। अव्याना ने कुल 5 में से 4-5 अंक अर्जित किए और प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। अव्याना ने अपने विजय अभियान में गौरी सक्सेना, राध्या नारंग और कस्वि को पराजित किया, जबकि अंतिम चक्र में उन्होंने आरना त्रिपाठी से ड्रा खेला। इस बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर अव्याना को अब नेशनल अंडर-7 गर्ल्स शतरंज चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा। अव्याना देवरिया की जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की सुपुत्री हैं। वे न केवल शतरंज में उत्कृष्ट हैं।




# इशांत पर आईपीएल आचार संहिता उल्लंघन में लगा जुर्माना



**हैदराबाद, वार्ता।** गुजरात टाइटन्स के गेंदबाज इशांत शर्मा पर रविवार रात यहां राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उन्हें एक डिमेरिट अंक भी मिला है। इशांत ने अनुच्छेद 2-2 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया और मैच रेफरी की सजा को स्वीकारा है। गौरतलब है कि आईपीएल आचार संहिता के लेवल-1 का उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का निर्णय अंतिम होता है। इस बीच, रविवार को गुजरात टाइटन्स ने कप्तान शुभमन गिल के शानदार अर्द्धशतक और शेरफेन रदरफोर्ड के पावर-पैक फिनिश के साथ मोहम्मद सिराज के तेजतर्रार चार विकेट के बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद पर सात विकेट से शानदार जीत दर्ज की।

## तीसरे वनडे में धीमी ओवर गति के लिए पाक पर जुर्माना

**माउंट माउंगानुई।** न्यूजीलैंड के खिलाफ शनिवार को तीसरे वनडे में धीमी ओवर गति के लिए पाकिस्तान पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। मैच रेफरी के एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल के जेफ क्रो ने यह जुर्माना लगाया। मोहम्मद रिजवान की टीम को समय भत्ते को ध्यान में रखते हुए लक्ष्य से एक ओवर कम होने का फैसला सुनाया गया। खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में गेंदबाजी करने में विफल रहने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। आईसीसी मीडिया बयान के अनुसार, रिजवान ने अपराध के लिए दोषी होने की दलील दी और प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया।

# आरसीबी ने मुंबई इंडियंस को दिया 222 का लक्ष्य

● विराट कोहली 67 और देवदत्त 37 के बीच 91 रनों की शानदार साझेदारी हुई



**मुंबई, वार्ता।** विराट कोहली (67)देवदत्त पड्डिक्कल (37) के बीच 91 रन और कप्तान रजत पाटीदार (62) -जितेश शर्मा (40 नाबाद) के बीच 69 रन की विस्फोटक साझीदारियों की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 21वें मैच में सोमवार को मुबंई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ पांच विकेट पर 221 रन का स्कोर खड़ा कर लिया। कोहली आज मैच के शुरु से ही आक्रामक अंदाज में थे। फिल साल्ट (4) का विकेट पहले ही ओवर में गिरने के बावजूद उन्होने पॉवर प्ले का भरपूर फायदा उठाते हुए मैदान के चारों ओर रनों की बौछार कर दी। कोहली के रुख को भांपते हुये कप्तान हार्दिक पांड्या ने ट्रेंट बोल्ट को हटा कर स्पिनर विल जैक्स को गेंद थमायी मगर कोहली पर उसका कोई असर नहीं हुआ। दोनो बल्लेबाजों ने नौवें ओवर तक स्कोर को 95 रन पर पहुंचा दिया। इस बीच पडिक्कल विग्नेश पुथुर की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे। नये बल्लेबाज पाटीदार ने कोहली के साथ मिल कर मुबंई के गेंदबाजों की धुनायी जारी रखी। इस बीच अपना कोहली ने अपना अर्धशतक पूरा किया। पारी के 15वें ओवर में कोहली हार्दिक पांड्या की ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंद को खेलने के प्रयास में डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर खड़े नमन धीर को आसान कैच थमा बैठे। अपनी अर्द्धशतकीय पारी के दौरान कोहली ने 42 गेंद खेलकर आठ चौके और दो छक्के लगाये। कोहली ने इस मैच में टी20 क्रिकेट करियर में अपने 13 हजार रन भी पूरे कर लिए। बेंगलुरु के लिए दूसरी विस्फोटक साझीदारी पाटीदार और विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा के बीच बनी। दोनो बल्लेबाजों ने दर्शनीय शाट खेलकर मैदान पर शमा बांध दिया। दोनो बल्लेबाजों ने मात्र27 गें. दों में 69 रन की साझीदारी कर ली। इस बीच बोल्ट की गेंद पर शाट मारने की कोशश में पाटीदार विकेट के पीछे धरे गए। विकेटकीपर रायन रिकलटन ने काफी दूर जाकर उनका कैच पकड़ा।

# एमपी एमएलए कोर्ट में पेश हुए संगीत सोम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पंचायत में धार्मिक भावनाए भड़काने के आरोप में दर्ज मुकदमे में सरधना के पूर्व विधायक संगीत सोम आज कड़ी सुरक्षा के बीच दिवानी न्यायालय स्थित एमपी एमएलए न्यायलय में उपस्थित हुए। इस दौरान उन्होंने सपा सुप्रीमों अखिलेष यादव पर जमकर तंज कसें।

आज पूर्व विधायक संगीत सोम कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दिवानी न्यायलय पहुंचे और एमपी एमएलए न्यायलय में उपस्थित हुए। उल्लेखनीय है विगत 2012 में तत्कालीन सपा सरकार में एसपी के अंग रक्षक से एके 47 छीनने के मामले में कस्बा देवबंद के गांव मानकी में पंचायल आयोजित की गयी थी, जिसमें उन्होंने भाग लिया था। इस मामले में गांव मिरगपुर के कई लोगों के विरूद्ध धार्मिक भावनाए भडकाने का मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें पूर्व विधायक संगीत सोम का नाम शामिल हैं। इस मामले में उनके खिलाफ वाद



दायर किया गया था जिसकी सुनवाई के लिये पूर्व विधायक संगीत सोम आज एमपी-एमएलए न्यायालय में पेश हुए। पूर्व विधायक संगीत सोम ने न्यायालय परिसर में पत्रकारों से अनौपचारिक वार्ता करते हुए सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्ष 2012 सपा सरकार चल रही थी। इसी दौरान एक एसपी के अंग रक्षक से एके 47 छीनी गयी थी। उन्होंने दावा करते हुए कि यह कार्य निश्चित रूप से सपा के लोगों ने यह कृत्य किया था। उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर आंतकियों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी सरकार में आंतकी लोगों को पनाह दी जाती थी और सनातनी लोगों को मारा जाता था, जिसका उनके द्वारा विरोध किया जाता था। उन्होंने राणा सांगा के बारे में सपा के राज्यसभा सदस्य रामजी लाल सुमन द्वारा दिये बयान पर कहा कि राज्यसभा सदस्य रामजीलाल सुमन का केवल नाम सामने आया है, यह बयान तो सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव का है और यह उन्हें काफी महंगा पड़ेगा क्योंकि यह प्रत्येक सनातनी का अपमान है और माफी तो एक दिन में मांग सकता है लेकिन प्रत्येक सनतानी उन्हें इसका जवाब अवश्य देगा।

# विधायक उमर अली खान ने किया पानी की टंकी का उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के बेहट विधायक उमर अली खान ने पानी की टंकी का उदघाटन करते हुए विकास का वायदा पूरा करने की बात कही।

बेहट विधानसभा के गांव महमूदपुर में जल निगम द्वारा पानी की टंकी की निर्माण किया गया है। जिसका आज विधायक उमर अली खान ने निगम के एक्सईएन के साथ उदघाटन किया। उन्होंने पानी की टंकी का अवलोकन करते हुए कहा कि पानी की टंकी शुरू होने से ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल मिल सकेगा। उन्होंने ग्रामीणों की पेयजल संबंधी समस्याओं को भी सुना और उनका निस्तारण कराया। बेहट विधायक ने कहा कि जनता से किये गये विकास के तमाम वायदों को पूरा किया जा रहा है। विकास और विधानसभा के लोग मेरी प्राथमिकता है। मैं हमेशा उनकी सेवा में तत्पर हूं।



# महावीर जयंती पर बंद रहेगी मांस मछली दुकाने

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** तीर्थंकर महावीर जन्म कल्याणक (महावीर जयंती) के पावन पर्व पर 10 अप्रैल ब्रहस्पतिवार को नगर निगम सीमा क्षेत्र में मांस-मछली व मुर्गा आदि की दुकानें पूरी तरह बंद रहेंगी। पशु वधशाला को भी बंद रखने के निर्देश दिए गए है। प्रदेश शासन के निर्देश पर निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ.संदीप मिश्रा ने आज ये आदेश जारी किये।

निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा ने शासन के आदेशानुसार पत्र जारी कर कहा है कि तीर्थंकर महावीर जन्म कल्याणक (महावीर जयंती) के पावन पर्व पर धार्मिक

**पशु वधशाला को भी बंद रखने के जारी किए गए निर्देश**

भावनाओं/शांति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत 10 अप्रैल को पशु वधाशालाओं में किसी प्रकार के पशुओं का वध और दुकानों/भोजनालय में मांस आदि का विक्रय नहीं किया जायेगा। अत: 10 अप्रैल ब्रहस्पतिवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में समस्त पशुवधशाला, मुर्गा, मांस व मछली आदि की दुकानें पूरी तरह बंद रहेंगी। यदि ऐसी कोई भी दुकान खुली पायी गयी तो दोषी लोगों/दुक. ानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# शाकम्भरी विवि में 170 लोगों की जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मां शाकम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर में स्कूल ऑफ जूलॉजी के तत्वाधान में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 170 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की।

विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित शिविर का उद्घाटन कुल. पति प्रो. विमला वाई, कुलसचिव वीरेंद्र कुमार मौर्य, परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कुमार, पुवांरका स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक अमित व सहिया ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. विमला वाई ने कहा कि किसी भी कार्य को करने के लिए स्वस्थ रहना जरूरी है और अपने स्वास्थ्य के प्रति सभी को जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है।। उन्होंने कहा कि आज महिलाओं में सबसे




ज्यादा सर्वाइकल कैंसर के मामले बढ़ रहे है जिसके लिए सभी को सचेत रहना होगा। उन्होंने कहा कि तनाव भी सभी लोगों में बढ़ रहा है, विशेष कर युवाओं को समय-समय पर अपने स्वास्थ का जांच करानी चाहिए। शि. विर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 170 लोगो की शुगर, बीपी व आंखों की जांच कर उचित परामर्श दिया। इस दौरान जूलॉजी विभाग के बच्चों के स्वास्थ शिविर में अपने बनाए हुए पोस्टरों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर जूलॉजी विभाग की डॉ. ममता चौधरी, डॉ. निधि त्यागी, डॉ. आरस्वी, डॉ. संदीप, श्रीमती दिव्या सिंह, डॉ. विजय प्रताप सिंह, डॉ. सुधांशु कुमार सिंह, डॉ. मितिका, सुनीता सोनकर, कोमल त्यागी इत्यादि शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन

**सहारनपुर।** प्राथमिक विद्यालय लबकरी में दिव्यांग छात्रों के रिसोर्स सेंटर का विधिवत उदघाटन किया गया।

उदघाटन जिला समन्वयक अरविंद कुमार सिंह व प्रधान पति तफसील द्वारा किया गया। अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि वर्तमान में शिक्षा विभाग द्वारा दिव्यांग छात्रों को ऐसी सुविधाएं दी जा रही है जिससे उनके विकास एवं शिक्षण व्यवस्था में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। इस दौरान शमा परवीन, अफशा अंजुम, फरहा, सरिता, बेबी रानी, अखिलेश कुमार राय व शेषनाथ उपाध्याय आदि मौजूद रहे। संचालन राम भरोसे द्वारा किया गया।



# विधानसभा चुनाव तैयारियों में जुटे: अब्दुल वाहिद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने वक्फ संशोधन विधेयक मुस्लिम विरोधी बताते हुए कहा कि पार्टी हर स्तर पर इसका विरोध करेगी और सभी कार्यकर्ता 2027 के होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाए।

जिलाध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद अंबाला रोड स्थित सपा जिला कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र और उत्तर प्रदेश की सरकार धर्म और जाति के नाम पर कार्य कर समाज को बांटा कम कर रही है जिस कारण हिंदू और मुसलमानों के बीच नफरत फैलाई जा सके। उन्होंने कहा कि 8 वर्ष के कार्यकाल उत्तर प्रदेश में केवल नफरत की राजनीतिक की गई है किसान शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार की कोई बात नहीं हो रही है आज महंगाई चरण सीमा पर है लेकिन सरकार को इससे कोई सरोकार नहीं है।

पूर्व मंत्री सरफराज खान ने कहा कि आज



हमें एकजुट होकर नफरत फैलाने वाले लोगों को करारा जवाव देना होगा ताकि भाई चारा मजबूत रह सके। प्रदेश सचिन मजहरी राणा, जिला उपाध्यक्ष करणपाल राणा महिलाप्रकोष्ठ की राष्ट्रीय महासचिव रूही अंजुम, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष विजेश शर्मा, पूर्व मंत्री लियाकत अली, नगर विधानसभा प्रभारी अभिषेक टिंकू अरोड़ा कार्यकारिणी सदस्य फैसल सलमानी वरिष्ठ नेता अब्दुल गफूर ने भी विचार रखे।

बैठक में नक्षत्रपाल सुदेश गुर्जर विलास राणा गौरव यादव संदीप सैनी महजबी खान अजीम कुरैशी हाजी खुर्शीद अच्छन यादव गुलजार सलमानी इरशाद सलमानी इरफान अलीम वीरेंद्र यादव राजकुमार बिरला कुलदीप हंस रामाशीष यादव जिंदा आसान मोहम्मद आफताब अरविंद राणा शाहजमा एडवोकेट रविदास आदि ने संबोधित किया बैठक में मोहम्मद आफताब अरविंद राणा प्रदीप वाल्मीकि अभिषेक महेंद्र राकेश योगेंद्र शर्मा गुलशन खान सुरैया खान दानिश खान रणवीर कैफ कुरैशी महेंद्र काजल खान सौरभ कुमार अभी चौधरी हरीश मसूर सलमानी ठाकुर चंद्रपाल नाजिया भरम सिंह यादव प्रदीप यादव रवि कंबोज राशिद अली प्रदीप सैनी हाजी अब्बास फरमान अली शादाब अंसारी सज्जाद माजरा शिवम अग्रवाल वेदपाल पटनी यदि मौजूद थे

बैठक का संचालन सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फैसल सलमानी ने किया

# 25 लाख की ठगी, मुकदमा दर्ज

**सहारनपुर।** ग्राम ठसका पीएनबी बैंक मैनेजर व उसके दो सहयोगियों पर किसान अमित कुमार के साथ 25 लाख की ठगी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है, थाना नानौता ने पीड़ित के प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

किसान अमित कुमार पुत्र सोमपाल निवासी ग्राम भोजपुर थाना नानौता ने ग्राम ठसका में स्तिथ पीएनबी बैंक के मैनेजर अरविन्द कुमार पर आरोप लगाते हुए थाना नानौता में ठगी का मुकदमा दर्ज कराया है। किसान अमित कुमार ने दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि बैंक मैनेजर अरविन्द कुमार ने अपने दो साथियों सीएमडी सुनील कुमार पुत्र मांगेराम निवासी ग्राम बिलासपुर थाना गंगोह सहारनपुर व एमडी संजीव कुमार पुत्र बीरबल निवासी ग्राम बालूमजरा थाना बडगांव सहारनपुर के साथ 25 लाख का लोन दिलवाने हेतु मीटिंग कराई,जिसमे बाद उन्होंने 250 बैड केचआ लगाने हेतु पीएनबी बैंक से 25 लाख रूपये का लोन दिया, जोकि कुटेशन दिखाने हेतु अपने दो साथियों से जुडी कम्पनी जय एग्रो बायो साईंस प्राईवेट लिमेटेड के खाते में भेजे गए जबकि प्रार्थी से पांच कोरे चेक पर हस्तक्षर करा कर रख लिए,इस मामले में किसान अमित कुमार के अनुसार पीएनबी बैंक द्वारा दिए गए लोन का सारा पैसा पीएनबी बैंक मैनेजर अरविन्द कुमार, सीएमडी सुनील कुमार,एमडी संजीव कुमार ने मिलकर हडप लिया है,अब लोन के दो लाख 50 हजार रूपये प्रतिमाह की किस्त अदा करने का नोटिस किसान को दिया जा रहा है। किसान ने थाना नानौता में अपना लोन का पैसा वापस लेने व आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने हेतु मुकदमा दर्ज कराया है अब इस सम्बन्ध में थाना नानौता ने जाँच शुरू कर दी है।

**सहारनपुर।** सदर बाजार कोतवाली पुलिस ने एक शातिर बदमाश को दबोचकर उसके कब्जे से एक तमंचा बरामद करने में सफलता हासिल कर ली। मिली जानकारी सदर बाजार कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक रोजन्त त्यागी व उपनिरीक्षक देवेंद्र अधाना के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर चौकिंग के दौरान एक शातिर बदमाश कनिष्क पुत्र धर्मपाल निवासी लक्ष्मीनगर नियर दर्पण सिनेमा थाना कुतुबशेर को ग्राम फतेहपुर जट के आगे रजवाहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देशी तमंचा 12 बोर मय एक जिंदा कारतूस बरामद कर लिया।

# वक्फ संशोधन बिल मंजूर नहीं: मयंक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता मयंक शर्मा भारतीय ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल संविधान के मूल ढांचे पर हमला है।



मंयक शर्मा ने अपने कार्यालय पर कहा कि सरकार जो यह वक्फ बिल लेकर आई है, यह संविधान को कमजोर करेगा,लोगों में भ्रम फैलाएगा,आगमी समय में यह समाज को एक दुसरे के आमने-सामने टकराव की स्थिति पैदा करायेगा,और जो बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा है वह यह की यह अल्पसंख्यकों को मतदान के अधिकारो से भी वंचित करेगा।आगे मयंक शर्मा भारतीय ने कहा की माननीय मिनिस्ट्री ऑफ माइनॉरिटी के मंत्री ने 2023 में जिस दिन वक्फ बिल को सदन के सामने रखा था, उस दिन का स्टेटस यदि आप पढ़ें तो, उसमें उन्होंने क्या कहा? उन्होंने कहा था कि इस बिल को लाने से पहले इस पर विस्तार रूप से चर्चा हुई थी और उन्होंने यह कहकर सदन को भ्रमित किया था। 2023 में चार बार माइनॉरिटी अफेयर्स कमिटी की बैठक हुई। सबसे पहली बैठक 13 जुलाई को मुंबई में हुई, फिर दिल्ली में हुई फिर लखनऊ में हुई,उन्होंने भाजपा सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए पूछा की सरकार यह बताए जो यह पांच बैठकें हुई मिनिस्ट्री ऑफ माइनॉरिटी अफेयर्स की, इनमें से एक भी बैठक में नया वक्फ कानून संशोधन बिल का जिक्र तक क्यों नहीं हुआ। तो सरकार बताए कि अगर मिनिस्ट्री ऑफ माइनॉरिटी अफेयर्स ने जब यह बिल नहीं बनाया है,तो यह बिल कहाँ से आया है? आज सरकार माइनॉरिटी की बात करती है, उनके प्रति संवेदना जताने की बात करती है। अब सरकार यह बताए कि आज की माइनॉरिटीज के कितने प्रतिनिधि आपके द्वारा चुनकर सदन में भेजे गए हैं? उत्तर प्रदेश में कितने विधायक ऐसे हैं जो माइनॉरिटी से आते हैं और भाजपा के सिंबल पर जीतकर विधानसभाओं में गए हैं? उन्होंने कहा की भाजपा सरकार का मुख्य उद्देश्य माइनॉरिटी को वोट डालने से रोकना है, और पिछले कई चुनावों में हमने यह देखा भी है कि माइनॉरिटी इलाकों में किस तरह से वोटिंग परसेंटेज को धीमा किया जाता है और लोगों को वोट नहीं डालने दिया जाता। अंत में मयंक शर्मा भारतीय ने कहा कि हमारी कांग्रेस पार्टी इस बिल का पुरजोर विरोध करते हैं। हम इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।

# बेदी के नेतृत्व ई-रिक्शा चालकों का धरना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ई-रिक्शा चालकों ने धरना स्थल पर धरना दिया। हकीकत नगर में जाम लगाया और प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन (बेदी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल बेदी के नेतृत्व में एक ज्ञापन सौंपकर मांगों को पूरी किये जाने की मांग की।

भारतीय किसान यूनियन (बेदी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल बेदी के नेतृत्व में विभिन्न समस्याओं समेत अपनी मांगो को लेकर ई-रिक्शा चालकों ने जनता रोड पर एकत्रित होकर धरना स्थल पहुंच कर प्रदर्शन किया और धरना दिया। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि सहारनपुर में ई-रिक्शा चालकों को बड़ी मुश्किल का सामना करना पड़ है। समस्याओं के चलते ई-रिक्शा



चालक अपने अपने परिवार का लालन-पोषण करने मे असमर्थ है। उसके बाद छोटा से जिले सहारनपुर में ई-रिक्शा रुट जो बनाया गया है इसको समाप्त किया जाये और जो चालान ई रिक्शा चालको के काटे गए है उसको माफ किया जाए। राहुल बेदी ने यह भी आरोप लगाया कि ट्रैफिक पुलिस भारी भरकम चालान काटती है जिसको देने में यह ई रिक्शा चालक असमर्थ हैं और ये इतना पैसा कहां से लाएंगे और इसके साथ ट्रैफिक पुलिस इनके साथ वात्सलूकी भी करती है।

उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि ई रिक्शा चालको की मांगो पर ध्यान देकर उनको जल्द से जल्द पूरा किया जाये। ज्ञापन के माध्यम से ये भी बताया गया कि अगर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है।

इस दौरान अजय, अभय, संजय, नीरज, सोनू, आश मोहम्मद, जोगेन्द्र, साजिद, वेदप्रकाश, शाहरुख, प्रमोद, आमिर, जोनी, सुरेश, पहल सिंह, गौरव, शारिक, तेलूराम मौजूद रहे।

# रामपुर मनिहारान व सरसावा में रामनवमी पर निकाली गई शोभायात्राएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** श्री सनातन धर्म सभा द्वारा श्री रामनवमी के पर्व के मौके पर नगर में धूम धाम के साथ परम्परागत भगवान श्री राम की भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। जिसका जगह जगह भव्य स्वागत किया गया।

सिद्ध पीठ मंदिर श्री ठाकुर द्वारा पर भगवान श्री राम जी को पन्चामृत स्नान कराने व रमणीक वेशभूषा से सुसज्जित कर आरती व पूजन के बाद गगन भेदी जयघोष के साथ पालकी रथ में विराजमान किया गया। पालकी का उद्घाटन संजय पंवार ने दीप प्रज्ज्वलित व फीता काटकर किया। इसके अलावा आदि गणेश,श्री राम दरबार,राधा कृष्ण व भगवान शिव की झांकी का उद्घाटन अमित सैनी उर्फ छोटू सभासद,रविन्द्र चौधरी, प्रदीप बालियान, उर्फ काला सभासद ने फीता काटकर किया। सनातन धर्म सभा की और से सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। आकर्षक झांकियों व बेंड बाजो व ढोल नगाड़ों के साथ प्रारम्भ हुई यात्रा नगर के विभिन्न गली मौहल्लों मुख्य बाजारों व हाइवे से होते हुए कई घन्टो बाद वापस मंदिर श्री ठाकुर द्वारा पहुंची। यात्रा में शामिल बैंड बाजे धार्मिक धुनों से वातावरण को धर्ममय मनाए हुए थे वही झांकिया आकर्षण का केन्द बनी हुई थी। नगर में राम भक्तों ने राम दरबार मे शीश झुकाया व प्रसाद अर्पित कर साथ साथ यात्रा का भव्य स्वागत किया।

इस दौरान प्रधान संरक्षक प्रीतम लम्बरदार,प्रबधक धर्मेश गुप्ता,प्रधान जयराज पंवार,महामंत्री बॉबी शर्मा,खजांची प्रदीप धीमान,पंडित दिग्विजय शर्मा,सन्दीप शर्मा,श्री पाल सैनी,राकेश सैनी, प्रमोद कौशिक, राजू पांचाल, अनिल भारद्वाज सहित काफी संख्या में पुरूष व महिला श्रद्धालुगण मौजूद रहे।



इस दौरान प्रधान संरक्षक प्रीतम लम्बरदार, प्रबधक धर्मेश गुप्ता, प्रधान जयराज पंवार, महामंत्री बॉबी शर्मा, खजांची प्रदीप धीमान, पंडित दिग्विजय शर्मा, सन्दीप शर्मा, श्री पाल सैनी, राकेश सैनी, प्रमोद कौशिक, राजू पांचाल, अनिल भारद्वाज सहित काफी संख्या में पुरूष व महिला श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

**सरसावा।** रामनवमी पर्व पर इस बार भी परंपरागत शोभायात्रा निकाली गई जिसमें प्रतिभावानो द्वारा देवी देवताओं पर आधारित तैयार की गई झांकियां शोभायात्रा का आकर्षण बनी रही अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा के साथ शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

सोमवार को शाम करीब पाच बजे अंबाला रोड अखंड सत्संग भवन मंदिर से शुरू की गई शोभायात्रा नगर के सभी प्रमुख मौहल्लों गलियों व बाजार से होकर गुजरती वापस मंदिर मे आकर समापन हुई। शोभायात्रा मे रंग-बिरंगी पुष्पों से सजे रथ पर भगवान श्री राम की प्रतिमा विराजमान रही जिसे देखकर श्रद्धालु नमस्तक हो रहे थे। शोभायात्रा यात्रा मे प्रतिभावानो द्वारा देवी देवताओं पर आधारित बनाई झांकियां जिसमे मुख्य रूप से दुर्गा माता, श्री गणेश तथा



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा तैयार झांकियां मौजूद रही। शोभायात्रा मे बैंड-बाजे की अलग-अलग टोलियां तथा भजन मडली भगवान श्री राम का भजनों के माध्यम से गुणगान करते वातावरण को रामभक्त मय बनाए हुए थी। अखंड सत्संग भवन मंदिर से शुरू शोभायात्रा पजाबी कालोनी, मेन बाजार झडा चौंक, नकुड रोड, खटीको की पुलिया से होते मौहल्ला अफगानान, चौधिरियान कससाबान, काजियान आदि से होते रात के समय मंदिर में आकर समापन हुई। शोभायात्रा का अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा व जलपान आदि करा स्वागत किया गया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि राजू पंवार, पूर्व पालिकाध्यक्ष बिजेंद्र मोगा, डा कृष्ण लाल अरोडा,भाजपा नगराध्यक्ष सागर चौधरी, सभासद अनुज कांबोज, देशबंधु शर्मा, दिनेश गुप्ता, अनुराग जैन, राज किरण कत्याल, प्रेम गुंबर, खैराती लाल, कृष्ण गोपाल गुंबर, राजेश चावला,रतन कांबोज, संजय कांबोज, अनिल कांबोज रमेश सुखीजा,अरूण जुनेजा आदि मौजूद रहे।

# महंगाई के झटके जारी

विभिन्न तरह की समस्याओं से जूझ रही देश की जनता को महंगाई का बड़ा झटका लगा है। महंगाई ने एक बार फिर आम आदमी के रसोई घर पर हमला किया है। रसोई गैस का सिलेंडर अब और महंगा खरीदना पड़ेगा। सरकारी क्षेत्र की तेल वितरण कंपनियों ने रसोई गैस (एलपीजी) के मूल्य में प्रति सिलेंडर 50 रुपये की बढ़ोतरी की है। इतना ही नहीं उज्ज्वला और सामान्य श्रेणी के दोनों ग्राहकों के लिए गैस की कीमत में भी वृद्धि की गई है। नई कीमतें आज आधी रात से लागू हो जाएंगी। हालांकि राहत वाली बात मानी जा सकती है कि पेट्रोल-डीजल के दाम अभी नहीं बढ़ेंगे। बताते चलें कि तेल कंपनियां हर महीने पिछले महीने के अंतर्राष्ट्रीय मूल्यों, एक्सचेंज रेट और अन्य लागतों के आधार पर एलपीजी की बेस प्राइस तय करती हैं। इसके बाद टैक्स, ट्रांसपोर्ट, और डीलर कमीशन जोड़कर खुदरा मूल्य निकाला जाता है। सब्सिडी वाले सिलेंडर के लिए सरकार अंतर की भरपाई करती है, जबकि गैर-सब्सिडी वाले सिलेंडर की पूरी कीमत ग्राहक चुकाता है। कंपनियों के निर्णय के अनुसार सामान्य उपयोगकर्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर का भाव 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगा। उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी उपभोक्तओं के लिए 14.2 किलोग्राम सिलेंडर की कीमत 503 रुपये से बढ़कर 553 रुपये हो जाएगी। सरकार का कहना है कि इन कीमतों की हर 15 दिन पर समीक्षा की जाएगी। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में गैस की कीमतों में कमी की उम्मीद की जा रही है। इससे देश में एलपीजी सिलेंडर के भाव भी कम होने की उम्मीद की जा सकती है। उज्ज्वला और सामान्य श्रेणी के ग्राहकों दोनों के लिए गैस की कीमत में इजाफा किया गया है। सामान्य उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगी और उज्ज्वला योजना के तहत उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत 503 रुपये से बढ़कर 553 रुपये हो जाएगी। हालांकि आम आदमी के लिए राहत वाली बात मानी जा सकती है कि पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ेंगे। केंद्र सरकार ने पेट्रोल -डीजल पर एक्साइज ड्यूटी दो रुपये प्रति लीटर बढ़ा दी है। द ये भी साफ किया कि इससे पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ेंगे। ये खर्चा पेट्रोलियम कंपनियां उठाएंगी। अभी सरकार पेट्रोल पर 19.90 रुपये लीटर और डीजल पर 15.80 रुपये लीटर एक्साइज ड्यूटी वसूल रही है। इस बढ़ोतरी के बाद पेट्रोल पर 21.90 रुपये लीटर और डीजल पर 17.80 रुपये लीटर ड्यटी लगेगी। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि ड्यूटी को कच्चे तेल की घटी कीमतों से एडजस्ट किया जाएगा।सरकार भले ही सफाई देकर आम आदमी को बहलाने की कोशिश करती रहे, लेकिन इस सच को झुठलाया नहीं जा सकता कि केंद्र सरकार अभी तक आम आदमी को महंगाई की मार से निजात दिलाने में पूरी तरह से नाकाम नजर आई है

## साजिशों की उम्र अब बहुत लंबी नहीं



महात्मा बुद्ध व बाबासाहेब जैसे महापुरुष की प्रतिमाओं को हटाने पर सीतापुर में हुआ विवाद एक बड़ी सियासी साजिश की ओर इशारा कर रहा है, सब जानते हैं कि वो कौन हैं, जिनके इशारे पर प्रशासन ऐसा प्रहार कर रहा है, शोषित-वंचित समाज की जागरूकता नई चेतना बनकर उभर रही है, इन साजिशों की उम्र अब बहुत लंबी नहीं बची है, भाजपा षड्यन्त्रकारी पार्टी है, समाज में नफरत फैलाती है, सामाजिक सद्भाव बिगाड़ती है, भाजपा पीडीए विरोधी है, भाजपा ने पीडीए के हर सम्मान और आरक्षण को छीना है, पीडीए की एकजुटता से भाजपा के लोग घबराए हुए हैं, भाजपा सरकार में पीडीए के साथ षड्यंत्र हो रहा है। समाजवादी पार्टी पीडीए के साथ बाबा साहब के विरोत्रियों का हर स्तर पर मुकाबला करने को तैयार है।

**अखिलेश यादव**
**अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# टैरिफ बम की बारिश में भारत व चीन 1 अप्रैल 1950 का दिन भूल गए

**1 अप्रैल 1950 को भारत, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने वाला पहला गैर-समाजवादी ब्लॉक देश बन गया, कुछ ही दिनों में हम इस रिश्ते की 75वीं वर्षगांठ मनाएंगे, दो दिग्गज देश चीन और भारत इस विशाल और विविधतापूर्ण भूभाग के हृदय में बसे हैं उनकी नियति एक-दूसरे से अपरिवर्तनीय रूप से जुड़ी हुई है**

**अशोक भाटिया**



दरअसल पूरे सप्ताह डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ बम की बारिश में एक महत्वपूर्ण तारीख की अनदेखी होने की उम्मीद थी, लेकिन अमेरिकी शासकों के वर्तमान सिंहपर्णी काल के मद्देनजर उस घटना के महत्व को अब भी उजागर किया जाना चाहिए। वह तारीख 1 अप्रैल थी, ठीक 75 साल पहले, 1 अप्रैल, 1950 को, जब भारत और चीन के बीच आधिकारिक राजनयिक संबंध स्थापित हुए तब भारत में पंडित जवाहरलाल नेहरू के रूप में एक ऐसा नेता थे जिसकी वैश्विक छाप थी। अंग्रेजों को गए अभी तीन साल ही हुए थे, इसलिए कुछ हद तक पश्चिमी मुख्यधारा का मीडिया भारत पर ध्यान दे रहा था। यह संभावना नहीं थी कि भारत और चीन भविष्य में सबसे अधिक आबादी वाले देश और दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाएं बन जाएंगे। दूसरा देश कुशल श्रम का सबसे बड़ा निर्यातक है, और कई मामलों में दुनिया का अग्रणी बाजार है।

अलग-अलग समय पर विभिन्न चीनी शासकों ने यह देखने की इच्छा व्यक्त की कि अगर ये दोनों देश एक साथ आते हैं तो क्या होगा। गौरतलब है कि 1 अप्रैल, 1950 को भारत, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने वाला पहला गैर-समाजवादी ब्लॉक देश बन गया। कुछ ही दिनों में हम इस रिश्ते की 75वीं वर्षगांठ मनाएंगे। दो दिग्गज देश-चीन और भारत-इस विशाल और विविधतापूर्ण भूभाग के हृदय में बसे हैं, उनकी नियति एक-दूसरे से अपरिवर्तनीय रूप से जुड़ी हुई है। जैसा कि वांग यी ने उल्लेख किया, माओ ने चीन और भारत के सामंजस्यपूर्ण ढंग से मिलकर काम करने के महत्व का वर्णन करने के लिए 'ड्रैगन और हाथी के सहकारी पा डे डेक्स' के रूपक का उपयोग किया। 300 बिलियन से अधिक आबादी वाले ये देश न केवल एशिया बल्कि पूरी दुनिया के भविष्य को आकार देने की शक्ति रखते हैं। फिर भी, उनके आर्थिक उत्थान और गहरे ऐतिहासिक संबंधों के बावजूद, उनके रिश्ते में गहरी उलझन बनी हुई है, जो संदेह, असुरक्षा और संघर्ष की एक अनसुलझी विरासत से भरी हुई है। अगर एशिया में शांति बनी रहनी है, तो यह इस सवाल पर निर्भर करता है। क्या भारत और चीन इतिहास के बोझ को कम कर सकते हैं और सहयोग, सम्मान और स्थिरता का भविष्य बना सकते हैं?

फिर भी, हाल के महीनों में बदलाव के संकेत मिले हैं। पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के साथ संबंधों को सामान्य बनाने की ज़रूरत दोहराई-यह एक ऐसा बयान था जो वैश्विक व्यवस्था की वास्तविकता को स्वीकार करता है और इस बात की मौन स्वीकृति भी है कि भारत और चीन के बीच संघर्ष न केवल एशिया के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए विनाशकारी होगा। भारत को एक वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित करने के अपने प्रयास में मोदी, चीन के साथ संबंधों को स्थिर करने के महत्व के प्रति पूरी तरह जागरूक हो गए हैं, तथा मतभेद की जगह संवाद, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और रणनीतिक फोकस को प्राथमिकता दे रहे हैं। अतीत को दरकिनार कर भविष्य पर ध्यान केंद्रित करने के अधिक व्यावहारिक दृष्टिकोण के प्रति उनके जोर को घरेलू स्तर पर मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है।

अपने देश के उत्थान से उत्साहित भारतीय राष्ट्रवादियों ने चीन के साथ रिश्ते बनाने की समझदारी पर सवाल उठाया है और सरकार पर भारत की संप्रभुता से समझौता करने का आरोप लगाया है। लेकिन यह एक ज़रूरी बातचीत है-जो पक्षपातपूर्ण राजनीति और कट्टर राष्ट्रवाद से परे है, और इस बात पर ध्यान केंद्रित करती है कि भारत और पूरे एशिया के लिए क्या सबसे अच्छा है। वास्तव में, शुरू से ही चीन भारत का प्रतिद्वंद्वी था। आज इसे बहुत अवमानना से बदल दिया गया हो सकता है। आज, यहां के लोग अक्सर आश्चर्य करते हैं कि क्यों। यद्यपि भारत को चीनी सरकार के माध्यम से एक 'अक्षम, आलसी' देश के रूप में वर्णित किया जाता है, भारत का महत्व एक सीमा से परे है, पहली सोवियत रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका नई सहस्राब्दी में, कमोबेश यूरोप, हमेशा जापान। चीनी नेतृत्व इस तथ्य को स्वीकार नहीं कर सकता और न ही इंकार कर सकता है कि यह हाल के दिनों में अरब राज्यों की नजर में हमेशा रहा है!

चीन ने तिब्बत के ब्रिटिश सीमांकन को मंजूरी नहीं दी। जापान ने चीन पर कई आक्रमण किए यहां तक कि कई वर्षों तक अधिकांश क्षेत्र पर कब्जा कर लिया। चीन आज उस पुराने 'दर्द' को जला रहा है, क्योंकि उसके राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पिछले दशक में चीनी आधिपत्य में चीनी संस्कृतिवाद को जोड़ा। 1995 तक, चीन की अर्थव्यवस्था गति और विस्तार के मापदंडों पर भारत से पीछे थी। मानव इतिहास में यह दूसरा उदाहरण नहीं है कि किसी देश ने किसी भी देश पर आक्रमण किए बिना 20 वर्षों की अवधि में इतनी तेजी से आर्थिक प्रगति की है। चीन की प्रगति न केवल आर्थिक मोर्चे पर थी, यह तकनीकी प्रगति पर हावी थी, न ही यह सैन्य बल वृद्धि से प्रेरित थी। अंतरमहाद्वीपीय मिसाइलें, लड़ाकू विमान, लड़ाकू युद्धपोतों और लंबी दूरी की पनडुब्बियों को चीन की जनसांख्यिकीय और तकनीकी क्षमताओं के संयोजन के माध्यम से बड़े पैमाने पर और तेजी से बनाया गया था। अंतर्राष्ट्रीय युद्ध में, जहां रूस का महत्व कम हो गया था और यह धारणा थी कि संयुक्त राज्य अमेरिका अब दुश्मन नहीं था, चीन ने आसानी से उस स्थान पर कब्जा कर लिया। आज, व्यापार युद्ध में और रणनीतिक संदर्भ में, यह सुनिश्चित करने के लिए नीतियां निर्धारित की जाती हैं कि संयुक्त राज्य अमेरिका चीन से डरता है। यह भी सच है कि इस अवधि के दौरान भारत बहुत पिछड़ रहा था। यही है, अर्थव्यवस्था का भी विस्तार हो रहा था, लेकिन चीन की दौड़ की तुलना में, हम केवल डुडुडुडु चला रहे थे। 1962 के युद्ध में, चीन ने भारत के कुछ क्षेत्रों पर कब्जा करने की कोशिश की। यह कुछ हद तक सफल रहा। शी के युद्ध के कारण, चीन ने पूर्वी लद्दाख, विशेष रूप से पूर्वी लद्दाख के हिस्से पर कब्जा करने की कोशिश की। यह सच था कि यह भारत सरकार और सेना की सतर्कता से उचित था। लेकिन यह भी सच है कि 2020 में आक्रामक हुए चीन ने 2023 के अंत में और 2024 में खुद ही बातचीत शुरू कर दी थी। ऐसा क्यों होना चाहिए था? इससे पता चलता है कि भारत के मामले में चीनी शासकों की नीति में कोई संगति नहीं है। कभी अवमानना, कभी अवमानना, कभी सम्मान होता है। ऐसा लगता है कि 'सम्मान अवधि' होनी चाहिए। पिछले साल चीन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बनने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका से आगे निकल गया। लेकिन इस व्यापार में भी, इस व्यापार में चीन का हिस्सा 85.1 बिलियन डॉलर जितना बड़ा है। बातचीत के माध्यम से विवादास्पद मुद्दों को हल करने और आर्थिक सहयोग बढ़ाने की चीन की बात हाल ही में बढ़ रही है। पाकिस्तान के अलावा, चीन का कोई भी सहयोगी भारत के प्रति सीधे शत्रुतापूर्ण नहीं है।



# बुलढाणा में फैली गंजेपन की समस्या...

**अर्पिता व्यास**


**लोगों में बाल झड़ने की घटनाएं बढ़ती जा रही थीं, तीन दिन में लगभग 51 व्यक्ति गंजे हो चुके थे, चिकित्सा विभाग ने उस क्षेत्र का एक सर्वे किया, त्वचा रोग विशेषज्ञ भी गांव पहुंच गए, उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि बाल झड़ना एक कवक (फफूंद) के संक्रमण के कारण हो रहा है जो संदूषित पानी से फैल रहा है, प्रभावित लोगों ने बताया कि इसकी शुरुआत बालों की जड़ों में खुजली होने से होती है, उसके बाद बाल पतले होने लगते हैं। फिर 3 दिनों में पूरे बाल झड़ जाते है और पूरी तरह गंजापन आ जाता है, यहां तक कि दाढ़ी के बाल भी गिर जाते हैं**

पिछले दिनों महाराष्ट्र के बुलढाणा ज़िले के गांवों में लोगों में बालों के झड़ने की एक विचित्र घटना सामने आई। बुलढाणा ज़िले के शेगांव तालुका में अचानक लोगों के बाल झड़ने लगे। यह महिलाओं और पुरुषों दोनों में देखा गया। गांव के लोग अटकलें लगाने लगे कि यह किसी वायरस की वजह से हो रहा है। तत्काल हुई जांचों में पता चला कि बोंडगांव और खातखेड़ के पानी में नाइट्रेट काफी ज्यादा मात्रा में है और साथ ही उसमें कुल घुलित लवण यानी **TDS** भी अधिक था। यह पता लगा कि पानी पीने के लिए सही नहीं है। यह अनुमान लगाया गया कि शायद यही बाल झड़ने का कारण हो सकता है।

लोगों में बाल झड़ने की घटनाएं बढ़ती जा रही थीं। 3 दिन में लगभग 51 व्यक्ति गंजे हो चुके थे। चिकित्सा विभाग ने उस क्षेत्र का एक सर्वे किया। त्वचा रोग विशेषज्ञ भी गांव पहुंच गए। उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि बाल झड़ना एक कवक (फफूंद) के संक्रमण के कारण हो रहा है जो संदूषित पानी से फैल रहा है। प्रभावित लोगों ने बताया कि इसकी शुरुआत बालों की जड़ों में खुजली होने से होती है, उसके बाद बाल पतले होने लगते हैं। फिर 3 दिनों में पूरे बाल झड़ जाते है और पूरी तरह गंजापन आ जाता है। यहां तक कि दाढ़ी के बाल भी गिर जाते हैं।

हालांकि संदूषित पानी को ही कारण माना जा रहा था फिर भी जांच आगे जारी रखी गई। त्वचा और पानी के नमूने जांच के लिए भेजे गए। पानी के अत्यधिक संदूषित होने के कारण उसका उपयोग प्रतिबंधित करके गांव वालों के लिए दूसरे स्रोतों से पानी उपलब्ध करवाया गया। अन्य स्रोत से पानी देने लगे तो लगा कि अब और मामले नहीं बढ़ेंगे लेकिन मामले तो बढ़ते ही जा रहे थे। पूर्व में भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (**ICMR**) से आई टीम ने जांच में पाया था कि प्रभावित लोगों में सेलेनियम की मात्रा अधिक है जो शायद बालों के झड़ने का कारण है। सेलेनियम राशन की दुकान से वितरित गेहूं में अधिक पाया गया था। अलबत्ता, टीम ने पक्का निष्कर्ष नहीं दिया था कि यही बाल झड़ने का कारण है। गेहूं के नमूने जांच के लिए वारणी एनालिटिक्स लैब, ठाणे पहुंचाए गए। वहां बिना धुले गेहूं में सेलेनियम 14.52 मि.ग्रा./कि.ग्रा पाया गया और धुले हुए गेहूं में 13.61 मि.ग्रा./कि.ग्रा जबकि गेहूं में सेलेनियम की सामान्य मात्रा 0.1 से 1.9 मि.ग्रा./कि.ग्रा होती है। यानी इस गेहूं में सेलेनियम की मात्रा सामान्य अधिकतम मात्रा से 8 गुना अधिक थी। राशन के गेहूं के पैकेट्स को चेक किया गया तो देखा कि ये पंजाब से आए थे।

इसी तरह, 2000 के दशक के शुरू में पंजाब के दो ज़िलों होशियारपुर और नवांशहर में भी बालों के झड़ने की घटनाएं हुई थीं। ये दोनों ज़िले शिवालिक पर्वतों की तराई में स्थित हैं। तब यहां सेलेनियम नदियों की बाढ़ से आए पानी के साथ आया था। एक अन्य रिपोर्ट में प्रभावित लोगों के खून में ज़िंक की कमी भी पाई गई जो बालों की वृद्धि लिए उत्तरदाई है। सेलेनियम की वृद्धि और ज़िंक की कमी, दोनों कारणों से बाल झड़ने की घटनाएं हुई। 15 गांव के लगभग 300 लोग प्रभावित हुए। अच्छी बात यह है कि कुछ वक्त में लोगों के बाल वापस आ गए क्योंकि बालों की जड़ें सलामत थीं।



स्रोत फीसर्च

# वक्फ कानून में संशोधन किस लिए...

**विनीत नारायण**



वक्फ संशोधन बिल, जिसे हाल ही में भारतीय संसद में पेश किया गया और 2-3 अप्रैल 2025 को लोकसभा और राज्यसभा से पारित किया गया, देश में एक गहन बहस का विषय बन गया है। यह बिल 1995 के वक्फ अधिनियम में संशोधन करने और वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को अधिक पारदर्शी और समावेशी बनाने का दावा करता है। सरकार इसे एक प्रगतिशील कदम के रूप में पेश कर रही है, जबकि विपक्ष और कई मुस्लिम संगठन इसे धार्मिक स्वायत्तता पर हमला मानते हैं। इस लेख में हम इस बिल के समर्थन और विरोध के तर्कों को तटस्थ दृष्टिकोण से देखेंगे और इसके संभावित प्रभावों का आकलन करेंगे।

वक्फ एक इस्लामी परंपरा है जिसमें कोई व्यक्ति अपनी संपत्ति को धार्मिक, शैक्षिक या परोपकारी उद्देश्यों के लिए समर्पित कर देता है। भारत में वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन 1995 के वक्फ अधिनियम के तहत होता है, जिसके अंतर्गत राज्य वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद कार्य करते हैं। वक्फ संशोधन बिल 2024 में कई बदलाव प्रस्तावित किए गए हैं, जैसे वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम और महिला सदस्यों की अनिवार्यता, संपत्ति सर्वेक्षण के लिए कलेक्टर की भूमिका और विवादों में हाई कोर्ट की अपील का प्रावधान। सरकार का कहना है कि यह बिल वक्फ प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही लाएगा, जबकि विरोधी इसे वक्फ की मूल भावना के खिलाफ मानते हैं। इस बिल का समर्थन करने वाले जो तर्क देते हैं उनका कहना है कि वक्फ बोर्डों में भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन की शिकायतें लंबे समय से चली आ रही हैं। देश में 8.7 लाख से अधिक वक्फ संपत्तियां हैं, जिनकी कीमत लगभग 1.2 लाख करोड़ रुपये आंकी गई है, लेकिन इनका उपयोग गरीब मुस्लिम समुदाय के कल्याण के लिए प्रभावी ढंग से नहीं हो पा रहा। कलेक्टर द्वारा संपत्ति सर्वेक्षण और रिकॉर्ड डिजिटलीकरण जैसे प्रावधानों से इन संपत्तियों का बेहतर प्रबंधन संभव होगा। बिल में वक्फ बोर्ड में कम से कम दो महिलाओं और गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल

**देश में 8.7 लाख से अधिक वक्फ संपत्तियां हैं जिनकी कीमत लगभग 1.2 लाख करोड़ रुपये आंकी गई है लेकिन इनका उपयोग गरीब मुस्लिम समुदाय के कल्याण के लिए प्रभावी ढंग से नहीं हो पा रहा**




करने का प्रावधान भी है। समर्थकों का तर्क है कि इससे बोर्ड में लैंगिक और सामाजिक समावेशिता बढ़ेगी। विशेष रूप से पसमांदा मुस्लिम समुदाय, जो सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़ा है, इस बिल का समर्थन करता है, क्योंकि उनका मानना है कि मौजूदा व्यवस्था में धनी और प्रभावशाली लोग वक्फ संपत्तियों पर कब्जा जमाए हुए हैं। पहले वक्फ ट्रिब्यूनल का फैसला अंतिम माना जाता था, जिसे अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती थी। नए बिल में हाई कोर्ट में अपील का अधिकार दिया गया है, जिसे समर्थक संविधान के अनुरूप और न्यायसंगत मानते हैं। उनका कहना है कि इससे वक्फ बोर्ड के मनमाने फैसलों पर अंकुश लगेगा। बिल में यह शर्त भी जोड़ी गई है कि बिना दान के कोई संपत्ति वक्फ की नहीं मानी जाएगी। समर्थकों का कहना है कि इससे उन मामलों में कमी आएगी जहां वक्फ बोर्ड बिना ठोस सबूत के संपत्तियों पर दावा करता था, जिससे आम लोगों को परेशानी होती थी।

वहीं इस बिल के विरोध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और विपक्षी दलों का कहना है कि यह बिल वक्फ की मूल भावना को कमजोर करता है। वक्फ एक धार्मिक परंपरा है और इसमें गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करना इसकी पवित्रता को नुकसान पहुंचाएगा। उनका यह भी आरोप है कि सरकार वक्फ संपत्तियों पर कब्जा करने की योजना बना रही है। बिल में कलेक्टर को वक्फ संपत्तियों का सर्वेक्षण करने और उनकी स्थिति तय करने का अधिकार दिया गया है। विरोधियों का कहना है कि यह एक सरकारी हस्तक्षेप है, जो वक्फ बोर्ड की स्वायत्तता को खत्म कर देगा। उनका तर्क है कि कलेक्टर, जो ज्यादातर गैर-मुस्लिम हो सकता है, वक्फ के धार्मिक महत्व को नहीं समझ पाएगा। विपक्ष का दावा है कि यह बिल संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 का उल्लंघन करता है, जो धार्मिक स्वतंत्रता और धार्मिक संस्थाओं के प्रबंधन का अधिकार देता है। उनका कहना है कि वक्फ एक इस्लामी परंपरा है और इसमें सरकारी दखल अल्पसंख्यक अधिकारों पर हमला है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और अन्य संगठनों ने बिल के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन किए हैं। ईद और जुमातुल विदा जैसे अवसरों पर काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ने की अपील इसका उदाहरण है। विरोधियों का कहना है कि यह बिल मुस्लिम समुदाय को अपने ही धर्म से दूर करने की साजिश है। वक्फ संशोधन बिल के लागू होने से कई सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव देखने को मिल सकते हैं। यदि यह पारदर्शिता और समावेशिता को बढ़ाता है, तो वक्फ संपत्तियों का उपयोग गरीब मुस्लिमों, विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए बेहतर तरीके से हो सकता है। दूसरी ओर, यदि यह धार्मिक स्वायत्तता को कमजोर करता है या सरकारी हस्तक्षेप को बढ़ाता है, तो इससे मुस्लिम समुदाय में असंतोष और अविश्वास बढ़ सकता है। राजनीतिक दृष्टिकोण से यह बिल सत्तारूढ़ एनडीए के लिए एक जोखिम भरा कदम है।

जहां बीजेपी इसे हिंदू मतदाताओं के बीच वक्फ बोर्ड की कथित मनमानी के खिलाफ एक कदम के रूप में पेश कर सकती है, वहीं सहयोगी दल जैसे जेडीयू टीडीपी और आरएलडी को अपने मुस्लिम समर्थकों के गुस्से का सामना करना पड़ सकता है। यदि मोदी सरकार संसद में बहुमत के चलते इस बिल को अपने पिछले दो कार्यकालों में बड़े आराम से ला सकती थी। लेकिन तीसरे कार्यकाल में इस बिल को लाकर भाजपा ने अपने सहयोगी दलों को पशोपेश में डाल दिया है। वक्फ संशोधन बिल एक जटिल मुद्दा है, जिसमें सुधार की आवश्यकता और धार्मिक संवेदनशीलता के बीच संतुलन बनाना जरूरी है। समर्थकों के लिए यह भ्रष्टाचार को खत्म करने और वक्फ को आधुनिक बनाने का अवसर है, जबकि विरोधियों के लिए यह धार्मिक पहचान और स्वायत्तता पर हमला है। सच्चाई शायद इन दोनों के बीच कहीं छिपी है। इस बिल का असली प्रभाव इसके कार्यान्वयन पर निर्भर करेगा। यदि सरकार इसे संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ लागू करती है, तो यह एक सकारात्मक बदलाव ला सकता है। लेकिन यदि इसे जल्दबाजी या राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया गया, तो यह सामाजिक तनाव को और गहरा सकता है। अंततः इस बिल की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि यह वक्फ की मूल भावना को कितना सम्मान देता है और समाज के सभी वर्गों को कितना लाभ पहुंचाता है।

# मकड़ियों की पतली कमर

कई लोगों को मकड़ियों से नफरत होती है और कई लोगों को उनसे डर भी लगता है-इसी भावना को व्यक्त करने के लिए बना है शब्द एरेक्नेफोबिया। लेकिन वैज्ञानिकों को मकड़ियों की एक बात आकर्षित करती है-उनकी पतली कमर। कहते तो यहां तक हैं कि जिस रेत-घड़ीनुमा फिगर की कामना कई तारिकाएं करती हैं, वह मकड़ियों को तो सहज ही मिल गया है। और अब प्लॉस बायोलॉजी में प्रकाशित एक शोध पत्र बताता है कि इसके लिए मकड़ियों को डाएटिंग वगैरह नहीं करना पड़ता, बल्कि यह एक प्राचीन जीन का कमाल है। इस शोध पत्र के लेखकों-विस्कॉन्सिन विश्वविद्यालय की एमिली सेटन और उनके साथियों-ने दक्षिण-पूर्वी कोलोरैडो के घास के मैदानों में तफरीह करते हुए टेक्सास ब्राउन टेरेंटुला (**Aphonopelma hentzi**) नामक मकड़ी के भ्रूण इकट्ठे किए। इन भ्रूणों के जीनोम के अनुक्रमण से उन्हें 12 ऐसे जीन्स मिले जो कमर के दोनों ओर की कोशिकाओं में विकास के दौरान अभिव्यक्त होते हैं। आम घरेलू मकड़ी (**Parasteatoda tepidariorum**) के भ्रूणों में इन 12 जीन्स को एक-एक करके निष्क्रिय करने पर पता चला कि इनमें से एक (जिसे नाम दिया गया है **waist&less**) कमर के उस विशिष्ट पिचके हुए हिस्से के लिए ज़िम्मेदार होता है जो मकड़ी के शरीर को दो भागों में बांटता है। जिन भ्रूणों में यह जीन नहीं होता वे एकदम गोल-मटोल आठ टांग वाली मकड़ी में विकसित हो जाते हैं। शोधकर्ताओं का मत है कि **waista&less** जीन लाखों साल पहले अस्तित्व में आया था और कई प्रजातियों के भ्रूणीय विकास में अहम भूमिका निभाता है। लेकिन कीटों व केंकड़ानुमा जंतुओं ने इसे गंवा दिया। मकड़ियों में यह बना रहा और उन्हें उनकी पतली कमर देता रहा।




स्रोत फीसर्च




# बांग्लादेश ने कोलकाता के पास चीन को सौंपा पोर्ट, भारत चिंतित

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार डॉ. मोहम्मद यूनुस का भारत विरोधी रवैया जारी है। BIMSTEC समिट में पीएम मोदी से मुलाकात के बाद भी यूनुस सरकार ने चीन और पाकिस्तान को रणनीतिक जगहों पर अहम प्रोजेक्ट सौंप दिए हैं। इनमें एक पोर्ट और एक एयरबेस शामिल है। बांग्लादेश ने भारत के कोलकाता से सिर्फ 200 किमी दूर मोंगला पोर्ट के विस्तार की जिम्मेदारी चीन को दी है। यूनुस की हालिया बीजिंग यात्रा के दौरान इस डील पर मुहर लगी थी। चीन ने इस पोर्ट के डेवलपमेंट के लिए 400 मिलियन डॉलर (करीब 3,300 करोड़ रुपये) देने का वादा किया है। वहीं, बांग्लादेशी सरकार लालमोनिरहाट जिले में एक सैन्य एयरबेस बना रही है, जो भारत के चिकन नेक यानी सिलीगुड़ी कॉरिडोर से सिर्फ 120 किमी दूर है। इस एयरबेस के लिए बांग्लादेशी पायलटों को पाकिस्तान भेजा जा रहा है ताकि वे पाकिस्तानी JF-17 फाइटर जेट्स उड़ाना सीख सकें। 27 मार्च को पांच अधिकारियों को ट्रेनिंग के लिए भेजा भी गया। चीन पहले ही बांग्लादेश को पनडुब्बी दे चुका है और अब वह बंगाल की खाड़ी में अपनी मौजूदगी और मजबूत कर रहा है। वहीं, पाकिस्तान के साथ मिलकर बांग्लादेश की ए सैन्य गतिविधियां भारत की चिंता बढ़ा रही हैं। बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार गिरने से पहले ही विपक्षी गठबंधन ने इंडिया आउट कैंपेन शुरू कर दिया था। अब यूनुस की पार्टी NCP खुलेआम भारत विरोधी बातें कर रही है। पार्टी के स्थापना दिवस पर पाकिस्तान के हाई कमिश्नर को बुलाना भी इसी एजेंडे का हिस्सा माना जा रहा है। यूनुस ने चीन यात्रा के दौरान भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को लैंड लॉक्ड (चारों ओर से जमीन से घिरे) कहा और कहा कि बांग्लादेश उनके लिए समुद्र तक पहुंच का इकलौता रास्ता है। इस बयान पर पूर्वोत्तर भारत के



नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी और कुछ ने यहां तक कहा कि बांग्लादेश को तोड़ देना चाहिए। चिटगांव यूनिवर्सिटी में अंतर्राष्ट्रीय मामलों के प्रोफेसर डॉ. फारिदुल आलम ने कहा कि आज के दौर में किसी बड़े पड़ोसी देश से दुश्मनी रखकर फायदा नहीं हो सकता। सरकार को चाहिए कि वह भारत के साथ शांति बनाए रखे, वरना इसका नुकसान उसे ही होगा।

## अंटार्कटिका में चीन ने नए रेडियो टेलीस्कोप का किया अनावरण



**बीजिंग।** चीन ने वायुमंडलीय क्षेत्र में अपनी ताकत को और मजबूत करने के लिए अहम कदम उठाया है। इसके तहत चीन ने अंटार्कटिका में एक नई दूरबीन का अनावरण किया है, जिससे इस बर्फीले और संसाधन से भरे पूरे महाद्वीप पर उसकी उपस्थिति और भी मजबूत हो गई है। बता दें कि इस दूरबीन का नाम थ्री गार्जेस अंटार्कटिक आई है, और यह 3.2 मीटर एपर्चर वाली रेडियो/मिलीमीटर-वेव दूरबीन है। इसे चीन के थ्री गार्जेस यूनिवर्सिटी (सीटीजीयू) और शंघाई नार्मल यूनिवर्सिटी (एसएचएनयू) द्वारा सह-विकसित किया गया है। इस विषय में जारी विज्ञाप्ति में बताया गया है कि चीन का यह कदम अंटार्कटिक में अपनी क्षमताओं को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह दूरबीन अंटार्कटिका की प्राचीन और शुद्ध वायुमंडलीय स्थितियों का लाभ उठाकर इन्फ्रारेड और मिलीमीटर-कंपन की समीक्षा में मदद करेगी, जिससे ब्रह्मांडीय घटनाओं का अध्ययन करने में सहायता मिलेगी।

चीन अंटार्कटिका में अपने वैज्ञानिक अनुसंधान को लगातार बढ़ा रहा है। तीन साल पहले 2022 में उसने अपना पांचवां विशाल अनुसंधान स्टेशन शुरू किया था। इस स्टेशन में 5,244 वर्ग मीटर का फर्श क्षेत्र है और यह गर्मियों के दौरान 80 अभियान दल के सदस्यों और सर्दियों में 30 सदस्यों को सहायक सेवाएं प्रदान करने के लिए सुविधाओं से लैस है। गौरतलब है कि वर्तमान में अंटार्कटिका में 70 स्थाई अनुसंधान स्टेशन हैं, जो पृथ्वी के विभिन्न महाद्वीपों के 29 देशों द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। भारत के पास अंटार्कटिका में दो सक्रिय अनुसंधान स्टेशन हैं, मैत्री और भारती। वहीं, अमेरिका के पास छह और आस्ट्रेलिया के पास तीन अनुसंधान स्टेशन हैं। हालांकि ध्यान देने योग्य बात ए है कि चीन ने 1983 में अंटार्कटिक संधि पर हस्ताक्षर किए थे, जो अंटार्कटिका को एक प्राकृतिक रिजर्व के रूप में नामित करती है और यहां वाणिज्यिक संसाधन निष्कर्षण को प्रतिबंधित करती है।

# हज से पहले भारत समेत 14 देशों पर लगी बड़ी पाबंदी



**भारत और पाकिस्तान समेत 14 देशों का वीजा रोका, नए नियम तोड़ने पर पांच साल का एंट्री बैन, जिनके पास उमरा का वीजा है वे 13 अप्रैल तक पहुंच सकते हैं**

**रियाद।** सऊदी अरब ने बिना रजिस्ट्रेशन हज में शामिल होने वालों को रोकने के लिए भारत और पाकिस्तान समेत 14 देशों के वीजा पर रोक लगा दी है। यह रोक अस्थाई है। उमरा, बिजनेस और फैमिली विजिट के लिए मिलने वाले वीजा पर जून महीने के मध्य तक बैन रह सकता है। सऊदी अधिकारियों ने कहा कि जिन लोगों के पास उमरा का वीजा है वे 13 अप्रैल तक सऊदी अरब पहुंच सकते हैं। इस साल हज यात्रा 4 जून से 9 जून तक रहेगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यात्रियों से नए नियमों का पालन करने को कहा गया है। अगर कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करता है, तो अगले पांच साल तक सऊदी अरब में उसकी एंट्री पर रोक लगाई जा सकती है। रिपोर्ट्स में कहा गया कि कई विदेशी नागरिक उमरा या विजिट वीजा पर सऊदी अरब आते हैं। वीजा खत्म होने के बाद भी वे गैर-कानूनी तौर पर सऊदी में रुके रहते हैं। इसके बाद वे बिना रजिस्ट्रेशन हज यात्रा में हिस्सा लेते हैं। इसी को रोकने के लिए सऊदी सरकार ने यह फैसला लिया है। बिना रजिस्ट्रेशन हज यात्रा करने से अधिक. ारियों को श्रद्धालुओं का अंदाजा नहीं लगता है। भीड़ अचानक बढ़ जाती है और गर्मी भी। भीड़ का नियंत्रण करने में भी अधिकारियों को दिक्कत आती है। गैर-कानूनी तौर पर काम कर रहेरू अधिकारियों ने बताया कि अवैध कामकाज भी एक बड़ा कारण है। कुछ विदेशी नागरिक व्यापार या पारिवारिक वीजा का इस्तेमाल कर सऊदी अरब में गैर-कानूनी रूप से काम कर रहे थे, जिससे वीजा नियमों का उल्लंघन हो रहा था और मजदूरी बाजार में असंतुलन पैदा हो रहा था। 2024 में हज यात्रा 14 जून से 29 जून के दौरान रखी गई थी। हज यात्रा में बहुत ज्यादा तीर्थयात्रियों के आने से गर्मी का प्रभाव बढ़ गया था। इसके चलते कम से कम 1,200 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी। इनमें 98 भारतीय भी शामिल थे। सऊदी अरब में हज के लिए एक कोटा प्रणाली लागू है, जिसके तहत हर देश के तय संख्या में हज यात्रियों को यात्रा करने की अनुमति दी जाती है। इंडोनेशिया का कोटा सबसे ज्यादा है। इसके बाद पाकिस्तान, भारत, बांग्लादेश, नाइजीरिया का नंबर है। ईरान, तुर्किए, मिस्र, इथियोपिया समेत कई देशों के श्रद्धालु आते हैं। 2025 में किए गए हज एग्रीमेंट पर भारत और सऊदी ने दस्तखत किए। इसमें हज के लिए 1,75,025 श्रद्धालुओं का कोटा फाइनल हुआ। इसमें 70 प्रतिशत हिस्सा केन्द्रीय हज कमेटी को और 30 प्रतिशत प्राइवेट टूर एजेंट्स को दिया गया है। भारत में 2025 के हज के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 13 अगस्त 2024 से 9 सितम्बर 2024 तक किया गया। पिछले साल हज यात्रा में शामिल होने 1,75,000 भारतीय मक्का पहुंचे थे। 98 श्रद्धालु भीड़ और गर्मी की वजह से मारे गए थे।


सऊदी अधिकारियों ने कहा है कि 13 अप्रैल 2025 उमरा वीजा जारी करने की अंतिम तारीख होगी। इस तारीख के बाद, इन 14 देशों के नागरिकों को हज यात्रा पूरी होने तक नए वीजा नहीं दिए जाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सऊदी के प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने अधिकारियों को वीजा प्रक्रिया को और कड़ा करने के निर्देश दिए हैं। सऊदी हज और उमरा मंत्रालय ने साफ किया है कि यह कदम किसी भी राजनयिक विवाद से जुड़ा नहीं है, बल्कि यह हज यात्रा को सुरक्षित और बेहतर ढंग से आयोजित करने के लिए लिया गया फैसला है। हर साल हजारों यात्री ऐसे होते हैं, जिनके पास हज के लिए वीजा नहीं होता है। पैसों की कमी की वजह से इस तरह के यात्री गलत तरीकों से मक्का पहुंचते हैं। पिछले साल भी हज से पहले बिना रजिस्ट्रेशन वाले हजारों हज यात्रियों को मक्का से हटाया था। सऊदी अरब के अधिकारियों के मुताबिक, मक्का पर जलवायु परिवर्तन का गहरा असर हो रहा है। यहां हर 10 साल में औसत तापमान 0.4 डिग्री सेल्सियस बढ़ रहा है। 2023 में हज पर गए 240 हज यात्रियों की मौत हुई थी। इनमें से ज्यादातर इंडोनेशिया के थे।

## मुर्मू दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर लिस्बन पहुंची

**लिस्बन।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर रविवार रात पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन पहुंची, जहां वह पुर्तगाली नेतृत्व के साथ वार्ता करेंगी। किसी भी भारतीय राष्ट्रपति की पुर्तगाल यात्रा 27 वर्षों के अंतराल के बाद हो रही है तथा ऐसे समय हो रही है जब भारत और पुर्तगाल अपने राजनयिक संबंधों की पुन: स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। भारत की ओर से पुर्तगाल की अंतिम राजकीय यात्रा 1998 में राष्ट्रपति के. आर. नारायणन ने की थी। श्रीमती मुर्मू की पुर्तगाल यात्रा राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सूसा के निमंत्रण पर हो रही है। श्रीमती मुर्मू अपने समकक्ष राष्ट्रपति डी सूसा से मुलाक. ात करेंगी और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगी। वह प्रधानमंत्री लुइस मोंटेनेग्रो और नेशनल असेंबली (संसद) के अध्यक्ष जोस पेड्रो अगुइर-ब्रैंको से भी मुलाकात करेंगी। भारत और पुर्तगाल के बीच ऐतिहा. सिक और मैत्रीपूर्ण द्विपक्षीय संबंध हैं।

# गाजा पर इजरायली बर्बरता जारी, 44 की मौत

**यरूशलम/गाजा।** हमास के रॉकेट हमलों के जवाब में किए गए इजरायली हवाई हमलों में गाजा पट्टी में 44 फलस्तीनियों की मौत हो गई। गाजा की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने सोमवार को यह जानकारी दी। फलस्तीनी अधिकारियों ने बताया कि कब्जे वाले पश्चिमी तट पर संघर्ष के दौरान इजरायली सेना ने एक 14 वर्षीय फलस्तीनी मूल के अमेरिकी किशोर को गोली मार दी। हिसा तब और बढ़ गई, जब हमास की सशस्त्र शाखा, अल-कस्साम ब्रिगेड ने रविवार को दक्षिणी इजरायल में रॉकेट दागे, जिसे समूह ने फलस्तीनी नागरिकों के खिलाफ इजरायली नरसंहार का प्रतिशोध बताया। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रॉकेट हमले की निंदा करते हुए इसे अस्वीकार्य बताया और पूरी ताकत से जवाब देने की कसम खाई। इजरायली सेना ने कहा कि उसने अधिकतर रॉकेट रोके, लेकिन अश्कलोन में एक रॉकेट से तीन लोग घायल हो गए। जवाब में, इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने डेर अल-बलाह सहित मध्य गाजा में संदिग्ध रॉकेट लॉन्च स्थलों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हमलों के दौरान रात भर लगातार विस्फोट होते रहे। इजरायल ने 18 मार्च को गाजा में बड़े पैमाने पर हवाई और जमीनी अभियान फिर से शुरू किया। गाजा के स्वास्थ्य अधिक. ारियों ने रविवार को पहले कहा कि इन नए हमलों में करीब 1,335 फलस्तीनी मारे गए हैं और 3,297 अन्य घायल हुए हैं।




| Designation | MCA Programme No. of Post | MBA Programme No. of Post |
|---|---|---|
| Professor | 01 | 01 |
| Associate Professor | 01 | 01 |
| Assistant Professor | 04 | 02 |



